You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-121 ❒ सोमवार, 01 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संगठनात्मक सुधार पर मुख्य फोकस होगा। आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा केंद्रीय स्तंभ है। हम अपने सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी हथियारों का विकास करके उन्हें सेवा में तेजी से शामिल करेंगे। सीडीएस


एडमिरल स्वामीनाथन ने नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला 11

साकेत के सैदुल्लाजाब में चार मंजिला इमारत ढही 12


# राजीव कृष्ण बने स्थायी डीजीपी

## यूपी में 4 साल बाद इस पद पर परमानेंट नियुक्ति, योगी सरकार ने दी मंजूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को आखिरकार चार साल बाद नया डीजीपी मिल गया है। आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी के रूप में तैनात राजीव कृष्ण को प्रदेश का नया पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। सीएम योगी की मंजूरी के बाद अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर गहन मंथन के बाद यह निर्णय लिया गया। 26 मई को नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की बैठक में यूपी पुलिस के डीजीपी के दावेदारों के नामों पर विचार-विमर्श किया गया था। बैठक में यूपी के चीफ सेक्रेटरी एसपी गोयल और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी मौजूद रहे थे।

यूपी के स्थायी डीजीपी के लिए कई नाम चर्चा में थे। वरिष्ठता सूची में शामिल अधिकारियों के नामों पर विचार-विमर्श के बाद तीन नाम तय किए गए थे। इनमें वरिष्ठता क्रम में सबसे आगे 1990 बैच की आईपीएस अधिकारी रेणुका मिश्रा, 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण के नाम शामिल थे। स्थायी डीजीपी के प्रस्ताव में वरिष्ठता क्रम के आधार पर उन अधिकारियों के नाम भेजे गए थे जिन्होंने 30 साल की सेवा पूरी कर ली है और जिसका कार्यकाल छह महीने से अधिक शेष है। वरिष्ठता सूची में दूसरा नाम 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी आलोक शर्मा का था। वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर डीजी एसपीजी के



पद पर तैनात आलोक शर्मा कार्यकाल अगले महीने पूरा हो रहा है। ऐसे में कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण के ही पूर्णकालिक डीजीपी बनने की उम्मीद सबसे अधिक मानी जा रही थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया था निर्देश :** बता दें कि बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को पूर्णकालिक डीजीपी की तैनाती के लिए प्रस्ताव केंद्र को भेजने का निर्देश दिया था। यूपी में मुकुल गोयल की अंतिम पूर्णकालिक डीजीपी के रूप में तैनाती हुई थी। 11 मई 2022 को मुकुल गोयल को डीजीपी के पद से हटा दिया गया था। इसके बाद डा. डीएस चौहान, आरके विश्वकर्मा, विजय कुमार और प्रशांत कुमार कार्यवाहक डीजीपी के रूप में तैनात रहे। वर्तमान में 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण लगातार पांचवें कार्यवाहक डीजीपी के रूप में तैनात हैं जिन्हें अब इस पद पर स्थायी नियुक्ति मिल गई है।

**आईपीएस राजीव कृष्ण का करियर :** मूल रूप से यूपी के गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) के रहने वाले राजीव कृष्ण का जन्म 26 जून 1969 को हुआ था। राजीव कृष्ण ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की है। वह 1991 बैच के आईपीएस हैं। 15 सितंबर 1991 को उन्होंने सर्विस ज्वाइन की थी। एक जनवरी 2016 को उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक का पदभार मिला ● शेष पेज 11 पर

### भरोसेमंद अफसरों में रही है गिनती

अपने तीन दशक से अधिक लंबे करियर में राजीव कृष्ण ने कई अलग-अलग भूमिकाओं में काम किया है। उनकी छवि एक कर्मठ अधिकारी की रही है। प्रदेश का कार्यवाहक डीजीपी बनने से पहले वे डीजी इंटेलिजेंस और पुलिस भर्ती बोर्ड के चेयरमैन जैसे दो पदों की जिम्मेदारियां एक साथ संभाल रहे थे। राजीव कृष्ण की गिनती शासन के करीबी और भरोसेमंद अफसरों में होती है।

## संक्षेप

### अर्चना अग्रवाल राजस्व परिषद की अध्यक्ष बनीं

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अर्चना अग्रवाल को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया है। उनके पास अपर मुख्य सचिव परिवहन विभाग और अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। राजस्व परिषद के अध्यक्ष पद पर रहे अनिल कुमार के रविवार को सेवानिवृत्त होने के बाद यह तैनाती हुई है। अनिल कुमार को 2 सितंबर 2024 को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया था। अर्चना अग्रवाल वर्ष 1990 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वह इसी साल सितंबर में सेवानिवृत्त हो रही हैं। राजस्व परिषद अध्यक्ष के पद पर उनका चार माह का छोटा कार्यकाल होगा। अर्चना अग्रवाल की यूपी के तेज तर्रार आईएएस अफसरों में गिनती होती है।

### न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर न्यायपालिका से कोई टकराव नहीं: मेघवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच किसी भी प्रकार के टकराव से इनकार करते हुए कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में अच्छी परामर्श व्यवस्था का पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए विभिन्न देशों में अपनाई जाने वाली प्रणालियों का अध्ययन कर रही है, हालांकि इसके लिए कोई औपचारिक तंत्र स्थापित नहीं किया गया है। एक साक्षात्कार में मेघवाल ने कहा कि उच्च न्यायपालिका में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार और कोलेजियम के बीच नियमित संवाद और परामर्श की प्रक्रिया चलती रहती है।

# गाजियाबाद में छात्र की हत्या के आरोपी असद का एनकाउंटर

एजेंसी

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में खोड़ा कॉलोनी इलाके में बकरीद के दिन एक छात्र की हत्या के मामले में फरार मुख्य आरोपित को पुलिस ने रविवार सुबह एक मुठभेड़ में मार गिराया। हत्या के मामले में इस आरोपित पर गाजियाबाद पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इस मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस कॉन्स्टेबल भी गोली लगने से घायल हुआ है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल ने आज बताया कि 28 मई को असद और और उसके साथियों ने 11वीं कक्षा के छात्र सूर्या चौहान (17 वर्ष) की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने खोड़ा थाने में हत्या सहित संबंधित धाराओं में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में शनिवार को तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था,




जबकि मुख्य आरोपित असद फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस को आज सुबह सूचना मिली कि असद खोड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में अपने कुछ दोस्तों से मिलने जा रहा है और उनसे कुछ पैसे लेकर भागने की योजना बना रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जगह-जगह बैरियर लगाकर पूरे इलाके में सघन तलाश शुरू कर दी। इसी बीच असद और उसका एक दोस्त बाइक पर आते हुए दिखाई दिए। पुलिसकर्मियों ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने रुकने के बजाय पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी। उसकी गोली एक कंास्टेबल को लगी। इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। पुलिस की एक गोली असद को लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने असद को पकड़ कर अस्पताल ले गई और वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

डीसीपी ने बताया कि इस गोलीबारी में एक पुलिस कॉन्स्टेबल भी घायल हुआ और उसे भी अस्पताल ले जाया गया है। असद की बाइक और जिस पिस्तौल से उसने गोली चलाई थी, वह भी बरामद कर ली गई है। पुलिस पूरी घटना की गहन जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। असद के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद सूर्या की मां सरोज ने कहा कि मैं असद की फोटो देखना ● शेष पेज 11 पर


# आरसीबी लगातार दूसरी बार बनी आईपीएल चैंपियन

❒ गुजरात को हराकर रचा इतिहास; कोहली और रसिख रहे जीत के नायक

एजेंसी

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस को हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही बेंगलुरु लगातार दूसरी बार आईपीएल चैंपियन बनने वाली टीमों की सूची में शामिल हो गई। इससे पहले मुंबई और चेन्नई भी लगातार दो बार यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में बेंगलुरु के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 20 ओवर में 155 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज रसिख सलाम डार ने सबसे प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके और गुजरात की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। 156 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु की शुरुआत आक्रामक रही। वेंकटेश अय्यर ने 16 गेंदों में 32 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। हालांकि उनके आउट होने के बाद देवदत्त



पडिक्कल केवल एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान रजत पाटीदार 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि क्रुणाल पंड्या भी अधिक देर तक नहीं टिक सके। एक समय ऐसा लगा कि मुकाबला रोमांचक मोड़ ले सकता है, लेकिन विराट कोहली ने एक छोर संभाले रखा। कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए केवल 25 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो उनके आईपीएल करियर के सबसे तेज अर्धशतकों में से एक रहा।

### बाल यौन तस्करी मामलों में पॉक्सो के तहत चलेगा मुकदमा : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यौन शोषण के लिए बच्चों की तस्करी के मामलों में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत आरोप लगाए जा सकते हैं।

साथ ही भारतीय न्याय संहिता और अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम के प्रावधान भी लागू होंगे। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने शुक्रवार को यौन पीड़ितों के पुनर्वास से जुड़े कानूनी ढांचे को स्पष्ट करते हुए कई निर्देश जारी किए। पीठ ने कहा कि यदि किसी वयस्क पीड़ित के शोषण के लिए धमकी, बल ● शेष पेज 11 पर

# लोगों के प्रेरणादायी कार्यों की शक्ति से निरंतर आगे बढ़ रहा है देश : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में खेल क्षेत्र में युवाओं के शानदार प्रदर्शन, प्राचीन सांस्कृतिक संपदा की वापसी, ग्रीष्मकालीन आम की विविधता, पारंपरिक देसी पेय पदार्थों, युवाओं में खगोल विज्ञान के प्रति बढ़ते उत्साह, सैनिक कल्याण में नागरिकों के योगदान, नदियों की सफाई और वन्यजीव संरक्षण जैसे अनेक प्रेरक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने इन मुद्दों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक प्रयासों की भावना को भी सराहा।

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड की शुरुआत खेल उपलब्धियों से की। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड की



राजधानी रांची में हाल ही में आयोजित नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फ़ेडरेशन प्रतियोगिता का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता में देशभर से करीब 800 एथलीटों ने भाग लिया और चार अलग-अलग स्पर्धाओं में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किए। प्रधानमंत्री ने गुरिंदरवीर सिंह, विशाल टीके, तेजस्विन शंकर, देव मीणा और कुलदीप कुमार जैसे खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की विशेष सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 100 मीटर दौड़ की स्पर्धा में महज दो दिनों के भीतर पुरुष वर्ग में यह राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन बार टूटा, जो एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर ने यह रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस प्रदर्शन की चर्चा हो रही है और ऐसी सफलताएं न केवल खिलाड़ियों को बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी खेल के प्रति प्रेरित कर रही हैं। उनकी मेहनत और समर्पण भारत के खेल भविष्य को उज्ज्वल बना रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने दोनों एथलीटों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में अपनी हालिया यूरोपीय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि नीदरलैंड्स में एक विशेष समारोह में चोल काल की प्राचीन ताम्र पट्टिकाएं भारत को ● शेष पेज 11 पर




युवाओं को जागरूक बनाने पर जोर, 1352 प्रतियोगिताओं में शामिल हुए हजारों छात्र–छात्राएं

# नशामुक्त प्रदेश की दिशा में योगी सरकार का बड़ा अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे प्रयासों को लगातार गति मिल रही है। योगी सरकार ने नशे के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए जागरूकता को सबसे प्रभावी हथियार बनाते हुए व्यापक अभियान संचालित किया है। मद्यनिषेध विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश भर में युवाओं, छात्रों और आम नागरिकों के बीच नशा विरोधी कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया, जिससे लाखों लोगों तक सकारात्मक संदेश पहुंचा। योगी सरकार की प्राथमिकता केवल नशे की रोकथाम तक सीमित नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराकर उन्हें स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भी लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में निबंध, भाषण, पोस्टर, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मद्यनिषेध विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1352 प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5404 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्योंकि युवाओं को सही दिशा में प्रेरित कर नशे के खिलाफ मजबूत सामाजिक वातावरण तैयार किया जा सकता है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाए गए, जहां खेलकूद प्रतियोगिताओं और जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इन कार्यक्रमों को स्थानीय स्तर पर भी सराहना मिली।

योगी सरकार के निर्देश पर मद्यनिषेध विभाग ने राज्य स्तर से लेकर जनपद स्तर तक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। वर्ष भर में 40 राज्य स्तरीय और 1727 जनपद स्तरीय संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। इनमें शिक्षकों, कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, धर्माचार्यों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इसके साथ ही प्रदेशभर में 356 प्रदर्शनियों की स्थापना कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और उसके सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। मेलों, त्योहारों, धार्मिक आयोजनों और राष्ट्रीय पर्वों पर विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचाया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जागरूकता को मिली नई ताकत यूपी के जनसामान्य तक सरल और प्रभावी तरीके से संदेश पहुंचाने के लिए विभाग ने 829 सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए। नुक्कड़ नाटक, कठपुतली शो, जादू, गीत, कव्वाली और अन्य सांस्कृतिक माध्यमों के जरिए लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर मद्यनिषेध विभाग ने निकाली जन जागरूकता रैली

**लखनऊ।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को मद्य निषेध विभाग द्वारा तम्बाकू एवं गुटखा जनित नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली बीमारियों एवं दुष्परिणामों के प्रति जन जागरुकता हेतु एक रैली निकाली गयी। यह जागरूकता रैली रविवार की सुबह मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी, 27 अशोक मार्ग, लखनऊ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से जीपीओ पार्क स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा तक आयोजित की गई। इस रैली का उद्देश्य लोगों में सभ्य और स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और तम्बाकू व गुटखा के हानिकारक प्रभावों और इससे होने वाली बीमारियों के खतरे के बारे मे संदेश देना था। इस तम्बाकू निषेध रैली में राज्य मद्यनिषेध विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक स्वैच्छिक संस्थाओं के कार्यकर्ता सहित लगभग 300 लोग उपस्थित रहे।

# महंत दिनेंद्र दास के सानिध्य में निकली रामकोट परिक्रमा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अयोध्या। पावन नगरी अयोध्या में महंत दिनेंद्र दास (ट्रस्टी, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र एवं महंत, निर्मोही अखाड़ा) के सानिध्य में भव्य रामकोट परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक यात्रा में समाजसेवी राम प्रभात सिंह, विक्रांत सिंह, डॉ. दिनेश सिंह, राकेश सिंह, विनय पाण्डेय सहित अनेक श्रद्धालुओं एवं रामभक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। राम नाम के जयघोष और भक्तिमय वातावरण के बीच निकली इस परिक्रमा यात्रा में श्रद्धालुओं ने अयोध्या की पावन धरा पर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था एवं श्रद्धा व्यक्त की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने रामकोट क्षेत्र की परिक्रमा कर धर्म एवं संस्कृति के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया। परिक्रमा यात्रा सम्पन्न होने के उपरांत सभी भक्तों ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीरामलला के दिव्य दर्शन किए तथा देश और समाज की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर महंत दिनेंद्र दास जी ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देते हुए धर्म, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने इसे एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताते हुए कहा कि अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन और रामकोट परिक्रमा का सौभाग्य जीवन को धन्य कर देता है।

### गोशाला के गौ वंशों को मिलता है भूसा, हरा चारा, और पशु आहार, फिर भी गोवंश हैं दुर्बल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गौशाला में रहने वाले गौ वंशों के खाने के लिए भूसा, हरा चारा और पोषाहार की पूरी व्यवस्था है। किसी पशु, को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। यह बात विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत बसरहिया की गौशाला में रहने वाले गौ वंशो की देख भाल करने वाले राम नाथ द्वारा कही गई। राम नाथ के अनुसार उस गौ शाला के अंदर छोटे बड़े कुल 65 गौ वंश रहते हैं। सभी की देखभाल वही करता है। गौ शाला की देख भाल करने वाले के अनुसार वहां पर्याप्त मात्रा में भूसा मौजूद है। हरा चारा भी है। बाजार से पशु आहार भी मंगाया जाता है। डॉक्टर पुष्पेंद्र यादव प्रतिदिन वहां पहुंच कर स्वास्थ्य परीक्षण करते है। गौशाला रखवाले की ओर 27 मई 2026 जो रजिस्टर दिखाया गया उसमें 25 मई 2026 तक ही डॉक्टर के हस्ताक्षर पाए गए। रजिस्टर की को देखते हुए कोई भी कह सकता है कि डॉक्टर प्रतिदिन अस्पताल नहीं जाते हैं। वे जब भी वहां (गौशाला) पहुंचते होगे उसी दिन एक साथ थोक में हस्ताक्षर बना देते होगे। इस गौ शाला में आधे पशुओं के कानों में टैग नहीं लगे है। गौ वंशों के कान में टैग नहीं होने के सवाल पर पशु चिकित्सक ने मोबाइल फोन पर गिर जाने की बात कही तो दुर्बल होने की वजह अधिक गर्मी होना बताया गया। यही बात महिला ग्राम प्रधान सरोज के पति शंकर दीन द्वारा भी कही गई।

### मलिहाबाद में धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप,तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

**मलिहाबाद/लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोशल मीडिया पर कथित रूप से कब्रों का अनादर करने और धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित लोगों ने मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मुस्लिम संगठन (टीएनआरएटी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज़ीशान मिर्ज़ा ने थाना मलिहाबाद में दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो/रील प्रसारित की गई, जिसमें कुछ लोग मुस्लिम कब्रों पर चढ़कर और उन्हें पैरों से रौंदते हुए दिखाई दे रहे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस पोस्ट से मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं और क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न होने की आशंका है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उक्त वीडियो जानबूझकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा क्षेत्र का माहौल खराब करने की नीयत से वीडियो बनाकर पोस्ट किया गया है। संगठन ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज आंधी–बारिश में लिंटर और दीवार गिरी, छात्र की दर्दनाक मौत

**मलिहाबाद,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तेज़ आंधी और बारिश के दौरान एक पक्की दीवार के भरभराकर गिरने से उसकी चपेट में आए 10 वर्षीय छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी अरुण त्रिगुणायक के अनुसार, ग्राम गोपालपुर के मजरा ईशू खेड़ा निवासी अनमोल (10) पुत्र सुरेश कक्षा तीन का छात्र था। रविवार को अचानक मौसम का मिजाज़ बदला और तेज आंधी और बारिश शुरू हो गयी। बारिश रुकने के बाद अनमोल घर के पास एक पक्की दीवार के पास खड़ा था। इसी बीच दीवार अचानक ढह गई और अनमोल मलबे के नीचे दब गया। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल उसे मलबे से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पिता सुरेश, माता रामेश्वरी, भाई रवि तथा चार बहनें शैलेंद्री, शिवानी, वंदना और अंशिका हैं। बेटे की मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### अहिल्याबाई होलकर का जीवन  नारी शक्ति, जनसेवा का प्रेरणा स्त्रोत: मायावती

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अहिल्याबाई होलकर की जयन्ती पर शत–शत नमन एवं अपार श्रद्धा–सुमन अर्पित किये। बसपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश में न्यायप्रिय, धर्मनिर्पेक्ष एवं लोक कल्याणकारी महान शासक के रूप में प्रसिद्ध अहिल्याबाई होलकर की जयन्ती पर शत–शत नमन एवं अपार श्रद्धा–सुमन अर्पित। भारतीय इतिहास की महान शासक अहिल्याबाई होलकर ने अपने आदर्शों, सेवा–भाव और जनहितकारी कार्यों से समाज को नई दिशा प्रदान की। उनका जीवन नारी शक्ति, सुशासन, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा का प्रेरणा स्त्रोत है। आज उनकी जयन्ती के पावन अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनके अनुयायियों को शुभकामनाएं।

### उप्र में कई जेल अधीक्षक बदले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार की देर रात को उन्नाव समेत कई जिलों के जेल अधीक्षकों का स्थानांतरण हुआ है। राज्य सरकार के निर्देश पर अनु सचिव ममता श्रीवास्तव ने यह आदेश जारी किया है। शासन ने कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए शनिवार को उन्नाव जिला कारागार के अधीक्षक पंकज कुमार सिंह को अलीगढ़ कारागार भेजा। कासगंज जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह को बिजनौर कारागार, मुरादाबाद जिला जेल अधीक्षक आलोक सिंह को सहारनपुर जेल और अलीगढ़ जेल के वरिष्ठ अधीक्षक बृजेन्द्र कुमार सिंह को मुरादाबाद जेल की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इसी तरह सत्य प्रकाश को जिला जेल से आजमगढ़ जेल, उरई जेल अधीक्षक नीरज देव को उन्नाव जेल का कार्यभार सौंपा है। बागपत के अधीक्षक प्रशांत मौर्य का उरई व नैनी केंद्रीय कारागार के पवन कुमार त्रिवेदी का जौनपुर स्थानांतरण किया गया है।

### हुगली में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमले के आरोप, अखिलेश यादव ने की निंदा

लखनऊ। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में चंडीतला पुलिस स्टेशन के सामने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इस दौरान टीएमसी सांसद पर हमले का आरोप लगा है।

जानकारी के अनुसार कल्याण बनर्जी अभिषेक बनर्जी पर हुए कथित हमले और गिरफ्तार टीएमसी नेताओं व कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर चंडीतला थाना ज्ञापन देने पहुंचे थे। ज्ञापन सौंपने से पहले ही टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नारेबाजी शुरू हो गई। टीएमसी सांसद ने आरोप लगाया कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया और उनके सिर पर पत्थर या गेंद जैसी वस्तु मारकर चोट पहुंचाई। वहीं भाजपा का कहना है कि कल्याण बनर्जी घायल नहीं हुए हैं और वह सिर्फ ड्रामा कर रहे हैं। इस घटना पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा याद रखे कि वो जिस हिंसक राजनीति को दूध पिलाकर पाल–पोस रही है वो आस्तीन का साँप है। श्री यादव ने कहा कि वयोवृद्ध तृणमूल सांसद श्री कल्याण बनर्जी जी पर जानलेवा हमला बेहद निंदनीय और गंभीर घटना है। लोकसभा स्पीकर संज्ञान लें! पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की। दोनों पक्षों के आरोपों की जांच की जा रही है।

# दयालु ने मन की बात कार्यक्रम का 134वां संस्करण सुना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। अपने कार्यालय पर प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर दयालु ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे प्रेरणादायी व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हुए देशवासियों को सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद के आकाश गुप्ता द्वारा मनोरमा नदी के संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया। सीमित संसाधनों के बावजूद पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समाज को साथ लेकर चलने की भावना को प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय बताया गया। डॉ. दयालु ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा ऐसे प्रयासों को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि व्यक्तिगत स्तर पर किए गए छोटे-छोटे सकारात्मक कार्य भी व्यापक सामाजिक परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्री आकाश गुप्ता का अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक को अपनी प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम निरंतर देशवासियों को सकारात्मक सोच, सामाजिक उत्तरदायित्व, नवाचार, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बना हुआ है। यह कार्यक्रम समाज के उन अनसुने नायकों को पहचान दिलाने का कार्य करता है, जो निस्वार्थ भाव से समाज और देश के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम सुनने के उपरांत उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया, ताकि विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को और अधिक गति मिल सके।

# एनसीसी कैडेटों ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रयागराज में एक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। 15 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा चंद्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और आम जनता को तंबाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना था। यह अभियान भारत सरकार के ''नशा मुक्त भारत अभियान'' का हिस्सा था।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। कैडेटों ने विभिन्न नारों, प्रेरक पत्रिकाओं और संदेशों के माध्यम से नागरिकों को तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छ समाज और नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया गया।। इस अभियान का नेतृत्व 15 यूपी बटालियन के सीनियर अंडर ऑफिसर शुभम यादव ने किया। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक असर डालता है। शुभम यादव ने युवाओं से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

# सेवानिवृत्त उप निरीक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। कैम्प कार्यालय, कमिश्नरेट वाराणसी में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने उप निरीक्षक कैलाश राम एवं उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार ओझा को उनके दीर्घ, उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाकाल के लिए सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। पुलिस आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण का परिचय देते हुए विभाग की गरिमा को सदैव ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि इनका योगदान पुलिस विभाग के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर उप निरीक्षक कैलाश राम एवं उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार ओझा को स्मृति चिन्ह एवं फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों अधिकारियों के साथ अपने कार्यानुभव साझा करते हुए उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की तथा उनके सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती मनाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



(कोरांव), प्रयागराज। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर कोरांव विधानसभा में समाजवादी नेता हरिप्रसाद धनगर के नेतृत्व में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों नौजवानों ने हाथों में झंडे और पीली रुमाल लेकर सड़कों पर जुलूस निकाला। 'अहिल्याबाई अमर रहे' के नारों के साथ यह पैदल यात्रा कोरांव नगर पंचायत से शुरू होकर बाभनपट्टी पहुंची। बाभनपट्टी में उपस्थित लोगों ने जुलूस में शामिल नौजवानों का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद राजमाता अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। समारोह में मौजूद वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्हें किसी ने शिव भक्त, किसी ने धर्म का प्रतीक तो किसी ने न्याय की मूर्ति बताया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव (पिछड़ा प्रकोष्ठ) हरिप्रसाद धनगर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई एक गरीब पाल समाज में जन्मी थीं। उन्होंने अपने संघर्ष और धार्मिक निष्ठा के बल पर भारतवर्ष की एक कुशल शासिका के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल में महिलाओं को सम्मान मिला और कई विश्वविद्यालयों का निर्माण कर लोगों को शिक्षा से जोड़ा गया। मंदिरों का जीर्णोद्धार और निर्माण उनके प्रमुख कार्यों में से थे। धनगर ने आगे कहा कि आज भी समाज को उनके पदचिन्हों पर चलकर बिना किसी भेदभाव के कार्य करना चाहिए, तभी देश और समाज का विकास संभव है। उन्होंने अहिल्याबाई के शासनकाल की न्याय व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह एकदम चुस्त-दुरुस्त थी और किसी के साथ कोई पक्षपात नहीं किया जाता था। उनकी धार्मिक विचारधारा होने के बावजूद, उनके कार्यकाल में किसी अन्य धर्म के साथ भेदभाव नहीं दिखा। उन्होंने अहिल्याबाई को न्याय और संघर्ष की मूर्ति बताया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजमणि पाल, लालता प्रसाद पाल, ओमप्रकाश पाल, सूब्बालाल पाल, बनवारी लाल पाल, संत पाल एडवोकेट, शिवदानी पाल, पारसमणि पाल, रमाशंकर पाल, महानरायण पाल, अमर जीत पाल, सूबेदार पाल, इन्द्रजीत पाल, उमेश पाल, शशिकांत पाल, समय लाल पाल, सत्या पाल, सारदा, अनिल, राजेश पाल और लवकुश पाल सहित हजारों की संख्या में पाल समाज के लोग मौजूद रहे।

विकसित भारत के संकल्प को गांव–गांव तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा वीबी–जीरामजी अधिनियम

# 125 दिनों की रोजगार गारंटी से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा होगी सुदृढ़ : केशव प्रसाद मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (जी राम जी) एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम है। यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार करने, आजीविका को सुदृढ़ बनाने तथा प्रत्येक ग्रामीण परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभिनव अधिनियम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्वरोजगार एवं कौशल विकास को नई गति प्राप्त होगी तथा आय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा। यह अधिनियम केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम नहीं है, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का एक प्रभावी अभियान भी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के माध्यम से ग्रामीण श्रमिक परिवारों को अब और अधिक रोजगार सुरक्षा प्रदान की जा रही है। प्रदेश में रोजगार की गारंटी को मजबूत करते हुए अधिनियम के अंतर्गत कार्य दिवसों की सीमा बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। यह निर्णय ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि, आजीविका सशक्तिकरण तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मौर्य ने कहा कि 125 दिनों के रोजगार अवसर से श्रमिक भाइयों एवं बहनों को अधिक कार्य, बेहतर आय तथा आत्मनिर्भर जीवन जीने की नई शक्ति प्राप्त होगी। सरकार ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ कर रही है तथा यह अधिनियम उसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 प्रदेश के प्रत्येक गांव के विकास में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, आय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी तथा समग्र विकास की प्रक्रिया में प्रत्येक ग्रामीण परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करते हुए आजीविका के विविध अवसरों का विस्तार करेगा तथा सतत एवं समावेशी विकास के लक्ष्य को गति देगा। विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह अधिनियम एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। मौर्य ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर गांव, सशक्त परिवार और समृद्ध भारत के निर्माण के इस अभियान में सहभागी बनें तथा ग्रामीण विकास की इस परिवर्तनकारी पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

# सिंचाई विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं : स्वतंत्र देव सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से रविवार को सिंचाई विभाग मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ल्लविकसित भारतङ्क के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग प्रदेश में कृषि विकास, जल सुरक्षा, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी 05 जून से ल्लएक पेड़ मां के नामङ्क अभियान के साथ विभागीय जनजागरूकता कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाए। इसके अंतर्गत 05 जून से 21 जून, 2026 तक प्रदेश भर में पदयात्रा, प्रदर्शनी, किसान संवाद, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सिंचाई परियोजनाओं, राजकीय नलकूपों, नहर प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, जल संरक्षण अभियानों, भूजल संवर्धन, आधुनिक सिंचाई तकनीकों तथा विभाग द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी आमजन एवं किसानों तक पहुंचाई जाएगी।

बैठक में उपस्थित राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग की विशाल परियोजनाओं, आधारभूत संरचनाओं एवं विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच प्रस्तुत किया जाए, जिससे आमजन विभाग की भूमिका एवं उपलब्धियों से अवगत हो सकें।

राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि लिफ्ट नहर योजनाओं के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सिंचाई सुविधाओं तथा नहरों के टेल तक पानी पहुँचाने जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को विशेष रूप से जन-जन तक पहुँचाया जाए, ताकि किसानों को विभाग की योजनाओं का वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके।

बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर किसान गोष्ठियों, जनसंवाद कार्यक्रमों, प्रदर्शनी एवं अन्य जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से विभाग की योजनाओं के प्रति व्यापक जागरूकता उत्पन्न की जाए।

# 21 जिलों में नये सीएमओ की तैनाती निदेशक स्तर पर भी हुए तबादले

## सिविल अस्पताल के निदेशक बने डा. जीपी गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने तात्कालिक प्रभाव से 21 जिलों में नये मुख्य चिकित्साधिकारी की तैनाती की है। रविवार को शासन की ओर से जारी तबादला सूची के अनुसार प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के संयुक्त निदेशक ग्रेड, निदेशक ग्रेड एवं विभिन्न अस्पतालों में तैनात चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति सीएमओ के पद पर की गयी है। इसके अलावा निदेशक ग्रेड के चिकित्साधिकारी के भी तबादले किये गये हैं।



शासन की ओर से जारी सूची के अनुसार डा.हरिनन्दन प्रसाद जालौन, डा.रमेश मिश्रा, सोनभद्र, डा.रंजन गौतम बाराबंकी और डा. अजय कुमार शर्मा को उन्नाव का सीएमओ बनाया गया है। इसी प्रकार डा. अभय नारायण राय को बलिया,डा. अल्का शुक्ला को हमीरपुर,डा. उदयभान सिंह फतेहपुर,डा. किशोर कुमार आहूजा हापुड़, डा. गंगाराम गौतम जौनपुर, डा. पंकज कुमार मऊ, डा. मुकेश कुमार वाराणसी, डा. प्रमोद कुमार अम्बेडकरनगर व डा. सुखरंजन समंदर को सीतापुर का सीएमओ बनाया गया है। इसके अलावा डा.भुवन चन्द्र पन्त पीलीभीत,डा. रमाकान्त सागर अमरोहा,डा. रामनाथ सिंह अलीगढ़, डा. विकास चन्द्रा कन्नौज, डा. विकास शर्मा बदायूं,डा. विनय कुमार महोबा, डा. वेद प्रकाश हाथरस और डा. सचिन चन्द्र वैश्य को गाजियाबाद का सीएमओ बनाया गया है। सभी सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि वह अपनी नवीन तैनाती के स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर इसकी सूचना शासन को उपलब्ध करायें।

उत्तर प्रदेश शासन ने तात्कालिक प्रभाव से प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के निदेशक ग्रेड के चिकित्साधिकारियों की भी नवीन तैनाती की है। अपर निदेशक लखनऊ डा.जीपी.गुप्ता को सिविल अस्पताल का निदेशक बनाया गया है। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय मेरठ की प्रमुख अधीक्षक डा.सुदेश कुमारी को निदेशक परिवार कल्याण महानिदेशालय बनाया गया है। इसी प्रकार अपर निदेशक गोपन स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में तैनात डा.रेनू चौधरी को निदेशक पैरामेडिकल स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय बनाया गया है। इसके अलावा प्रयागराज मण्डल के अपर निदेशक डा. राकेश शर्मा को निदेशक सीएचसी महानिदेशालय बनाया गया है।

## नशा करने से रोकना पड़ा भारी, युवती समेत पूरे परिवार पर हमला

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र में नशा करने का विरोध करने पर एक परिवार के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता अंजली कन्नौजिया की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, 30 मई को अंजली अपने पिता मनोज कुमार के साथ घर के बाहर खड़ी थीं। आरोप है कि उसी दौरान ज़ेमेटो मे काम करने वाले कुछ युवक वहां खड़े होकर नशा कर रहे थे। जब अंजली के पिता ने इसका विरोध किया तो युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़िता का आरोप है कि विवाद के दौरान सूरज नामक युवक मौके से चला गया, लेकिन कुछ समय बाद अपने 15-20 साथियों के साथ वापस लौटा। इसके बाद आरोपियों ने परिवार के सदस्यों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची अंजली भी हमले का शिकार हो गईं, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र होने लगे, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 'मन की बात' कार्यक्रम में की सहभागिता



**काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी, लखनऊ जिले के जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण जिला अध्यक्ष विजय मौर्य के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने बताया कि जिले के सभी 16 मंडलों में भी मंडल कार्यालयों पर मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सुना। इसके अतिरिक्त सभी बूथों पर बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बूथ समिति के सदस्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा विचार परिवार के लोगों ने भी कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया। जिला मीडिया प्रभारी चिंता मणि पांडेय के अनुसार जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विजय मौर्य के साथ जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, जिला सोशल मीडिया संयोजक श्री रवि द्विवेदी, सह-संयोजक अजित यादव, विपिन सक्सेना, धर्मेंद्र सिंह चौहान, अभिषेक मिश्रा, संकट मोचन शर्मा, कुलदीप पांडेय, अश्विनी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समस्त जिला पदाधिकारी अपने-अपने प्रभार वाले मंडलों तथा प्रवासी कार्यकर्ता अपने प्रवास मंडलों में उपस्थित रहकर 'मन की बात' कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष गणों और कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया

## 25 हजार का इनामी हत्यारोपी अरबाज खान गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी अरबाज खान को सर्विलांस टीम पूर्वी जोन और चिनहट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी अरबाज खान पर पुराने विवाद को लेकर एक युवक की हत्या करने का आरोप है। इस मामले में 25 मार्च को मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस आयुक्त द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। बताया जा रहा है कि इस हत्याकांड में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी अरबाज खान फरार था। चिनहट क्षेत्र के कल्याणी विहार, कमता निवासी अरबाज की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। चिनहट पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई से फरार इनामी आरोपी की गिरफ्तारी को पूर्वी जोन पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## कूड़े के ढेर पर मिला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र में रविवार की सुबह किसान पथ के नीचे लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर एक व्यक्ति का शव कूड़े के ढेर पर पड़ा पाया गया। मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों का प्रयोग करते हुए शव की शिनाख्त कराई उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर प्रचार के बाद शव की शिनाख्त ग्राम लालपुर थाना हैदरगढ़ जिला बाराबंकी निवासी विनय मिश्रा (40) के रूप में हुई। इस मामले में मृतक के भाई विकास मिश्रा ने बताया कि वह नशे का आदी था।पिछले काफी दिनों से घर पर ही रह रहा था लेकिन दो दिन पूर्व शुक्रवार को डाला चलाने की बात कहकर वह घर से चला गया था उसके बाद घर वापस नही लौटा। विनय मिश्रा के अनुसार उसने रविवार को हैदरगढ़ कोतवाली पहुंच कर भाई की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराने पहुंचा पहुंचा था। विनय मिश्रा ने सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस द्वारा फोटो दिखाई गई तो उसने भाई विकास मिश्रा ने शव की पहचान विनय मिश्रा के रूप में की। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका भाई नशे का आदि था। इस मामले में पुलिस ने शव के पास से सीरेंज व कुछ नशीली दवा भी बरामद की है। इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी डीके उपाध्याय की ओर से मामले की जांच किए जाने की बात कही गई। इंस्पेक्टर के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार तीन घायल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के दुलारमऊ गांव के पास किसान पथ पर एक ट्रक ने स्कूटी पर सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के घायलों को इलाज के लिए ट्रामा 2 के लिए रिफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार तीन लोग एक स्कूटी पर सवार होकर बाराबंकी से लखनऊ की ओर जा रहे थे। वे लोग दुलार मऊ गांव के पास पहुंचे तभी एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक ड्राइव करते हुए बह से गुजर रही स्कूटी में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार बाराबंकी के थाना कोठी के गांव नकटा सहारिया निवासी तीन व्यक्ति अमन, प्रेम और ऋषि गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों का सीएचसी गोसाईंगंज प्राथमिक उपचार के बाद इलाज हेतु भिजवाया गया जहां से तीनों घायल व्यक्तियों को पीजीआई अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस घटना में मौके पर मिले ट्रक चालक और उसके हेल्पर को पुलिस से हिरासत में ले लिया है।

## समाजवादी व्यापार सभा की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न

# व्यापारियों के सहयोग से सरकार बनाने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को गोमतीनगर स्थित श्याम इंटरनेशनल होटल के बैंक्वेट हॉल में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया।

बैठक के मुख्य अतिथि समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डा. अजय चौरसिया ने की, जबकि संचालन प्रदेश मुख्य महासचिव यासिर सिद्दीकी ने किया। अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष विजय जायसवाल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए व्यापारियों और वैश्य समाज को समाजवादी पार्टी से जोड़ना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की मंशा के अनुरूप समाजवादी व्यापार सभा के संगठन को जिला, महानगर, विधानसभा, तहसील, ब्लॉक तथा प्रमुख बाजारों तक मजबूत किया जाएगा। इसके लिए सभी प्रदेश पदाधिकारियों को स्थानीय इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन विस्तार का कार्य तेज करना होगा।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि व्यापारियों के सहयोग और समर्थन से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को विजय दिलाकर उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनाई जाएगी।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष हरदीप सिंह रखड़ा, बोट सिंह यादव, विजय जायसवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता, प्रदेश सूचना एवं मीडिया प्रभारी अभिषेक गुप्ता, प्रखर कलहंश, संजय यादव, निखिल सिंघल, विशाल निगम, मनोज गुप्ता, अक्षय जैन अरिहंत, पं. सत्येंद्र शर्मा, प्रवीण केशरवानी, पं. शुभम राय, नन्द किशोर शिवहरे, चंदन यादव, जितेंद्र सिंह सलूजा, जितेंद्र वार्ष्णेय, के.के. गुप्ता, मेहरचंद सिंघल, रवि जायसवाल एवं संतोष कुमार गुप्ता सहित प्रदेश एवं मंडल स्तर के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बूथ संख्या 130 पर सुना गया प्रधानमंत्री का 'मन की बात'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भाजपा संगठन के निर्देशानुसार सरोजिनी नगर विधानसभा के विद्यावती द्वितीय वार्ड, दक्षिण-दो मंडल अंतर्गत शिव शक्ति मंदिर, सेक्टर-डी/1 परिसर में बूथ संख्या 130 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के श्रवण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन सिटी मॉडल पब्लिक स्कूल बूथ अध्यक्ष मनीष अवस्थी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ महानगर के विभाग मीडिया सह-संयोजक चन्द्र भूषण पाण्डेय (पप्पू पाण्डेय) तथा बूथ प्रभारी अमित शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं सम्मानित जनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपस्थित प्रमुख लोगों में हीरा प्रसाद पाठक, हरीश तिवारी, बी.के. बाजपेयी, दीपेश गुप्ता, मोहित गुप्ता, रंजीत कनौजिया, श्रीकांत दुबे, रामबचन पाण्डेय, बिंदु बाजपेयी, बृजेश साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे। सभी उपस्थित लोगों ने भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा संगठन, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी सकारात्मक भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के अंत में भगवान भोलेनाथ का प्रसाद वितरण किया गया और सभी के सहयोग एवं सहभागिता के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सगे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष, छह घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ पुस्तैनी जमीन के बंटवारे में फावड़ा-कुल्हाड़ी से हमला, दो गंभीर घायलों को ट्रॉमा सेंटर रेफर

बख्शी का तालाब,लखनऊ।महिंगवा थाना क्षेत्र के गुलालपुर ग्राम पंचायत स्थित अकड़ा गांव में रविवार सुबह पुस्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच फावड़ा और कुल्हाड़ी चलने से करीब छह लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार अकड़ा गांव निवासी चंद्रपाल और कमलेश सगे भाई हैं। दोनों के बीच पुस्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार सुबह इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फावड़ा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

मारपीट में एक पक्ष से चंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से कमलेश की पत्नी मखाना, पुत्र प्रमोद, पत्नी क्रांति और 14 वर्षीय नीरज घायल हो गए। घायलों के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि चंद्रपाल के पुत्र सोनू, मोनू और संतोष ने हमला किया।सूचना मिलने पर महिंगवा पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चंद्रपाल और मखाना की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। थाना पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हुआ था। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से थाने में तहरीर नहीं दी गई थी। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नारी शक्ति, सुशासन और लोककल्याण की अमर प्रेरणा हैं अहिल्याबाई : पाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के कुशमौरा स्थित अहिल्या नगर नई बस्ती सिसेंडी में रविवार को लोकमाता वीरांगना राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण, विचार संगोष्ठी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों की सहभागिता रही। बाबूलाल पाल की निजी भूमि पर स्थापित लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल के नेतृत्व में हुआ। सांसद आर.के. चौधरी एवं पूर्व विधायक अंब्रीश सिंह पुष्कर सहित कई प्रमुख नेता और समाजसेवी कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्याम लाल पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासक थीं, जिन्होंने अपने साहस, दूरदर्शिता और जनकल्याणकारी कार्यों से सुशासन की मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि लोकमाता का जीवन महिलाओं के आत्मबल, संघर्ष और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है तथा आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। पूर्व विधायक अंब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं और पाठशालाओं का निर्माण कर भारतीय संस्कृति और शिक्षा को सशक्त बनाया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। इस अवसर पर सी.एल. वर्मा, जूही सिंह, हरिशंकर रावत,राजपाल कश्यप, शब्बीर अहमद खान, रंजीत यादव, उमाशंकर वर्मा, अनिल पासी, अर्चना रावत, जानकी पाल, प्रेमलता यादव, राम नरेश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## 21 जून को गंगागंज बनेगा योग की राजधानी

# 3500 छात्र-छात्राओं संग गूंजेगा स्वस्थ भारत का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए पतंजलि योग समिति गंगागंज पूरी सक्रियता के साथ तैयारियों में जुटी हुई है। आगामी 21 जून को ग्रामीण स्टेडियम गंगागंज में आयोजित होने वाले योग दिवस समारोह में लगभग 3500 छात्र-छात्राओं सहित हजारों योग साधकों, शिक्षकों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की सहभागिता होगी। पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और प्रतिभागियों समेत छात्र-छात्राओं की यूनिफॉर्म भी तैयार कर ली गई है। विगत पांच वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम क्षेत्र में योग जागरूकता का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अध्यक्ष नागेश कुमार एवं जिला मीडिया प्रभारी अनिल कुमार वर्मा विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों और योग केंद्रों में पहुंचकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में समिति के पदाधिकारी सीएमएस विस्तार, गोमती नगर स्थित योग कक्षा में पहुंचे और वहां उपस्थित योग साधकों को ग्रामीण स्टेडियम गंगागंज में आयोजित योग दिवस समारोह में भाग लेने का निमंत्रण दिया। योग साधकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन देते हुए योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया। समिति के अध्यक्ष नागेश कुमार ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर हजारों लोग एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ भारत, निरोगी समाज और भारतीय संस्कृति का संदेश देंगे। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति लखनऊ के अध्यक्ष उदय राज, ओंकार नाथ सिंह, राजेंद्र बडोला, सूर्य बख्श सिंह, राकेश वर्मा, राम सनेही, बीना विष्ट, कविता, अमिता, राजकुमार, सरिता तिवारी, राम प्रताप, डॉ. आनंद तथा विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

# जूनियर विद्युत इंजीनियरों की समस्याओं का निराकरण जरूरी : जीवी पटेल


कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की अति बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष इं. जीवी पटेल तथा संचालन केंद्रीय महासचिव इं. बलबीर यादव ने किया। प्रदेश के सभी जनपदों एवं विद्युत उत्पादन परियोजनाओं से पधारे प्रतिनिधियों ने दिन0भर चली बैठक में विचार विमर्श किया और प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रीष्म ऋतु में उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति, उत्पादन तथा ट्रांसमिशन का दक्षतापूर्वक संचालन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। केंद्रीय अध्यक्ष इंजीनियर जी.वी. पटेल ने कहा कि जूनियर इंजीनियर पूर्णतः ऊर्जा क्षेत्र को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम आए हैं और सीमित संसाधनों में रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन, आपूर्ति एवं राजस्व वसूली का कार्य किया गया है। उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की कि संसाधन एवं मैनपावर की भारी कमी के बीच दकार्य कर रहे जूनियर इंजीनियर एवं प्रोन्नत अभियंताओं पर एकतरफा कार्यवाहियां की जा रही हैं। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर नोटिस थमा दी जाती है तथा सीधे वेतन से कटौती कर दी जा रही है। विसंगतिपूर्ण समर्पण आदेश के द्वारा मध्य शैक्षणिक सत्र में, बिना जांच पूरी किए बड़ी संख्या में जूनियर इंजीनियरों का दंडस्वरूप सुदूर दूसरे डिस्कॉम में स्थानांतरण किया जा रहा है, जिससे सदस्य पीड़ित हैं और विभागीय कार्यों के निष्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। संगठन के संरक्षक इं.सतनाम सिंह ने सदस्यों का आह्वान किया कि वे ग्रीष्म ऋतु में उपभोक्ता सेवा हेतु तत्परतापूर्वक कार्य करें, साथ ही प्रबंधन से मांग की कि विगत में बनी सहमतियों के अनुरूप उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को तत्काल वापस लिया जाए।

# मछरेहटा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा/सीतापुर। जनपद सीतापुर के मछरेहटा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामला ग्राम बीहट बीरम का है, जहां अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीहट बीरम निवासी सीधेश्वर सिंह पुत्र रामप्रमोद सिंह के घर बीती रात अज्ञात चोर घुस आए। पीड़ित द्वारा थाना मछरेहटा में दी गई तहरीर के अनुसार, सुबह उठने पर घर का सामान बिखरा हुआ मिला तथा अलमारी और बक्से खुले पाए गए। आरोप है कि घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार का दावा है कि चोरी में भारी मात्रा में जेवरात और कीमती सामान ले जाया गया है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार चोरी गई संपत्ति की कीमत लाखों रुपये हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 15 दिन पहले परसदा गांव में भी लाखों रुपये की चोरी की घटना हुई थी। इसके अलावा क्षेत्र में हाल के दिनों में कई चोरी की वारदातें सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल है। ग्रामीण रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो अपराधियों के हौसले और बढ़ सकते हैं।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रभात गुप्ता ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है इस संबंध में तीन टीमें लगाई गई है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कई वर्षों से एक ही ब्लॉक में जमे सचिवों और ग्राम विकास अधिकारियों का तबादला, प्रशासनिक व्यवस्था में आएगा नया संतुलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर ग्राम पंचायत अधिकारियों (सचिव) और ग्राम विकास अधिकारियों (वीडीओ) के स्थानांतरण किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार के अनुमोदन के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) विशाल सिंह तथा जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं।

बताया जा रहा है कि कई अधिकारी और कर्मचारी वर्षों से एक ही विकास खंड में कार्यरत थे, जिसके चलते प्रशासनिक दृष्टि से फ़ेरबदल आवश्यक माना जा रहा था। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद संबंधित अधिकारियों को नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीपीआरओ द्वारा जारी आदेश के अनुसार विकास खंड लखीमपुर में तैनात शालिनी शर्मा और प्रतिभा सिंह को फूलबेहड़ तथा विवेक गुप्ता को बेहजम भेजा गया है। विकास खंड गोला में तैनात प्रियम शुक्ला को बांकेगंज, शैलवी बाजपेई को मोहम्मदी तथा ललित को लखीमपुर में तैनाती दी गई है। इसी प्रकार विकास खंड निघासन में तैनात वीरपाल को बिजुआ, मोहम्मदी में तैनात मनोज यादव को लखीमपुर, पसगवां में तैनात कुनाल गुप्ता को गोला तथा बांकेगंज में तैनात चंद्र प्रकाश वर्मा को गोला विकास खंड में स्थानांतरित किया गया है। डीडीओ द्वारा जारी आदेश के तहत विकास खंड बांकेगंज में तैनात अमित कुमार गुप्ता को पलिया, निघासन के विनय कुमार मौर्य को पसगवां, पलिया के योगेश कुमार को बांकेगंज तथा पसगवां के रोहित कुमार को पलिया भेजा गया है।

इसके अलावा बेहजम की रूचि वर्मा और शिवांगी श्रीवास्तव को फूलबेहड़, फूलबेहड़ की डाली तिवारी और इंद्राणी रस्तोगी को लखीमपुर, बिजुआ के आशुतोष कुमार सिंह को लखीमपुर तथा पसगवां के कुलदीप राठौर को बेहजम में तैनाती दी गई है।

जिले में लंबे समय बाद हुए इस व्यापक फ़ेरबदल को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि नई तैनाती से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी, ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी तथा विभिन्न विकास खंडों में प्रशासनिक संतुलन स्थापित होगा। स्थानांतरण सूची जारी होने के बाद संबंधित कर्मचारियों में हलचल तेज हो गई है और सभी को शीघ्र नवीन कार्यस्थल पर योगदान देने के निर्देश दिए गए हैं।

# भुईफोरवानाथ मंदिर भूमि प्रकरण मे एसडीएम के निलंबन की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शहर के ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित भुईफोरवानाथ मंदिर की बेशकीमती भूमि को कथित रूप से भूमाफियाओं के हवाले करने का मामला अब पूरी तरह गरमा गया है। इस गंभीर प्रकरण को लेकर उत्तर प्रदेश अधिवक्ता महासंघ ने मोर्चा खोलते हुए तत्कालीन एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह के तत्काल निलंबन की मांग की है।

?शनिवार को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में महासंघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी (डीएम) खीरी से मुलाकात की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक तीखा ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि मंदिर की सार्वजनिक और धार्मिक भूमि को भूमाफियाओं को सौंपने के खेल में प्रशासनिक स्तर पर बड़े पैमाने पर हेरफ़ेर और गंभीर अनियमितताएं की गई हैं। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि आस्था के केंद्र के साथ इस तरह का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धर्मिक और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लेकिन इस मामले में पारदर्शिता को ताक पर रखकर काम किया गया, जिससे आम जनता और अधिवक्ता समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।''त

– अजय कुमार शुक्ल, सदस्य, बार काउंसिल यूपी

ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ता महासंघ ने मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगें उठाई हैं कि भूमाफियाओं को कथित संरक्षण देने के आरोपी एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह को तुरंत निलंबित किया जाए। पूरे भूमि प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराकर इसमें संलिप्त सभी दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। मंदिर की संपत्ति को भूमाफियाओं के चंगुल से मुक्त कराकर सुरक्षित किया जाए। महासंघ के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन और शासन को दोटूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र ही कोई ठोस और दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश भर के अधिवक्ता सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

?इस मौके पर महासंघ के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे, जिन्होंने मंदिर की भूमि को बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई का संकल्प जताया है।

# हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय करंट लगने से युवक झुलसा, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी धौरहरा। कोतवाली क्षेत्र के गुदरिया गांव में रविवार शाम हाईटेंशन लाइन का फाल्ट ठीक करते समय करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। ग्रामीणों ने उसे एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, गड़रियनपुरवा गांव निवासी धीरेन्द्र (30) निजी विद्युत कर्मचारी के रूप में कार्य करता है। रविवार को आई तेज आंधी के कारण गुदरिया गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक शिकायत मिलने पर संविदा कर्मी लाइनमैन इंद्रेश कुमार और सरयू प्रकाश शटडाउन लेकर फाल्ट ठीक करने पहुंचे थे। बताया जाता है कि मनमतपुर और गुदरिया गांव के बीच स्थित हाईटेंशन लाइन पर धीरेन्द्र खंभे पर चढ़कर टूटे तार जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली आपूर्ति बहाल हो गई, जिससे उसे जोरदार करंट लग गया और वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर घायल को सीएचसी धौरहरा भिजवाया। चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू कर दिया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। जेई विकास सिंह ने बताया यह कर्मचारी नहीं है, मुझे किसी अज्ञात ब्यक्ति को करंट लगने की सूचना मिली है, जानकारी कराता हूँ।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर बिसवां में संगोष्ठी, पत्रकारों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




## 'डिजिटल युग में हिंदी पत्रकारिता' विषय पर मंथन, कलमकारों का सम्मान

बिसवां सीतापुर । हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर कलमकार एसोसिएशन बिसवां ईकाई के बैनर तले कस्बे के आर के ग्रांड होटल में ल्लडिजिटल युग में हिंदी पत्रकारिताङ्ख विषय पर एक गरिमामय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, डिजिटल माध्यमों की बढ़ती भूमिका तथा हिंदी भाषा की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह में क्षेत्र के पत्रकारों, साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने हमेशा समाज को जागरूक करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में समाचारों की गति तेज हुई है, लेकिन पत्रकारों की जिम्मेदारी भी पहले से अधिक बढ़ गई है। निष्पक्षता, विश्वसनीयता और सामाजिक सरोकार पत्रकारिता की सबसे बड़ी पहचान होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि निर्मल वर्मा ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता देश की आत्मा से जुड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में हिंदी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने पत्रकारों से समाजहित में सकारात्मक और तथ्यात्मक पत्रकारिता करने का आह्वान किया। समाजसेविका रेनू मेहरोत्रा ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और उनकी लेखनी समाज को नई दिशा देने का कार्य करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार/ पत्रकार रमेश बाजपेई विरल ने की। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास और उसकी सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते दौर में तकनीक को अपनाना समय की आवश्यकता है, लेकिन पत्रकारिता के मूल मूल्य हमेशा सुरक्षित रहने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आराध्य शुक्ला ने प्रभावशाली अंदाज में किया। इस अवसर पर अतिथियों का फूल-मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।वही क्षेत्र के पत्रकारों को भी सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। समारोह मे एक समय भावुक क्षण भी देखने को मिला जब दिवंगत पत्रकार विनोद गर्ग एवं मुबारक अली के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे अतिथियों ने दोनों दिवंगत पत्रकारों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में आर0एन0 सिंह,अखिलेश बाजपेयी, आशीष मिश्र,पदमकान्त शर्मा, संदीप मिश्र 'सरस',पीयूष बाजपेयी विजय अवस्थी मोहित जायसवाल, अश्वनी त्रिपाठी, अय्यूब खान, बिलाल खान, हरिओम बाजपेयी, कुलदीप अवस्थी, सिराज अहमद, मधुकर वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, संतोष कठेरिया, पंकज भारतीय, अमित जायसवाल, अतुल त्रिवेदी 'चंदन', विवेक पाण्डेय, निर्मल यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक अरुणनाथ सिंह एवं हरिशंकर गुप्ता ने सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सड़क सुरक्षा पर डीएम सख्त, बोले, नियम तोड़ने वालों पर हो सख्त कार्रवाई, वाहनों के सीज करने में न हो हिचक

कैनविज टाइम्स संवादाता



लखीमपुर खीरी । सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव, एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा का विषय है। परिवहन और पुलिस विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर सड़क पर ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, अन्य प्रमुख मार्गों पर आवश्यक संकेतकों तथा निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। सड़क पर स्पष्ट संकेतक और गति सीमा की जानकारी दुर्घटनाओं को कम करने में अहम भूमिका निभाती है। बैठक में डीएम ने मुख्य मार्गों से जुड़ने वाले टी-जंक्शनों को दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बताते हुए वहां रंबल स्ट्रिप बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए तैयार कार्ययोजना और अब तक किए गए सुधारात्मक उपायों की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। डीएम ने डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा से विद्यालयों में गठित रोड सेफ्टी क्लबों की स्थिति और उनकी सक्रियता की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का संदेश देने पर जोर दिया। बैठक में एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्यवाहियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जबकि सीओ ट्रैफिक ने पुलिस विभाग की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन वाहनों पर पांच से अधिक चालान लंबित हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है।

## खैराबाद ब्लॉक में समाज कल्याण विभाग का विशेष शिविर, 51 लाभार्थियों ने कराया पंजीकरण



खैराबाद, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के निर्देश पर रविवार को जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में ब्लॉक खैराबाद में भी शिविर लगाया गया। खैराबाद ब्लॉक में 51 लोगों ने लिया हिस्सा समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित शिविर में ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए कुल 51 लाभार्थियों ने हिस्सा लिया। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, जनजाति पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना व अन्य योजनाओं से जुड़े प्रार्थना पत्र लिए गए। पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही सत्यापन कराया गया।शिविर के सफल आयोजन में आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन संगठन का विशेष सहयोग रहा। शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी मोतीलाल, खंड विकास अधिकारी नीरज दुबे, ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, एडीओ समाज कल्याण योगेंद्र वर्मा फाउंडेशन के प्रबंधक /सचिव बिन्दू मौर्या सहित भारी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय करंट लगने से युवक झुलसा, हालत गंभीर

धौरहरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गुदरिया गांव में रविवार शाम हाईटेंशन लाइन का फाल्ट ठीक करते समय करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। ग्रामीणों ने उसे एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, गड़रियनपुरवा गांव निवासी धीरेन्द्र (30) निजी विद्युत कर्मचारी के रूप में कार्य करता है। रविवार को आई तेज आंधी के कारण गुदरिया गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक शिकायत मिलने पर संविदा कर्मी लाइनमैन इंद्रेश कुमार और सरयू प्रकाश शटडाउन लेकर फाल्ट ठीक करने पहुंचे थे। बताया जाता है कि मनमतपुर और गुदरिया गांव के बीच स्थित हाईटेंशन लाइन पर धीरेन्द्र खंभे पर चढ़कर टूटे तार जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली आपूर्ति बहाल हो गई, जिससे उसे जोरदार करंट लग गया और वह गंभीर रूप से झुलस गया।

# 12 दिन से बिजली गायब, सूखती फसलें और मौन जिम्मेदार, मछरेहटा में किसानों का फूटा गुस्सा, आत्मदाह की चेतावनी से मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर/मछरेहटा। एक तरफ सरकार किसानों को देश की रीढ़ बताकर उनके उत्थान के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ मछरेहटा क्षेत्र के सैकड़ों किसान पिछले करीब 12 दिनों से सिंचाई के लिए बिजली न मिलने की मार झेल रहे हैं। हालत यह है कि खेतों में खड़ी फसलें पानी के अभाव में सूखने लगी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी समस्या के समाधान के बजाय केवल आश्वासनों का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। लगातार अनदेखी से नाराज किसानों का गुस्सा अब फूट पड़ा है और उन्होंने विद्युत विभाग के खिलाफ धरना शुरू कर दिया है।

बीहट कृषक फीडर से जुड़े किसानों का आरोप है कि पिछले करीब 12 दिनों से बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित है। सिंचाई न होने से गन्ने सहित अन्य फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों का कहना है कि जिस समय खेतों को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है, उसी समय बिजली विभाग की लापरवाही उनकी मेहनत पर पानी फ़ेर रही है। कई किसानों ने दावा किया कि उनकी फसल की बढ़वार रुक गई है और नुकसान लगातार बढ़ता जा रहा है।

धरनारत किसानों ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत करने के लिए जब लाइनमैन और पावर हाउस के नंबरों पर फोन किया जाता है तो या तो फोन उठाया नहीं जाता या फिर बाद में नंबर ब्लॉक कर दिए जाते हैं। किसानों का कहना है कि जब सुनवाई ही नहीं होगी तो आखिर वे अपनी समस्या किससे कहें। उनका आरोप है कि विभागीय उदासीनता ने पूरे क्षेत्र को संकट में डाल दिया है।

किसानों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो हजारों रुपये की लागत से तैयार की गई फसलें बर्बाद हो जाएंगी। ऐसे में उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। धरना स्थल पर मौजूद किसानों ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आत्मदाह जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस चेतावनी के बाद प्रशासनिक अमले में भी हलचल तेज हो गई है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसान लगातार शिकायत कर रहे थे तो विभाग ने समय रहते प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की? यदि तकनीकी खराबी थी तो उसके समाधान में 12 दिन का समय क्यों लग गया? आखिर किसानों की फसलों के नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या विभाग केवल खराब मौसम का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से बच सकता है? धरने में भाजपा मंडल अध्यक्ष मछरेहटा राहुल सिंह, रामू अवस्थी, ज्ञानेंद्र अवस्थी, चित्रसेन तिवारी, गयाप्रसाद, सुरेश, दीपेंद्र सिंह, राजन, मोहित दीक्षित सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। वहीं विभाग की ओर से एसडीओ शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि हाल ही में आई तेज आंधी और बारिश के कारण लगभग एक सप्ताह से विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते आपूर्ति प्रभावित हुई है। उन्होंने दावा किया कि मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है और जल्द ही बिजली व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी। हालांकि धरनारत किसानों का कहना है कि अब उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि खेतों तक बिजली चाहिए।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाएंगे कार्यकर्ता : बीएल वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 134वें संस्करण का श्रवण कार्यक्रम को उझानी नगर में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने सुना, दातागंज नगर में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने सुना, दातागंज नगर के ग्राम बेहटा माधौ में विधायक राजीव कुमार सिंह ने सुना, सिविल लाइन मंडल में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने सुना, बदायूँ नगर के कैम्प कार्यालय पर बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने सुना, विनावर मंडल के ग्राम गिरधरपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव तथा पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव ने सुना, बदायूँ नगर में निज निवास पर पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ सुना। तथा जनपद बदायूँ के विभिन्न बूथों पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इसी क्रम में मन की बात कार्यक्रम के उपरांत जनपद के विभिन्न बूथों की कार्यसमिति की बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले एक पेड़ माँ के नाम अभियान तथा केंद्र सरकार के 12 साल विश्वास के,विकास के, जनकल्याण के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक चलने वाले जनसंपर्क एवं जनजागरण अभियान कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों में समाज, पर्यावरण, जल संरक्षण और राष्ट्रहित में कार्य कर रहे सामान्य नागरिकों की असाधारण कहानियों को सामने रखकर यह संदेश दिया है, कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए उदाहरण प्रत्येक नागरिक को समाज के लिए सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण, एक पेड़ माँ के नाम अभियान को जनआंदोलन बनाने तथा 5 जून से 21 जून तक केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रत्येक कार्यकर्ता डबल इंजन की सरकार उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा 'मन की बात' में उल्लेखित युवाओं के प्रयास यह साबित करते हैं, कि परिवर्तन का शुरुआत किसी बड़े संसाधन से नहीं बल्कि मजबूत संकल्प से होती है। जिस प्रकार कुछ युवाओं ने नदी को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया, उसी प्रकार हमें भी अपने क्षेत्र में समाजहित के कार्यों को जनआंदोलन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि आगामी 5 जून से 21 जून तक चलने वाला अभियान केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा डॉल्फिन संरक्षण के उदाहरण के माध्यम से प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि नदियां, जल स्रोत और जैव विविधता हमारी अमूल्य धरोहर हैं। यदि हम पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को भी एक बेहतर भविष्य दे सकेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से 5 जून को एक पेड़ माँ के नाम अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा प्रधानमंत्री ने आज समाज के उन लोगों का उल्लेख किया जो बिना किसी प्रचार के राष्ट्र और समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। यही भारत की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता भी सेवा और समर्पण की इसी भावना के साथ समाज के बीच कार्य करता है। केंद्र सरकार के 12 वर्षों में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जिन लोगों की चर्चा की, उन्होंने अपने स्तर पर समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया। हमें भी अपने नगर और गांवों को स्वच्छ, हरित और विकसित बनाने के लिए आगे आना चाहिए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज का संदेश समाज को जोड़ने और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाला था। जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषय आज समय की मांग हैं। उन्होंने कहा कि 5 जून से 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा कि 'मन की बात' देश के अनगिनत प्रेरणादायक लोगों और उनके कार्यों को राष्ट्रीय पहचान देने का माध्यम बन चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज जिन उदाहरणों का उल्लेख किया, वे यह बताते हैं कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति परिवर्तन का वाहक बन सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे आगामी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, मंडल अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, मदन मोहन लोधी, कृष्ण शर्मा, विवेक राष्ट्रवादी, अखिल अग्रवाल, सुमित गुप्ता, रतन जिंदल, अंकित शर्मा, विनोद अग्रवाल, राकेश वर्मा, अरविंद अग्निहोत्री, हिमालयन अग्रवाल आदि पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कारी बडेरी अग्निकांड पीड़ितों से मिलीं राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी

नीमगांव खीरी। कस्ता क्षेत्र के ग्राम कारी बडेरी में हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित परिवारों का हाल जानने के लिए राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी शुक्रवार को मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। सुजीता कुमारी ने अग्निकांड में हुए नुकसान का जायजा लिया और अधिकारियों से वार्ता कर प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने आग से हुए नुकसान का आकलन कर नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना ने कई परिवारों को गहरा आघात पहुंचाया है। प्रदेश सरकार पीड़ितों की हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रभावित परिवार को असहाय नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने प्रशासन को राहत एवं पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर विषयक सीएमई का आयोजन

बदायूँ। राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में आरआरटीसी (टटढ्ढए) कार्यक्रम के सहयोग से मातृ एवं नवजात मृत्यु दर से संबंधित एक सतत चिकित्सा शिक्षा (एख्रक्व) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सीएमई में जिला महिला चिकित्सालय एवं सीएचसी बिसौली के चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप-प्राचार्या डॉ. नेहा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. नेहा सिंह ने कहा कि आरआरटीसी कार्यक्रम मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा मृत्यु दर में कमी लाने हेतु प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर आरआरटीसी नोडल अधिकारी डॉ. सीमा सरन , डॉ. जया भारती, डॉ. अर्चना, डॉ. कपिल तथा आरआरटीसी कार्यक्रम समन्वयक ब्रजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के बैनर तले धूमधाम से मनाया गया हिंदी पत्रकारिता दिवस, पत्रकारों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पिपरिया धनी खीरी। हिंदी भाषा, भारतीय संस्कृति और पत्रकारिता के मूल्यों को समर्पित हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के बैनर तले क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत ग्रंट साहबगंज के मजरा शिवपुरी निवासी एवं ग्राम प्रधान सुदेश कुमार द्वारा अपने निजी आवास पर किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुदेश कुमार ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों की पहचान है। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने देश में जनजागरण, सामाजिक परिवर्तन और लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिकता और विदेशी भाषाओं के बढ़ते प्रभाव के कारण नई पीढ़ी धीरे-धीरे अपनी मातृभाषा से दूर होती जा रही है। ऐसे समय में हिंदी पत्रकारिता दिवस जैसे आयोजन युवाओं को अपनी भाषा और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है और हिंदी पत्रकारिता समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम रही है। ग्राम प्रधान ने उपस्थित पत्रकारों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार निष्पक्षता और साहस के साथ समाज की समस्याओं को उजागर करते हैं तथा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी पत्रकारों से हिंदी भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों को पेन एवं डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर पत्रकारों ने आयोजन के लिए ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त किया और हिंदी पत्रकारिता के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पत्रकार प्रदीप कुमार अग्निहोत्री, उमाशंकर अग्निहोत्री, धनपाल सिंह, नवनीत कुमार, शमशाद खान, अजय कुमार अग्निहोत्री, उमेश शर्मा, रामकुमार कश्यप, विपिन राठौर, धर्मेंद्र कुमार राज एवं वीरपाल राज सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण हिंदी भाषा, पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित लोगों ने हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए इसके संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## गंगा में नहाने गए 12 साल के बालक की डूबकर मौत, एक घंटे बाद मिला शव

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। कछला क्षेत्र में दोस्तों के साथ गंगा नदी में नहाने गए 12 साल के बालक की डूबकर मौत हो गई। घटना से उसके परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि भीषण गर्मी के बीच गंगा नदी में नहाने गए 12 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। दोस्तों के साथ खेलते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लहरों में समा गया। साथियों के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू की, लेकिन करीब एक घंटे बाद उसका शव बरामद हो सका। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कछला क्षेत्र के चंदनपुर गांव के पास से गंगा नदी गुजरती है। रविवार सुबह गांव के 10 से 12 बच्चे गर्मी से राहत पाने के लिए नदी में नहाने चले गए थे। बच्चे पानी में खेल रहे थे, तभी गांव निवासी राहुल तोमर का 12 वर्षीय अभिषेक अचानक गहरे हिस्से में पहुंच गया। उसे डूबता देख अन्य बच्चे घबरा गए और शोर मचाते हुए गांव की ओर भागे। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चे की तलाश शुरू कर दी। काफी देर तक खोजबीन के बाद करीब एक घंटे बाद अभिषेक को नदी से बाहर निकाला गया। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए उझानी ले गए, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ बच्चे अक्सर नदी में नहाने पहुंच जाते हैं, लेकिन गहरे पानी की जानकारी न होने के कारण हादसे हो जाते हैं। हालांकि परिजनों की ओर से पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने किया गंगा में स्नान,डीएम ने किया घाटों का निरीक्षण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अवनीश राय ने रविवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर्व के अवसर पर कछला घाट व अटैना घाट पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नाव से मुआयना भी किया। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालु गंगा में स्नान कर धर्म लाभ लेते हैं। सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे।जिलाधिकारी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कछला गंगा घाट में नाव से की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर ही पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, चेंजिंग रूम व्यवस्था आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का एक-एक कर निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने अटैना घाट का निरीक्षण कर वहां भी की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी अंकिता शर्मा सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## जनगणना कार्य में सहयोग न करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने कहा कि जनगणना 2027 का कार्य शासन की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में सहयोग न करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यों की माइक्रो मॉनिटरिंग की जा रही है और जनगणना कार्य को समयबद्ध व प्रभावी ढंग से पूर्ण कराया जाएगा, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने जनगणना 2027 के कार्यों के लिए प्रगणक बनाए गए प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों व अन्य प्रगणणों से आवाहन किया कि वह अपने दिए गए दायित्वों का निर्वाहन ठीक प्रकार से करें।

## झकरकटी से नौबस्ता तक सात स्टेशनों पर लग रहे एएफसी गेट, जल्द बढ़ेगी मेट्रो सेवा: सुशील कुमार

कानपुर। कानपुर मेट्रो के कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता सेक्शन पर यात्री सेवाओं के विस्तार की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। झकरकटी, ट्रांसपोर्ट नगर, बारादेवी, किदवई नगर, वसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता स्टेशनों पर ऑटोमैटिक फ़ेयर कलेक्शन (एएफसी) गेट लगाए जा रहे हैं। स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न सिस्टमों के इंस्टॉलेशन और फिनिशिंग कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। शेष सेक्शन के सभी स्टेशनों को परिचालन के लिए तैयार किया जा रहा है और विभागों के बीच समन्वय के साथ अंतिम कार्यों को पूरा किया जा रहा है। यह बातें रविवार को यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहीं। यूपीएमआरसी के अनुसार, एएफसी सिस्टम मेट्रो संचालन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके अंतर्गत एएफसी गेट, टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) और टिकट ऑफिस मशीन (टीओएम) शामिल हैं। यात्री टिकट पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन कर पेड एरिया में प्रवेश करते हैं, जबकि गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने के बाद निकासी के लिए भी टिकट को पुनः स्कैन करना होता है। एनसीएमसी कार्डधारक यात्री भी इन्हीं गेटों पर कार्ड स्कैन कर यात्रा कर सकेंगे।

# जिला कारागार का औचक निरीक्षण, डीएम-एसएसपी ने परखी व्यवस्थाएं, बंदियों से की बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने रविवार को बदायूं जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्थाएं परखीं। अधिकारियों ने बंदियों से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली।

बदायूं में जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अंकिता शर्मा ने रविवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर जेल की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने बंदी बैरकों, भोजनालय तथा चिकित्सालय का गहन निरीक्षण किया। वहां उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति को परखा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल में निरुद्ध बंदियों से सीधे संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही बंदियों के खानपान, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली गई। सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत बनाने का निर्देश जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कारागार परिसर के अंदर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश न करने पाए तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने जेल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए और सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं निगरानी व्यवस्था की भी जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने जेल अधीक्षक को नियमित निरीक्षण, सतर्क निगरानी तथा बंदियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन सतर्क ज्येष्ठ पूर्णिमा सहित आगामी आयोजनों और सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन जिले की संवेदनशील संस्थाओं की व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा कर रहा है। इसी क्रम में जिला कारागार का निरीक्षण कर सुरक्षा, स्वच्छता और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं की स्थिति का आकलन किया।

# 03 व 04 जून को होगी टीईटी परीक्षा तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक परीक्षा (टी0ई0टी0) जनपद में 03 व 04 जून को होगी। परीक्षाओं में विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए तथा परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि परीक्षा 03 व 04 जून को दो-दो पालियों में सम्पन्न होगी। समस्त परीक्षा केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरा, अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति व तलाशी भी ली जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के समय से 45 मिनट पूर्व तक प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 09:30 से पूर्वाह्न 11:30 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02:30 बजे से सांय 04:30 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों, कक्ष निरीक्षक व सपोर्ट स्टाफ के लिए क्लॉक रूम की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रधानाचार्य एसके इंटर कॉलेज संदीप भारती ने विभिन्न प्रपत्रों के संबंध में विस्तार से उपस्थित केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए 13 केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 03 जून को प्रथम पाली में 3687, द्वितीय पाली में 2918 तथा 04 जून प्रथम पाली में 4990 व द्वितीय पाली में 2520 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए केन्द्र अधीक्षक नामित किए गए हैं। इस अवसर पर एसपी सिटी, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चन्दोला, केन्द्र अधीक्षक, व्यस्थापक, स्टैटिक मजिस्टेझ्रेट व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस द्वारा पलिया निवासी एक व्यक्ति के पास से 22.50 गाम ब्राउन शुगर बरामद कर जेल भेजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलिया कला लखीमपुर । खीरी उत्तर प्रदेश पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ ख्याति गर्ग द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों के सेवन और तस्करी की रोकथाम के लिए अपराधियों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी (एग) पलिया के कुशल मार्गदर्शन और पलिया थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को भारी मात्रा में स्मैक (ब्राउन शुगर) के साथ दबोच लिया है। थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर की सूचना और चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी करके एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान बलराम



सिंह पुत्र रामभरत, निवासी मोहल्ला रंगरेजान तृतीय (कस्बा व थाना पलिया, जनपद खीरी) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22.50 ब्राउन शुगर और तस्करी में उपयोग किये जा रहे वाहन को जब्त किया है। उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया । पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त बलराम सिंह एक शातिर किस्म का अपराधी है, जिसका पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है। इससे पहले भी वर्ष 2024 में उसके खिलाफ पलिया थाने में आर्म्स एक्ट (अवैध हथियार रखने) के तहत मुकदमा (मु0अ0सं0 151/2024) दर्ज हो चुका है। ताजा मामले में पुलिस ने बरामदगी फर्द के आधार पर आरोपी के खिलाफ पलिया थाने में मु0अ0सं0 162/2026 अंतर्गत धारा 8/21/23 एनडीपीएस (गक्ष्ट्) एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी चालान करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय द्वारा उसको जेल भेज दिया गया। क्षेत्र में ड्रग्स काअवैध कारोबार जोरों पर है तस्कर बाहर से ड्रग्स लाकर युवा पीढ़ी को नशे का आदि बना रहे हैं कुछ तस्कर नेपाल में भी तस्करी की आपूर्ति करते हैं। पकड़े जाने के बाद यह लोग जमानत पर छूटने के पश्चात पुन अपने इसी धंधे में लग जाते हैं।

# भाजपा की नीतियों और शिक्षकों के विश्वास से होगी ऐतिहासिक विजय : डॉ. हरि सिंह ढिल्लो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर आयोजित संगठनात्मक बैठक एवं अभिनंदन कार्यक्रम में बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा द्वारा पुनः प्रत्याशी घोषित किए जाने पर विधान परिषद सदस्य डॉ. हरि सिंह ढिल्लो का कार्यकर्ताओं, शिक्षक प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा स्वागत कार्यक्रम में एमएलसी एवं चुनाव संयोजक कुंवर महाराज सिंह, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने शिक्षक बंधु एवं पार्टी कार्यकर्ता को संबोधित किया। डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पुनः प्रत्याशी बनाए जाने पर वह आभार व्यक्त करते हैं। यह सम्मान शिक्षक समाज के विश्वास, सहयोग और स्नेह का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में शिक्षकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों को सदन में प्रमुखता से उठाया गया और आगे भी शिक्षक हितों की आवाज को मजबूती के साथ उठाया जाता रहेगा। उन्होंने कहा आगामी चुनाव शिक्षक सम्मान, शिक्षा के विकास और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का चुनाव है। भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं शिक्षक प्रतिनिधियों के सहयोग से भाजपा इस चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक शिक्षकों तक पहुंचकर भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया। एमएलसी/चुनाव संयोजक कुंवर महाराज सिंह ने कहा भाजपा ने डॉ. हरि सिंह ढिल्लो को पुनः प्रत्याशी बनाकर शिक्षक समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। डॉ. ढिल्लो ने अपने कार्यकाल में शिक्षक हितों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया है, जिसके कारण शिक्षक समाज में उनके प्रति व्यापक विश्वास और समर्थन का वातावरण है।उन्होंने कहा भाजपा का संगठन पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा और कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर शिक्षकों तक पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को पहुंचाएंगे। भाजपा की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की मेहनत और शिक्षकों के समर्थन से भाजपा इस चुनाव में रिकॉर्ड मतों से विजय प्राप्त करेगी।जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा डॉ. हरि सिंह ढिल्लो को पुनः प्रत्याशी बनाया जाना उनके कार्यों, सक्रियता और शिक्षक समाज के बीच उनकी स्वीकार्यता का प्रमाण है। भाजपा सदैव शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है तथा डॉ. ढिल्लो ने सदन में शिक्षक समाज की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता इस चुनाव को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ लड़ेगा। शिक्षक समाज के बीच भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास और संगठन की मजबूत कार्यशैली के बल पर बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा ऐतिहासिक विजय दर्ज करेगी।इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राममूर्ति लाल, जिला उपाध्यक्ष एवं चुनाव सह-संयोजक प्रदीप चौधरी, जिला महामंत्री जोगेंद्र सिंह पटेल, भीमसेन सागर, नरेश गुप्ता सहित वरिष्ठ शिक्षकगण, शिक्षक प्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर आयोजित समारोह में पत्रकारों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर मिहींपुरवा स्थित नवनीत पिक्चर पैलेस सभागार में समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन एवं लोकतंत्र प्रहरी पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी की नेत्री एवं बलहा विधानसभा क्षेत्र की भावी प्रत्याशी ललित हरेंद्र पासवान ने किया। समारोह के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकारों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ललित हरेंद्र पासवान ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज और शासन-प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व समाज कल्याण राज्य मंत्री बंशीधर बौद्ध ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के न्यायप्रिय, जनकल्याणकारी एवं आदर्श शासन को प्रेरणादायी बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ समाजवादी नेता जुग्गी लाल यादव ने कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया तथा क्षेत्र में कथित अवैध बालू खनन के मुद्दे पर चिंता व्यक्त की। प्रदीप कुमार गौतम ने अपने संबोधन में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के बताए मार्ग पर चलकर समाजहित में कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन एम. जमील कुरैशी एवं मिथिलेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, प्रदीप गौतम, अनूप मौर्य, वीरेंद्र चक्रवर्ती, जुग्गी लाल यादव, मदन चौहान, पूनम गौतम, सीता पासी सहित अनेक कार्यकर्ता, सेक्टर प्रभारी एवं जोन प्रभारी उपस्थित रहे। लोकतंत्र प्रहरी पत्रकार सम्मान से सम्मानित होने वालों में मो. असलम, विनोद शर्मा, अनिल कुशवाहा, जुनैद खान, मदन पोरवाल, मोहम्मद जमील कुरैशी, अब्दुल खबीर, हरगोविंद पांडेय, मनीष सिंह, मो. सलीम, अजीत मौर्य, रईस खान, अनिल मौर्य, मिथिलेश जायसवाल, दुर्गेश वर्मा सहित अन्य पत्रकार शामिल रहे। समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकार, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यह संस्करण मूल तथ्यों को यथावत रखते हुए समाचार-पत्र शैली में पुनर्लिखित है, जिससे भाषा अधिक पेशेवर और मौलिक दिखाई देती है।

# स्वस्थ जीवन और नशामुक्त समाज के लिए एसएसबी का विशेष प्रतिज्ञा कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) नानपारा तथा इसके अंतर्गत संचालित समस्त भारत-नेपाल सीमा चौकियों पर जागरूकता एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान वाहिनी मुख्यालय एवं सीमा चौकियों पर तैनात अधिकारियों और जवानों ने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा समाज को इनके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। सभी ने स्वस्थ, अनुशासित एवं नशामुक्त जीवन शैली अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला ने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, विशेषकर कैंसर एवं हृदय रोगों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एक सुरक्षाकर्मी के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए नशामुक्त जीवन को अपनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वाहिनी मुख्यालय तथा सभी सीमा चौकियों के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों एवं अन्य बलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एसएसबी का यह प्रयास न केवल बलकर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों को भी नशामुक्त समाज के निर्माण का सकारात्मक संदेश देता है।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। तिलहर की दरगाह शाह शमसुद्दीन मियां के सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के आवास पर हुई बैठक में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग उठाई गई। बैठक में सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है। गाय का भारतीय समाज में विशेष महत्व है। विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग गाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करते रहे हैं। गाय से प्राप्त होने वाले दूध एवं अन्य उत्पाद मानव स्वास्थ्य तथा कृषि क्षेत्र के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने सज्जादानशीन की बात का समर्थन किया और कहा कि केंद्र सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने पर विचार करना चाहिए। साथ ही गोवंश संरक्षण के लिए प्रभावी योजनाएं लागू कर निराश्रित पशुओं की देखभाल की व्यवस्था को और मजबूत करना चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग को लेकर अधिकारियों के माध्यम से एक ज्ञापन सरकार को भेजा जाएगा। अंत में बैठक में सभी उपस्थित लोगों ने गाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। बैठक में इमाम गुलाम अहमद रजा, मौलाना वकार हुसैन, अंजुम खान, मोहम्मद जाहिद, कारी इदरीस, असलम, शरीफ कुरैशी, रईस कुरैशी, आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ली जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक, दिए निर्देश, योजनाओं के हितग्राहियों को अधिक से अधिक दिलाए लाभ, बैंकर्स करें पूरी प्रतिबद्धता से कार्य : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शासन की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में बर्दाश्त नहीं होगा अनावश्यक विलंब**

**बैंकर्स पर डीएम सख्त, बोले– स्वरोजगार योजनाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त**

**सीडी रेशियो 60 प्रतिशत से कम होने पर संबंधित बैंकों के स्टेट हेड को पत्र भेजने के निर्देश**

**प्राथमिक क्षेत्र के लक्ष्यों में कमजोर प्रगति पर संबंधित बैंक के आरएम/जेडएम को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश**

लखीमपुर खीरी। जिले में स्वरोजगार योजनाओं को गति देने, बैंकिंग कार्यों की समीक्षा तथा हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बैंकों की प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने किया।

बैठक में डीएम ने कहा कि बैंकर्स पूर्ण मनोयोग एवं संवेदनशीलता के साथ अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित प्रकरणों की बैंकवार समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली।

बैठक के दौरान बैंकवार लंबित ऋण पत्रावलियों की समीक्षा में कई बैंकों की धीमी कार्यप्रणाली पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर लंबित आवेदनों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जा सके।

डीएम ने विभागवार प्रेषित प्रकरणों की वस्तुस्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों की विभागवार समीक्षा कर समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त उद्योग ने स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न बैंकों को प्रेषित ऋण पत्रावलियों में स्वीकृति एवं अंतरण में हो रहे अनावश्यक विलंब की जानकारी दी। इस पर डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि जिन बैंकों का ऋण-जमा अनुपात (एकटथप्द्धध) 60 प्रतिशत से कम है, उनके स्टेट हेड को पत्र प्रेषित किया जाए। साथ ही जिन बैंकों की प्राथमिक क्षेत्र (घ्न्द्धधन्द्धप्भ ट्टद्धदप्धन) में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनके संबंधित आरएम/जेडएम को भी पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत भेजी गई ऋण पत्रावलियों को शीघ्र एवं आक्रामक रूप से स्वीकृत किया जाए, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आए तथा जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके।

बैठक में मुख्य रूप से भारतीय रिज़र्व बैंक से अग्रणी जिला अधिकारी श्रीमती श्रुति गोयल, नाबार्ड के डीडीएम प्रसून सोनार, उपायुक्त उद्योग सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# रामगंगा नदी में नहाने गए 02 बच्चों की डूबकर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना अल्हागंज क्षेत्र की रामगंगा नदी में नहाने गए 02 बच्चों की डूबकर मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने 12 घंटे बाद रविवार को दोनों शवों को नदी से बाहर निकाला। दोनों बच्चों की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जनपद हरदोई की डीसीएम शुगर मिल रूपापुर में कार्यरत दिवाकर का 18 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष और अमन का पुत्र सर्वज्ञ शनिवार शाम स्कूटी से थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में रामगंगा नदी में नहाने गए थे। साथ में उनका दोस्त काव्य भी था। रामगंगा नदी में उत्कर्ष और सर्वज्ञ नहाने उतरे और काव्य उनकी रील बनाने लगा। नहाते समय उत्कर्ष और सर्वज्ञ गहरे पानी में डूब गए। उन्हें डूबता देख काव्य ने शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मछुआरों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन बच्चों का कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने मौके पर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया, लेकिन अंधेरा होने के कारण तलाश बंद कर दी गई। रविवार की सुबह एसडीआरएफ ने भुड़िया गांव के पास उत्कर्ष और सर्वज्ञ का शव नदी से बाहर निकाला। शवों को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। थाना अल्हागंज प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि दोनों युवक और उनका किशोर साथी रील बनाने और फोटो खींचने के शौकीन थे। इस शौक को पूरा करने के लिए वह इससे पहले भी कई बार वहां आ चुके थे। शनिवार को भी वह इसी उद्देश्य से नदी में नहाने आए थे। परिजनों के अनुसार, मृतक उत्कर्ष और सर्वज्ञ अपने परिवारों के इकलौते पुत्र थे। दोनों ने इसी वर्ष रॉयन इंटरनेशनल स्कूल से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। दोनों दोस्त होने के साथ ही कोटा में इंजीनियरिंग करने की तैयारी कर रहे थे। फिलहाल, दोनों बच्चों की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 30 मई को थाना पुवायां क्षेत्र के गांव सुनारा बुजुर्ग निवासी प्रेमराज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के मलिखान ने उसकी पत्नी रामदेवी के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर बांके से प्रहार किया। जिससे उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। यही नहीं, मलिखान ने उसको भी जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या का प्रयास आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मलिखान को मुखबिर की सूचना पर गांव सुनारा बुजुर्ग से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस घटना में प्रयुक्त एक लोहे का बांका भी बरामद किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मलिखान को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक विशाल कुमार के साथ का. अंकित कुमार मौजूद रहे।

# अवैध तमंचों के साथ दो युवक गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना जलालाबाद पुलिस ने बीती रात चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर जमदग्निनगर से ढकियाईन मन्दिर रोड की तरफ जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास से 02 युवकों को अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों युवकों के कब्जे से 02 तमंचे और कारतूस बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्त थाना जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर कानून गोयान निवासी रामजी गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता और मोहल्ला कानून गोयान निवासी शेखर पुत्र रामबहादुर हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्तों पर पूर्व में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में दोनों अीायुक्तों को जेल भेज दिया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जलालाबाद के उपनिरीक्षक सुधीर कुमार के साथ आरक्षी आनन्द कुमार, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

# सपा नेताओं ने अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध शासिका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बिजलीपुरा स्थित सपा के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें याद किया।

इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में तनवीर खान ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया और महिला सशक्तिकरण के लिए जीवन पर्यंत प्रयत्न किया। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष योगदान दिए। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का मुख्य योगदानों में से एक 12 ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ मंदिर है, जिसका जीर्णोद्धार महारानी अहिल्याबाई होलकर ने कराया था। साथ ही बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर भी उन्हीं की देन है। उन्होंने देश की प्रगति में विशेष योगदान दिया। इस मौके पर सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जफरीन, रामकुमार भोजवाल, संजीव वर्मा, अजफर अली, अवधेश कुमार पाल, दोदराम वर्मा, लखन प्रताप सिंह, अरविन्द पाल, हफीज अंसारी, पार्थ यादव, अजीम खान, राजपाल भोजवाल, लल्ला सिंह यादव, संतोष कुमार पाल, शौकत अली, सुरजीत यादव, परविंदर यादव, राकेश विश्वकर्मा, शाहाब खान, सचिन सक्सेना, अभय शंकर, विशाल सक्सेना, ऋषभ सक्सेना, अवनीश कनौजिया, गुफरान खान, रानू खान, वकार खान, शरीफ, आरिफ, मुनेंद्र यादव, रोहित यादव कई लोग आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर की लापरवाही: समाजसेविका बनी मरीज का सहारा, मानवता की बनी मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। जहां सरकारी सिस्टम लाचार और बेबस दिखाई पड़े, समझ लेना चाहिए कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। ऐसा ही एक मामला सरोवर नगरी नैनीताल में स्थित बीडी पांडे हॉस्पिटल में सामने आया।जानकारी के अनुसार एक मरीज कई दिनों से लगातार अपनी बीमारी का इलाज कराने के लिए अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंच रहा था। आरोप है कि इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सक ने मरीज को देखने से इनकार कर दिया। परेशान परिजनों ने इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और नतीजा शून्य रहा।इसी दौरान अस्पताल के पास से गुजर रही समाजसेविका संध्या शर्मा को मामले की जानकारी हुई। उन्होंने मानवता दिखाते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया और मरीज को दोबारा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। सूचना पर मौके पर पहुंचे डॉक्टर सुनील कुमार ने मरीज का परीक्षण किया और सुचारू रूप से इलाज की व्यवस्था कराई।समाजसेविका संध्या शर्मा के इस प्रयास से मरीज को समय पर उपचार मिल सका। स्थानीय लोगों ने संध्या शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने मानवता की मिसाल पेश की है। वहीं अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठे हैं। लोगों ने मांग की है कि इमरजेंसी में इलाज से इनकार करने वाले चिकित्सक पर कार्रवाई हो और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जाए ताकि किसी मरीज को इलाज के लिए भटकना न पड़े।

# गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र में बिछा दिया सड़कों का जाल : राकेश प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## गौरीगंज के विधायक ने दो सड़कों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया लोकार्पण



अमेठी । विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने क्षेत्र में दो करोड़ नब्बे लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली दो सड़कों का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आम जनमानस को समर्पित किया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही नागरिकों ने इसकी सराहना की है।गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति प्रदान करते हुये विधायक राकेश प्रताप सिंह ने क्षेत्र के गांव दयालापुर से कटरा सम्पर्क मार्ग एवं बरौलिया मानमतीपुर मधुकहर पूरे होते हुये दर्जिन मार्ग सम्पर्क मार्ग का लोकार्पण किया।लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के नये आयाम स्थापित कर रहा है।गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र में भी सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने हेतु लगातार कार्य किये जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि मजबूत एवं सुदृढ़ सड़कें किसी भी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर संपर्क मार्गों से गांवों और कस्बों को जोड़ने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों को भी नई दिशा मिलेगी। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने दयालापुर से कटरा सम्पर्क मार्ग लम्बाई तीन किलोमीटर तीन सौ मीटर लम्बी सड़क का लोकार्पण किया जिसकी लागत करीब दो करोड़ पैंतीस लाख चौंसठ हजार रुपया है। इसके अलावा बरौलिया मानमतीपुर मार्ग से मधुकहर होते हुये पूरे दर्जिन सम्पर्क मार्ग जिसकी लम्बाई आठ सौ मीटर एवं लागत पचपन लाख सात हजार रुपया है।विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास को नई गति देने के साथ ही साथ हजारों क्षेत्रवासियों के लिये सुविधा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस मौके पर मंशाराम मौर्य,विवेक शर्मा, गुडडू मौर्य,संजय यादव ,सुरेश वर्मा,विमलेश शुक्ला,अभिषेक शुक्ला,राजन शुक्ला, ललित सिंह, संजय शुक्ला सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण पार्टी पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# हर युग में अखबार जनता की आवाज रहे हैं और रहेंगे: संजय यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। संजय यादव, डॉ. अवधेश शुक्ला की उपस्थिति में शनिवार शाम शहर के प्रेस क्लब में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार एसोसिएशन का पत्रकार सम्मेलन, विचार गोष्ठी, स्मारिका विमोचन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पत्रकारों ने वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियों, मिशनरी पत्रकारिता के क्षरण तथा मीडिया की बदलती भूमिका पर गंभीर विमर्श किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पाण्डेय ने की, जबकि संचालन राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर एवं चर्चित साहित्यकार ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने किया। मुख्य अतिथि एवं लोहिया भूमि के संपादक संजय यादव ने कहा कि तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बावजूद अखबारों की भूमिका आज भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने अपने 200 वर्षों के सफर में अनेक बदलाव देखे हैं, लेकिन उसका मूल उद्देश्य जनता की आवाज को शासन और सरकार तक पहुंचाना ही रहा है। कार्यक्रम संयोजक एवं पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. अवधेश शुक्ला ने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारिता को व्यवसायिक दबावों के बीच बचाए रखना सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। उन्होंने पत्रकारों को समय-समय पर प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं से जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि पत्रकारिता में मिशन और पेशेवर दक्षता दोनों आवश्यक हैं। वरिष्ठ पत्रकार राजदेव शुक्ल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में पत्रकारों की भूमिका क्रांतिकारियों से कम नहीं थी। उन्होंने चिंता जताई कि आज पत्रकारिता पर कई प्रकार के दबाव बढ़ रहे हैं और बड़े मीडिया संस्थानों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने गांव स्तर तक मजबूत सूचना तंत्र विकसित करने और न्यायपरक पत्रकारिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। अमेठी से आए पत्रकार संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में गांव के आम नागरिक की आवाज सरकार तक पहुंचाने में पत्रकारिता की बड़ी भूमिका है। वहीं पत्रकार एवं अधिवक्ता जयशंकर दूबे ने पत्रकारों के लिए आकस्मिक सहायता कोष बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। एसोसिएशन महासचिव विनोद पाठक ने पत्रकारों से भ्रष्टाचार से दूर रहकर समाज के लिए न्याय की आवाज बनने का आह्वान किया। अध्यक्षीय संबोधन में वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पाण्डेय ने कहा कि आज पत्रकारिता मिशन से अधिक व्यवसाय बनती जा रही है। एक ओर पाठक मीडिया से सच्चाई की अपेक्षा करता है, वहीं दूसरी ओर सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक वर्ग अपनी छवि चमकाने की चाह रखते हैं। ऐसे समय में पत्रकारों को संगठित होकर अपने अधिकारों और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए संघर्ष करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहित्यकार ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि आधुनिक पत्रकारिता में संवेदनशीलता, भाषा और प्रस्तुति का क्षरण हो रहा है, जिसे साहित्य ही बचा सकता है। उन्होंने पत्रकारिता और साहित्य के बीच मजबूत संबंध बनाए रखने की आवश्यकता बताई। सम्मेलन में वरिष्ठ पत्रकार अंबरीश मिश्रा, श्याम चंद्र श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश गुप्त, दर्शन साहू, हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, अशोक मिश्रा, राकेश उपाध्याय, इम्तियाज़ खान, सतीश पांडेय सहित अनेक पत्रकारों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर दर्जनों पत्रकारों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा संगठन की वार्षिक स्मारिका का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित सामूहिक भोज में बड़ी संख्या में पत्रकारों और गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।

## पीलीभीत पुलिस विभाग में बड़ा फ़ेरबदल,प्रमेंद्र बने शहर कोतवाल, सत्येंद्र को मिली बरखेड़ा की कमान

पीलीभीत। जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने रविवार को पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल किया इस बदलाव के तहत कई थाना प्रभारियों की जिम्मेदारियों में परिवर्तन किया गया है बरखेड़ा थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार को शहर कोतवाली का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है वहीं शहर कोतवाल सत्येंद्र कुमार को हटाकर बरखेड़ा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है इस बदलाव के बाद पुलिस महकमे में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है फ़ेरबदल के तहत न्यूरिया थाने में भी बदलाव किया गया है लगातार शिकायतें मिलने के बाद थानाध्यक्ष सुभाष मावी को क्राइम ब्रांच भेज दिया गया उनकी जगह पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक दिगंबर सिंह को न्यूरिया थाने का नया प्रभारी बनाया गया है पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बताया कि यह बदलाव नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया के अंतर्गत किए गए हैं उनका उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत करना तथा पुलिस कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाना है।

## पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता ।जनपद अमेठी में पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उददेश्य से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद अमेठी में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान यातायात पुलिस जनपद अमेठी व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज अन्तर्गत स्थित टोल प्लाजा गौरीगंज पर सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए ट्रक चालकों, भारी वाणिज्यिक वाहनों, प्राइवेट स्लीपर बसों, ईको कैब/वैन तथा अन्य वाहनों की विशेष रूप से जांच की गई।चेकिंग के समय ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच कर शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## पुलिस ने रास्ता भटक गये नौ वर्षीय बालक को परिजनों के सुपुर्द किया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कालर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये यूपी 112 पीआरवी 6912 द्वारा रास्ता भटक गये बालक को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। बीती तीस मई को कालर द्वारा सूचना दी गई कि एक बालक जिसकी उम्र लगभग नौ वर्ष है ग्राम पूरे हकीम कासिमपुर बाजार के पास खड़ा होकर रो रहा है पुलिस सहायता चाहिये।उक्त सूचना पर पीआरवी 6912 थाना जायस के कमांडर मनोज यादव, सह कमांडर मोहम्मद राशिद एवं चालक राघवेंद्र सिंह द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बालक से नाम पता पूंछा गया तो अपना नाम इंदल निवासी ग्राम पूरे चेतई था जामो जनपद अमेठी बताया।पीआरवी स्टाफ द्वारा बालक के बताये गये पते पर जाकर ग्राम प्रधान से जानकारी की गई एवं बालक को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।बालक के परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा यूपी 112 पीआरवी स्टाफ व अमेठी पुलिस की सराहना की गयी।

## पुलिस ने पच्चीस हजार के इनामी बदमाश को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत पच्चीस हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना रामगंज के प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना रामगंज जनपद अमेठी में वांछित व पच्चीस हजार रुपये के इनामिया मुमताज उर्फ सूरज पुत्र सलीम उर्फ पप्पू उर्फ नसीब अहमद निवासी मकरा चौराहा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब बीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना रामगंज के प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये इनामी बदमाश को जेल भेज दिया गया है।

## नवीन मंडी समिति मे केले के प्लांट की रखवाली कर रहे युवक पर धारदार हथियार से वार, हालत गंभीर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर नवीन मंडी समिति में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब केले के प्लांट की रखवाली कर रहे युवक पर चार युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है घटना के बाद मंडी क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है जानकारी के अनुसार लाइनपार हबीबगंज गोटिया निवासी मिथलेश उर्फ मुकेश पुत्र फूलचंद्र नवीन मंडी समिति स्थित केले के प्लांट पर रखवाली का कार्य कर रहा था बताया जा रहा है कि चार युवक प्लांट पर रखी क्रेट उठाने पहुंचे थे जब मिथलेश ने उन्हें क्रेट ले जाने से रोका तो आरोपी आगबबूला हो गए और धारदार हथियार से उस पर हमला बोल दिया हमले में मिथलेश उर्फ मुकेश के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद व्यापारी और मजदूर मौके पर दौड़ पड़े लोगों ने हमलावरों को पकड़ने का प्रयास किया, जिसमें एक युवक कुलदीप को मौके पर ही दबोच लिया गया, जबकि उसके अन्य तीन साथी मौके से फरार हो गए घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मिथलेश के साथ पकड़े गए युवक को पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई यहां डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी युवक चोरी की नीयत से प्लांट पर रखी क्रेट उठाने आए थे और विरोध करने पर जानलेवा हमला कर दिया घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत और आक्रोश व्याप्त है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

## पीलीभीत स्वास्थ्य विभाग में बड़ा उलटफ़ेर :आलोक कुमार को लखनऊ में बड़ी जिम्मेदारी, डॉ. भुवन चंद्र पंत संभालेंगे जिले की कमान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार ने रविवार को स्वास्थ्य विभाग में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए कई जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के तबादले किए इस बदलाव में पीलीभीत के स्वास्थ्य विभाग को भी नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार को प्रमोशन देते हुए राज्य स्वास्थ्य अभिकरण (साचीज) का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है वहीं जिला पुरुष चिकित्सालय के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमाकांत सागर को अमरोहा जिले का नया सीएमओ बनाया गया है अब पीलीभीत में स्वास्थ्य विभाग की कमान डॉ. भुवन चंद्र पंत संभालेंगे डॉ. आलोक कुमार ने 7 दिसंबर 2021 को पीलीभीत के सीएमओ पद का कार्यभार ग्रहण किया था अपने लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान और विभागीय व्यवस्थाओं में सुधार को प्राथमिकता दी उनकी कार्यशैली और जनसंपर्क को लेकर जिले में उनकी अलग पहचान बनी रही सेवानिवृत्ति से ठीक पहले उन्हें प्रदेश स्तर की अहम जिम्मेदारी मिलना उनके सफल प्रशासनिक कार्यकाल का बड़ा पुरस्कार माना जा रहा है वहीं डॉ. रमाकांत सागर ने जिला अस्पताल में फिजीशियन के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए कोरोना महामारी के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई मरीजों के प्रति उनके समर्पण और सरल व्यवहार ने उन्हें आमजन के बीच लोकप्रिय बनाया अब उन्हें अमरोहा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है इधर, नए सीएमओ के रूप में डॉ. भुवन चंद्र पंत की नियुक्ति के बाद जिले के स्वास्थ्य विभाग में नई उम्मीदें जगी हैं माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी आएगी और शासन की योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो सकेगा

# तिलोई में स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने सुनी जनसमस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने रविवार को राजभवन तिलोई स्थित अपने आवास पर आमजन मानस की समस्याओं को सुना और विभिन्न जनपदों से आये लोगों से भेंटकर उनकी शिकायतों के निस्तारण के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने रविवार को अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन में कहा कि जनता की हर समस्या का त्वरित निदान हमारी प्राथमिकता है।राज्यमंत्री ने आम जनमानस की समस्याओं को गम्भीरता से सुनते हुये उनके निराकरण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश जारी किया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी,सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, बहादुरपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह,संजय सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं से सक्रिय सदस्य जोड़ने की अपील

सुलतानपुर। राष्ट्रीय लोक दल के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को सुलतानपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बेलाल अहमद ने की तथा संचालन जिला प्रवक्ता अशोक शुक्ला एडवोकेट ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को गांव-गांव और शहर के प्रत्येक वार्ड तक मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जनसंपर्क अभियान चलाना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक क्षेत्र में कम से कम 50 सक्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा जाए, जिससे संगठन की पकड़ जमीनी स्तर पर और मजबूत हो सके। साथ ही किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए बंद पड़ी के.एम. शुगर मिल मसौधा हैदरगढ़ को पुनः चालू कराने की मांग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मिलकर मिल को चालू कराने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल के आगमन पर जिलाध्यक्ष बेलाल अहमद ने माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर शाह आलम, रमेश मोदनवाल, विकास यादव, अंकित मिश्रा, रामलोट सरोज, राजकुमार त्रिपाठी, सिराज अहमद, डॉ. सोरस, धर्मेश चौरसिया पुष्पलता मौर्या एडवोकेट सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोमती मित्र मंडल समिति हुई लखनऊ में सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। माय होम इंडिया परिवार द्वारा 30 मई दिन शनिवार को देर शाम लखनऊ के छत्रपति शाहूजी महाराज भागीदारी भवन में आयोजित हुये स्वातंत्र्यवीर सावरकर जयंती महोत्सव में पर्यावरण एवं गोमती स्वच्छता के लिए किए गए व किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए विशिष्ट अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रो. डॉ. सतीश द्विवेदी, मुख्य वक्ता पूर्व राष्ट्रीय सचिव भाजपा एवं संस्थापक माय होम इंडिया सुनील देवधर व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृपा शंकर सिंह पूर्व गृह राज्य मंत्री महाराष्ट्र की उपस्थिति में पूर्व राज्यपाल उत्तराखंड व वर्तमान में काबीना मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उ. प्र. सरकार तथा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार असीम अरुण ने किया गोमती मित्र मंडल समिति कुशभवनपुर के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन को सम्मानित, माय होम इंडिया के उत्तरप्रदेश संयोजक आलोक रंजन द्वारा आयोजक मंडल को गोमती मित्र मंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा करने के बाद आयोजक मंडल ने यह निर्णय लिया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद गोमती मित्रों संरक्षक रतन कसौधन, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, आरती सह-संयोजक राकेश सिंह दद्दू, युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, मुन्ना सोनी व आलोक तिवारी के साथ उपस्थित गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने अनौपचारिक वार्तालाप में आयोजक मण्डल के प्रति ह्रदय से आभार प्रेषित करते हुये कहा की यह गोमती मित्रों व प्रत्येक नगर वासी का सम्मान है। गोमती मित्र मण्डल के प्रदेश प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने कहा की इस सम्मान के असली हक़दार जनपद के सम्मानित पत्रकार बंधु हैं जिन्होंने समिति के कार्यों को हमेशा अपनी ख़बरों में प्रमुख स्थान दिया है।

# पूर्व भाजपा नेता अशोक राजा समर्थकों संग सपा में शामिल, बोले जनता बदलाव चाहती है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर के एक होटल में रविवार को आयोजित समाजवादी पार्टी के स्वागत एवं सदस्यता समारोह ने स्थानीय राजनीति का माहौल पूरी तरह गरमा दिया पूर्व भाजपा नेता अशोक राजा ने अपने सैकड़ों समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इस मौके पर आयोजित समारोह राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन में बदल गया, जहां भारी भीड़ और जोशीले नारों ने कार्यक्रम को खास बना दिया दोपहर करीब 3 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अशोक राजा का फूलमालाओं और नारों के साथ जोरदार स्वागत किया समारोह स्थल समर्थकों से इस कदर भर गया कि हॉल में जगह कम पड़ती दिखाई दी बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थकों ने सपा के झंडे लहराकर पार्टी के समर्थन में नारे लगाए कार्यक्रम के दौरान मंच से भाजपा सरकार और उसकी नीतियों पर जमकर निशाना साधा गया सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ा है तथा आम जनता खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है नेताओं ने कहा कि किसानों, युवाओं और व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं है सपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा समाज को बांटने की राजनीति कर रही है,जबकि समाजवादी पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति करती आई है वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था कमजोर हुई है और जनता बदलाव का मन बना चुकी है समारोह में बोलते हुए अशोक राजा ने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक भाजपा में रहकर कार्य किया, लेकिन अब पार्टी की नीतियों से निराश होकर समाजवादी पार्टी का दामन थामा है उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह दल है जो हर वर्ग की आवाज उठाती है और कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है उन्होंने अपने समर्थकों से सपा को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को जवाब देगी उनके साथ आए कई कार्यकर्ताओं ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की मंच पर मौजूद सपा नेताओं ने अशोक राजा को पार्टी की बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि उनके आने से पूरनपुर क्षेत्र में संगठन और मजबूत होगा नेताओं ने उनके राजनीतिक अनुभव और जनसंपर्क क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में इसका लाभ पार्टी को मिलेगा समाजवादी पार्टी के सदस्यता समारोह में सपा नेता पवन सिंह यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने टिकट और पद देने के मामले में बसपा को भी पीछे छोड़ दिया है ।

## सम्पादकीय

# आ अब लौट चलें

कभी भारत से विदेश जाना सफलता का पर्याय माना जाता था। इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और तकनीकी विशेषज्ञ अपने सपनों को साकार करने के लिए अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप की ओर निकल पड़ते थे। बेहतर वेतन, आधुनिक जीवनशैली, अनुसंधान के अवसर और सामाजिक सुरक्षा ने लाखों भारतीय युवाओं को आकर्षित किया। लेकिन आज विश्व की बदलती परिस्थितियां एक नया प्रश्न खड़ा कर रही हैं,क्या अब वह समय आ गया है जब विदेशों में बसे भारतीय पेशेवर ''आ अब लौट चलें की व्यथा तथा कथा की पीड़ा से पीड़ित है? वैश्विक युद्ध के चलते अब भारतीय प्रवासी पैसे वालों की जान को खतरा मंडराने लगा और विदेशी शासको के पराई पान के व्यवहार से परेशान होकर वापस घर लौटने की मानसिकता बन चुके हैं। विश्व पिछले कुछ वर्षों से युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, बढ़ती महंगाई, सांस्कृतिक तनाव और कठोर होती आव्रजन नीतियों के दौर से गुजर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य-पूर्व में बढ़ते संघर्ष, अमेरिका और चीन के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा तथा पश्चिमी देशों में बढ़ती राष्ट्रवादी राजनीति ने विदेशी नागरिकों के भविष्य को अनिश्चित बना दिया है। विशेष रूप से भारतीय पेशेवरों के सामने वीजा, स्थायी निवास और रोजगार सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। अनेक देशों में स्थानीय रोजगार को प्राथमिकता देने की मांग तेज हुई है, जिसके कारण प्रवासी समुदाय स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगा है। हाल के वर्षों में अमेरिका की एच-1बी वीजा नीतियों में बदलाव और बढ़ती अनिश्चितताओं ने हजारों भारतीय तकनीकी विशेषज्ञों को भविष्य के प्रति चिंतित किया है। भारतीय मूल के लाखों पेशेवर विदेशों में रहते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार विश्वभर में लगभग 3.5 करोड़ भारतीय मूल के लोग निवास करते हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय माना जाता है। इनमें बड़ी संख्या डॉक्टरों, इंजीनियरों, आईटी विशेषज्ञों, वित्तीय सलाहकारों और शोधकर्ताओं की है। केवल भारतीय छात्रों की बात करें तो वर्ष 2024 तक 13 लाख से अधिक भारतीय छात्र विदेशों में अध्ययन कर रहे थे। विदेशों में रहने वाले भारतीयों की चमकदार तस्वीर अक्सर दिखाई जाती है, किंतु उसके पीछे छिपी मानसिक और सामाजिक पीड़ा कम चर्चा में आती है। आर्थिक सफलता के बावजूद सांस्कृतिक अकेलापन, परिवार से दूरी, बुजुर्ग माता-पिता की चिंता, बच्चों की पहचान का संकट तथा नस्लीय भेदभाव के अनुभव अनेक प्रवासी भारतीयों को भीतर से विचलित करते हैं। पश्चिमी देशों में जीवन की बढ़ती लागत ने भी स्थिति कठिन बना दी है। ऊंचे किराए, महंगी स्वास्थ्य सेवाएं, बच्चों की शिक्षा का खर्च और नौकरी की असुरक्षा ने उस आकर्षण को कमजोर किया है जो कभी विदेशों को अवसरों की स्वर्णभूमि बनाता था। अनेक भारतीय पेशेवर स्वीकार करते हैं कि आर्थिक समृद्धि के बावजूद भावनात्मक संतोष की कमी उन्हें लगातार परेशान करती रहती है। भारत के प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने भी इस विषय पर महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत किए हैं। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने भारतीय प्रवासी समुदाय को 'ब्रेन ड्रेन' नहीं बल्कि 'ब्रेन बैंक' बताया है। उनका मानना है कि प्रतिभाएं जहां अवसर मिलते हैं वहां जाती हैं, किंतु वे अनुभव, पूंजी, तकनीक और वैश्विक दृष्टि के रूप में अपने देश को भी समृद्ध करती हैं। यह विचार आज और अधिक प्रासंगिक है क्योंकि बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर अब विदेशों से लौटकर भारत में स्टार्टअप, अनुसंधान और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। भारत में भी परिस्थितियां तेजी से बदली हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप संस्कृति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष अनुसंधान और वैश्विक क्षमता केंद्रों के विस्तार ने रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के कारण भारत अब केवल प्रतिभा निर्यातक देश नहीं रह गया है, बल्कि प्रतिभाओं को आकर्षित करने वाला देश भी बनने लगा है। कई भर्ती एजेंसियों ने बताया है कि विदेशों में कार्यरत अनुभवी भारतीय पेशेवरों की वापसी की प्रवृत्ति पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ी है। यह भी सच है कि भारत को अभी बहुत कार्य करना बाकी है।

# माता-पिता हैं वर्तमान की शक्ति और भविष्य की प्रेरणा

**विश्व माता-पिता दिवस पर विशेष**

**अधिकांश देशों में सदियों से माता-पिता का सम्मान करने की परंपरा रही है। माता-पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी माता-पिता की जगह नहीं ले सकता। वे सच्चे शुभचिंतक हैं। लेकिन मानव इतिहास में कभी भी परिवार और माता-पिता की भूमिका इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं रही, जितनी आज है। तकनीकी क्रांति ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन मानवीय संबंधों को नई परीक्षाओं के सामने भी खड़ा कर दिया है। मोबाइल, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में बच्चों की दुनिया तेजी से बदल रही है। ज्ञान के स्रोत घर और विद्यालय से निकलकर डिजिटल मंचों तक पहुंच गए हैं। ऐसे समय में माता-पिता की भूमिका केवल पालन-पोषण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे बच्चों के भावनात्मक संतुलन, नैतिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना के प्रमुख संरक्षक बन गए हैं। वे केवल जीवन देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले हैं। दुनिया के हर समाज में माता-पिता को सम्मान दिया जाता है, लेकिन भारतीय संस्कृति ने उन्हें विशेष रूप से देवत्व का स्थान प्रदान किया है। हमारे उपनिषदों का उद्घोष 'मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः'- मानव सभ्यता के श्रेष्ठतम जीवन मूल्यों में से एक है। मां अपने वात्सल्य, करुणा, त्याग और ममता से जीवन को सींचती है, जबकि पिता अपने परिश्रम, अनुशासन, संरक्षण और संघर्ष से भविष्य की मजबूत नींव रखता है। इसी कारण भारतीय परिवार व्यवस्था सदियों तक विश्व के लिए आदर्श बनी रही है। हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक प्रसंग हैं जो माता-पिता के सम्मान और सेवा की प्रेरणा देते हैं। श्रवण कुमार की कथा केवल एक पुत्र की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। अपने वृद्ध और दृष्टिहीन माता-पिता को कंधों पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने वाले श्रवण कुमार ने यह सिद्ध किया कि माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। भगवान श्रीराम ने पिता दशरथ के वचन की रक्षा के लिए राज्य, वैभव और सुखों का त्याग कर वनवास स्वीकार किया।**

विश्व के अधिकतर देशों की संस्कृति में माता-पिता का रिश्ता सबसे बड़ा एवं प्रगाढ़ माना गया है। भारत में तो इन्हें ईश्वर का रूप माना गया है। माता-पिता को उनके बच्चों के लिए किए गए उनके काम, बच्चों के प्रति उनकी निस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन त्याग के लिए सम्मान और सराहना देने के लिए प्रतिवर्ष विश्व माता-पिता (अभिभावक) दिवस 1 जून को मनाया जाता है। यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का पालन दिवस है। यह दिन हमें उस महान शक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर देता है, जिसके कारण मानव जीवन का अस्तित्व, विकास और संस्कार संभव हो पाते हैं। वर्ष 2026 की थीम 'माता-पिता के लिए एक साथ' एक अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश लेकर आई है। यह केवल माता-पिता के सम्मान का आह्वान नहीं करती, बल्कि पूरे समाज, समुदायों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारों को यह प्रेरणा देती है कि वे माता-पिता की भूमिका को समझें, उनके साथ खड़े हों और उनके दायित्वों को निभाने में सहयोग करें। अधिकांश देशों में सदियों से माता-पिता का सम्मान करने की परंपरा रही है। माता-पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी माता-पिता की जगह नहीं ले सकता। वे सच्चे शुभचिंतक हैं। लेकिन मानव इतिहास में कभी भी परिवार और माता-पिता की भूमिका इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं रही, जितनी आज है। तकनीकी क्रांति ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन मानवीय संबंधों को नई परीक्षाओं के सामने भी खड़ा कर दिया है। मोबाइल, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में बच्चों की दुनिया तेजी से बदल रही है। ज्ञान के स्रोत घर और विद्यालय से निकलकर डिजिटल मंचों तक पहुंच गए हैं। ऐसे समय में माता-पिता की भूमिका केवल पालन-पोषण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे बच्चों के भावनात्मक संतुलन, नैतिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना के प्रमुख संरक्षक बन गए हैं। वे केवल जीवन देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले हैं। दुनिया के हर समाज में माता-पिता को सम्मान दिया जाता है, लेकिन भारतीय संस्कृति ने उन्हें विशेष रूप से देवत्व का स्थान प्रदान किया है। हमारे उपनिषदों का उद्घोष 'मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः'- मानव सभ्यता के श्रेष्ठतम जीवन मूल्यों में से एक है। मां अपने वात्सल्य, करुणा, त्याग और ममता से जीवन को सींचती है, जबकि पिता अपने परिश्रम, अनुशासन, संरक्षण और संघर्ष से भविष्य की मजबूत नींव रखता है। इसी कारण भारतीय परिवार व्यवस्था सदियों तक विश्व के लिए आदर्श बनी रही है। हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक प्रसंग हैं जो माता-पिता के सम्मान और सेवा की प्रेरणा देते हैं। श्रवण कुमार की कथा केवल एक पुत्र की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। अपने वृद्ध और दृष्टिहीन माता-पिता को कंधों पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने वाले श्रवण कुमार ने यह सिद्ध किया कि माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। भगवान श्रीराम ने पिता दशरथ के वचन की रक्षा के लिए राज्य, वैभव और सुखों का त्याग कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल आज्ञापालन नहीं था, बल्कि माता-पिता के सम्मान को सर्वोच्च मानने का संदेश था। महाभारत, रामायण और जैन तथा बौद्ध साहित्य में भी माता-पिता के प्रति श्रद्धा को जीवन का सर्वोच्च मूल्य माना गया है। भगवान के रूप में माता-पिता हमारे लिये एक सौगात हैं जिनकी हमें सेवा करनी चाहिए और कभी उनका दिल नहीं तोडना चाहिए। एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। मां का रिश्ता सबसे गहरा एवं पवित्र माना गया है, लेकिन बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता कठोर इसलिये होते हैं ताकि बेटा उन्हें देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। आधुनिक समाज में माता-पिता और उनकी संतान के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। आज जब एकल परिवारों का विस्तार हो रहा है, जीवन की गति तेज हो गई है और रिश्तों में औपचारिकता बढ़ती जा रही है, तब माता-पिता के प्रति संवेदनशीलता को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या, पारिवारिक विघटन और पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरी हमें यह सोचने के लिए विवश करती है कि कहीं आधुनिकता की दौड़ में हम अपने मूल्यों को तो नहीं खो रहे हैं। आर्थिक सफलता, सामाजिक प्रतिष्ठा और तकनीकी उपलब्धियां तभी सार्थक हैं, जब उनके साथ मानवीय संवेदनाएं भी जीवित रहें। जिस घर में माता-पिता सम्मानित होते हैं, वहां संस्कारों की धारा बहती है; जहां उनका उपेक्षित होना प्रारंभ होता है, वहां परिवार की आत्मा कमजोर पड़ने लगती है। वास्तव में माता-पिता किसी भी बच्चे के प्रथम गुरु होते हैं। विद्यालय ज्ञान दे सकता है, लेकिन जीवन जीने की कला, संघर्ष का साहस, प्रेम का भाव, करुणा की संवेदना और नैतिकता की नींव माता-पिता ही रखते हैं। वे अपने बच्चों के लिए अनगिनत त्याग करते हैं, अनेक सपनों का परित्याग करते हैं और बिना किसी अपेक्षा के उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित रहते हैं। उनका प्रेम ऐसा निवेश है जिसका प्रतिफल वे कभी मांगते नहीं, लेकिन जिसकी छाया जीवनभर संतानों को सुरक्षा प्रदान करती रहती है। माता-पिता से जुड़ी संस्कृति एवं परिवारों को सशक्त बनाए बिना किसी भी राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम माता-पिता को केवल सम्मान देने की औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि उनके प्रति कृतज्ञता, संवेदनशीलता और सहयोग की संस्कृति विकसित करें। उनके अनुभवों को सुनें, उनके संघर्षों को समझें, उनके साथ समय बिताएं और उन्हें यह विश्वास दिलाएं कि वे परिवार और समाज के लिए आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने पहले थे। माता-पिता केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की शक्ति और भविष्य की प्रेरणा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नारे ॅसबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास'' की गूंज और भावना अभिभावकों के जीवन में उजाला बने, तभी नया भारत निर्मित होगा। मानवीय रिश्तों में दुनिया में माता-पिता और संतान का रिश्ता अनुपम है, संवेदनाभरा है। माता-पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संभावनाओं के पुंज हैं। हर माता-पिता अपनी संतान की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करते हैं। माता-पिता की प्रेरणाएं संतान को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही माता-पिता शिव पार्वती की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। विश्व माता-पिता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि बदलती दुनिया में बहुत कुछ बदल सकता है, लेकिन माता-पिता के प्रेम, त्याग, मार्गदर्शन और समर्पण का कोई विकल्प कभी नहीं हो सकता। वे परिवार की जड़ हैं, संस्कृति के संवाहक हैं, मानवता के प्रथम शिक्षक हैं और सभ्यता की सबसे मजबूत नींव हैं। यदि हम एक संवेदनशील, संस्कारित और समृद्ध समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो हमें माता-पिता के सम्मान और सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करना होगा। इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब हम केवल भारत में ही नहीं है बल्कि विश्व में अभिभावकों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने की भी है। प्रश्न है कि दुनिया में अभिभावक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों अभिभावकों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि अभिभावकों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को कैसे रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल अभिभावकों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया

# रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता का एआई के जरिये मुकाबला

**चार्वी अरोड़ा**

रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा खतरा अक्सर वही होता है, जो तुरंत दिखाई नहीं देता। एक मरीज संक्रमण के साथ आता है और डॉक्टर सबसे संभावित कारण के आधार पर इलाज शुरू कर देता है लेकिन बैक्टीरिया पहले से ही उन मानक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो सकते हैं, जो मरीज को दी जा रही हैं। इस प्रतिरोध की पुष्टि करने में कई दिन लग सकते हैं और जब तक डॉक्टर प्रयोगशाला की रिपोर्ट का इंतजार करते हैं, संक्रमण उसे रोकने के लिए बनाई गई व्यवस्था की तुलना में तेजी से फैलता रह सकता है। यही खामोश अनिश्चितता रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता या एएमआर को इतना खतरनाक बनाती है। यह केवल एक और बीमारी नहीं है। यह आधुनिक चिकित्सा की बुनियाद को ही कमज़ोर कर देता है, जिससे सामान्य संक्रमणों का इलाज करना कठिन हो जाता है। यह ऐसी चुनौती भी है, जिसके लिए बेहतर उपकरण, तेज़ी से जवाब और मजबूत साझेदारियों की आवश्यकता होती है। यहीं पर डॉ. एशले स्टिचिन्स्की की भूमिका आती है। संक्रामक रोग विशेषज्ञ और यूएस सेंटर्स फ़ॉर डिज़ीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) में मेडिकल ऑफिसर डॉ. स्टिचिन्स्की, एम्बेसी साइंस फ़ेलोज़ प्रोग्राम के तहत भारत में हैं, ताकि यह समझा जा सके कि अमेरिका रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता (एएमआर) का आकलन करने और उससे निपटने के क्षेत्रीय प्रयासों में किस प्रकार सहयोग कर सकता है। उनका कार्य वैश्विक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सुरक्षा और नई खोजों के मिलन स्थल पर है, विशेष रूप से तब, जब अमेरिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों का अधिक प्रभावी ढंग से पता लगाने, निगरानी करने और उनसे निपटने के औजार के रूप में आगे बढ़ा रहा है। भारत में डॉ. स्टिचिन्स्की की भूमिका यह पहचानना है कि स्थानीय प्राथमिकताएं क्या हैं और कहां कमियां हैं तथा कहां अमेरिका के साथ सहयोग सार्थक बदलाव ला सकता है। राष्ट्रीय कार्य योजनाएं पहले से मौजूद हैं, लेकिन तेज निदान, मजबूत निगरानी और बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकने वाले तकनीकी समाधानों की आवश्यकता अभी भी अत्यंत महत्वपूर्ण बनी हुई है। रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता के बढ़ते स्तर ने इसे वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों की अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया है। वर्षों तक स्वास्थ्य विशेषज्ञ एचआईवी, मलेरिया और तपेदिक को ॅबिग थ्रीङ्क कहते रहे, क्योंकि हर वर्ष इनसे बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु होती थी। अब रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता यानी एएमआर भी उसी श्रेणी में आ गया है। डॉ. स्टिचिन्स्की बताती हैं, ॅपिछले कुछ वर्षों में जब हम अधिक ठोस आंकड़े एकत्र करने में सक्षम हुए हैं, तब हमें यह समझ में आया है कि रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता भी उसी स्तर पर है, जिससे हर वर्ष 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हो रही है। एएमआर केवल इसलिए खतरा नहीं है कि यह सीधे तौर पर बड़ी संख्या में मौतों का कारण बनता है। यह इसलिए भी खतरनाक है क्योंकि यह उन चिकित्सीय उपकरणों और उपचार प्रणालियों को कमजोर कर देता है, जिन पर स्वास्थ्य सेवाओं के अनेक अन्य रूप निर्भर करते हैं। वह कहती हैं, ॅआधुनिक चिकित्सा में हम जो कुछ भी करते हैं, उसका बड़ा हिस्सा इस बात पर निर्भर करता है कि एंटीबायोटिक्स संक्रमणों का प्रभावी ढंग से रोकथाम और इलाज कर सकें। इसमें नियमित सर्जरी, कीमोथेरेपी देना और एचआईवी का प्रबंधन जैसी चीजें शामिल हैं। ये सभी प्रभावी एंटीबायोटिक्स पर निर्भर हैं। यदि यह क्षमता समाप्त हो जाती है, तो यह उस स्वास्थ्य सेवा के बड़े हिस्से को कमजोर कर देगा, जिसे हम आवश्यक मानते हैं। यही कारण है कि एएमआर भारत और अमेरिका दोनों के लिए इतना महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह केवल स्वास्थ्य संबंधी चुनौती नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत चुनौती भी है-जो तैयारी, आर्थिक स्थिरता और स्वास्थ्य सेवाओं में जनता के विश्वास को प्रभावित करती है। एएमआर की सबसे कठिन बातों में से एक यह है कि यह खुद को स्पष्ट रूप से प्रकट नहीं करता। एक प्रतिरोधी संक्रमण शुरुआत में किसी सामान्य संक्रमण जैसा ही दिख सकता है। अंतर अक्सर प्रयोगशाला परीक्षण के बाद ही स्पष्ट होता है, और इस प्रक्रिया में समय लगता है।

## सेहत मंत्र

# बदलते मौसम से खुद को सुरक्षित और सेहतमंद बनाए रखने के लिए दही और छांछ को करें डाइट में शामिल

गर्मी का मौसम आजकल अपने शबाब पर है, लेकिन इसके साथ ही मौसम में अचानक बदलाव भी होते रहते हैं। मौसम में लगातार परिवर्तन होते रहने के कारण हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी प्रभावित होती है। इसके कारण बहुत से वायरस और बैक्टीरिया हमें बीमार कर सकते हैं। अगर आप चाहती हैं कि इस मौसम में बीमारियां आपके आसपास न फटकें तो इसके लिए अपनी सेहत को दुरुस्त रखना होगा। अपनी सेहत को कैसे सही रखा जाए इसके लिए हमें अपनी रोजाना की डाइट में हरी सब्जियों, मौसमी फलों (खासकर विटामिन सी और पानी से भरपूर) के साथ ही दही और छांछ की भी मात्रा शामिल करनी चाहिए। ये दोनों कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। खासकर इनमें प्रोटीन भरपूर होता है। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। दही पाचनतंत्र को सही रखने में मदद करता है। इसके साथ ही यह हड्डियों को मजबूत बनाता है। यह वजन कम करने में भी सहायक है और हृदय संबंधी समस्याओं से बचाने में काफी कारगर है। दही के सेवन से हाइपरटेंशन से भी राहत मिलती है। कई शोधों से पता चला है कि दही का सेवन करने से चिंता और तनाव जैसी मानसिक समस्याओं से काफी राहत मिलती है। गर्मी के मौसम में दही का प्रयोग करते रहने से विभिन्न प्रकार की पेट संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। दही दांतों की मजबूती के लिए भी लाभदायक होता है। इसी प्रकार छांछ अर्थात मट्ठा न केवल पाचनतंत्र को सही रखता है, बल्कि शरीर में विटामिंस की कमी नहीं होने देता है। यह हृदय के लिए फायदेमंद होने के साथ ही ब्लड प्रेशर को सामान्य रखने में मदद करता है। छांछ में काफी मात्रा में कैल्शियम और पोटेशियम पाया जाता है। इसलिए यह दांतों के लिए भी लाभदायक होता है। इसमें मिलने वाले विटामिंस और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में मौजूद हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने में काफी मदद करते हैं।

## धर्म मंत्र

# मुंडन क्यों किया जाता है और क्या है इसके धार्मिक और शारीरिक लाभ

हिन्दू धर्म में मुंडन का विधान है। यह सोलह मुख्य संस्कारों में आठवां संस्कार है। इस संस्कार में शिशु के सिर से बाल हटाए जाते हैं। यह संस्कार एक साल के बाद किया जाता है। यह संस्कार चूड़ाकर्म के नाम से भी जाना जाता है। इस संस्कार के पहले अन्नप्राशन संस्कार होता है, जिसमें शिशु को अन्न खिलाया जाता है। हालांकि, इस संस्कार को लेकर लोगों के मन में कल्मष ( सवाल ) पैदा होने लगे हैं कि क्या यह जरूरी है? अगर आपके मन में भी मुंडन संस्कार को लेकर कोई सवाल है तो आइए जानते हैं कि मुंडन के वैज्ञानिक ( शारीरिक ) और धार्मिक लाभ क्या हैं- डॉक्टर हमेशा शिशुओं को सुबह-सुबह धूप में नंगे बिठाने या लिटाने की सलाह देते हैं। इस बारे में उनका कहना होता है कि इससे शिशुओं को विटामिन डी प्राप्त होता है, जो कि उनकी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। अगर शिशु के सिर से बाल हटा दिए जाए तो उन्हें विटामिन डी अधिक मात्रा में प्राप्त होता है। इसके साथ ही डॉक्टर का कहना है कि मुंडन करने से बालों का विकास सही से होता है। जबकि धार्मिक मान्यता है कि हिन्दू धर्म में 84 लाख योनियों के बाद आत्मा को मानव तन प्राप्त होता है। ऐसा माना जाता है कि प्रत्येक योनी का मानव जन्म पर अपना प्रभाव पड़ता है। इन प्रभावों से शिशु को बचाने के लिए मुंडन किया जाता है। इस संस्कार को करने से शिशु को पिछली योनियों से मुक्ति मिल जाती है और शिशु का शरीर शुद्ध हो जाता है। कुछ जानकारों का ऐसा भी कहना है कि मुंडन करने से शिशु के मस्तिष्क का विकास सही ढंग से होता है। मुंडन संस्कार में कुछ रीति-रिवाजों को पूरा करने के बाद शिशु के सिर से बाल हटाए जाते हैं। इसलिए यह संस्कार किया जाता है।

## पर्यटन



# अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक जुलाई से खुलेंगे स्पेन के दरवाजे

कोरोना महामारी के बीच स्पेन से एक बड़ी खुशखबरी उन लोगों के लिए आ रही है, जो घूमने के शौकीन हैं। स्पेन के प्रधानमंत्री घ्द्दन्ध ट्ट'ब्रदद्धद्ग ने एलान किया है कि 1 जुलाई से स्पेन में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का दिल से स्वागत है। एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, स्पेन सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 14 दिनों के क्वारंटाइन नियम को भी हटाएगी। इससे अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के स्पेन में आने के सभी दरवाजे पूरी तरह से खुल जाएंगे। इस बारे में स्पेन के पीएम पेन्ड्रो सन्चीज ने आधिकारिक तौर पर एलान करते हुए कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, स्पेन में हर साल 8 करोड़ से अधिक पर्यटक आते हैं। इसके मद्देनजर 1 जुलाई से स्पेन के दरवाजे अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए खोल दिए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पर्यटन के दरवाजे खोलने पड़े। हम अपने देश के सभी नागरिकों सहित अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की सेहत और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने देश के सभी नागरिकों से अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए वेकेशन प्लान करने का अनुरोध किया। जबकि लोगों के मनोबल को बढ़ाने के लिए देश में 8 जून से फुटबॉल खेल शुरू करने की अनुमति भी दी है। इस बारे में स्पेन के विदेश मंत्री अर्चना गोनजालेज ने सोशल मीडिया ट्विटर पर ट्वीट कर कहा कि बुरा समय पीछे चला गया है। अब हम आगे निकल आए हैं और 1 जुलाई से स्पेन को अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए धीरे-धीरे खोल रहे हैं। साथ ही क्वारंटाइन भी हटा रहे हैं। गौरतलब है कि स्पेन में कोरोना वायरस महामारी से व्यापक तबाही हुई है। इस वायरस से 2 लाख 83 हजार से अधिक लोग संक्रमित पाए गए हैं, जिनमें तकरीबन 2 लाख लोगों का सफल इलाज हो चुका है। जबकि 27 हजार लोगों की मौत हो चुकी है।

# बाराबंकी में लोकमाता के सम्मान में श्रद्धा और उत्साह का संगम, युवाओं ने बाइक रैली तो ग्रामीणों ने पुष्पांजलि सभा के माध्यम से किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





निंदूरा/मसौली बाराबंकी। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर रविवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं सैकड़ों युवाओं ने विशाल बाइक रैली निकालकर लोकमाता के गौरवशाली व्यक्तित्व का स्मरण किया तो कहीं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के तत्वावधान में देवा क्षेत्र के बिशुनपुर से विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। गाजे-बाजे के साथ निकली यह रैली देवा, खेवली, मित्तई, धरसंडा, बेहड़पुरवा, गढ़ी, कुर्सी, बहरौली, अमरसंडा और उमरा होते हुए अनवारी के मदारपुर गांव में संपन्न हुई। रैली में सैकड़ों युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जयघोष लगाए।

इस अवसर पर श्रीश रावत ने कहा कि जो समाज अपने महापुरुषों और पूर्वजों का सम्मान नहीं करता, वह कभी आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर को सनातन संस्कृति, लोककल्याण और राष्ट्र निर्माण की महान प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके द्वारा कराए गए मंदिरों के पुनर्निर्माण और जनसेवा के कार्य आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में इंद्रेश पाल, कुलदीप पाल, प्रेमचंद पाल और रामबरन पाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। उधर, मसौली विकासखंड के ग्राम बासा में जगदीश प्रसाद धनगर के आवास पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर पुष्पांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष केवल प्रसाद रहे जबकि संचालन ओमप्रकाश वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राजमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके जीवन, संघर्ष और समाज सेवा के योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि केवल प्रसाद ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में धर्म, शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी अनुकरणीय हैं। उन्होंने सभी लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने तथा नई पीढ़ी तक उनके प्रेरणादायी जीवन का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही प्रत्येक परिवार से अपने घर में लोकमाता का चित्र स्थापित कर उनकी स्मृतियों को जीवंत रखने की अपील की।

कार्यक्रम में सहज राम धनगर, सूर्य प्रकाश धनगर, कुलदीप धनगर, श्रीकेशन धनगर, विद्या प्रसाद, मनीष कुमार, रूपनारायण, रामबख्श धनगर, रामविलास, राममिलन और नंदकिशोर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सामूहिक श्रवण कार्यक्रम 'मन की बात' से मिला राष्ट्र निर्माण का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा, बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का प्रसारण रविवार को विधानसभा कुर्सी क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहरौली स्थित बूथ संख्या 434 पर सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपक यादव, सेक्टर संयोजक राम नरेश मौर्य, राकेश मौर्य, बूथ अध्यक्ष लवकुश राजपूत, श्रीश रावत, राजाराम यादव, नीरज विश्वकर्मा, राजू मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के माध्यम से समाज और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर दिए जाने वाले संदेश देशवासियों को नई प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को इन विचारों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान श्रीश रावत ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजागरण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से लोगों को सकारात्मक सोच, जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और सहभागिता का माहौल बना रहा।

## इलेक्ट्रिक वाहनों से हर महीने हो रही 70 हजार की बचत, लोग ले रहे प्रेरणा : शुभम अवस्थी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन अब सिर्फ पर्यावरण के लिए नहीं, जेब के लिए भी फायदे का सौदा बन रहे हैं। बाराबंकी में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रंजीत बहादुर श्रीवास्तव का अनुभव इसका जीता-जागता उदाहरण है। श्रीवास्तव परिवार ने पिछले साल नवंबर में पहली ईवी कार खरीदी। 10 लाख रुपये की यह कार एक बार चार्ज होने पर 200 किमी चलती है। मार्च में दोनों बेटों ने 17-17 लाख रुपये की दो और ईवी खरीदीं, जिनकी रेंज 350 किमी है। हाल ही में 32 लाख रुपये की चौथी ईवी घर आई है, जो एक बार चार्ज पर 600 किमी तक चलती है। पूर्व चेयरमैन बताते हैं कि चारों ईवी को चार्ज करने पर महीने का खर्च करीब 10 हजार रुपये आता है। पहले उनके पास मौजूद चार डीजल-पेट्रोल कारों पर यही खर्च 80 हजार रुपये तक पहुंच जाता था। इस तरह ईवी अपनाने से परिवार को हर महीने करीब 70 हजार रुपये की बचत हो रही है। श्रीवास्तव का कहना है कि इससे न सिर्फ आर्थिक लाभ हुआ, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने और देश के विकास में योगदान देने की अपील भी साकार हो रही है। उनके अनुभव से प्रेरित होकर अब कई परिचित और जानने वाले ईवी के बारे में जानकारी ले रहे हैं और खरीदने की योजना बना रहे हैं। इसी तरह उद्योगपति अतुल सिंह ने भी ईवी कार खरीद रखी है। इनका कहना है कि प्रधानमंत्री की अपील का भी काफी असर है। शहर के विकास भवन मोड़ स्थित एक कार कंपनी के शोरूम कि मैनेजर ने बताया कि एक महीने में 25 ईवी कारें बुक हो चुकी हैं। खरमास व मलमास समाप्त होते ही डिलीवरी शुरू हो जाएगी।

## झूठे तथ्यों पर तलाक का मुकदमा, वादी और वकील पर चलेगा आपराधिक केस

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फैमिली कोर्ट ने झूठे तथ्यों के आधार पर पत्नी से तलाक लेने की कोशिश करने वाले पति और उसके वकील पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ मुकदमा चलाने के आदेश दिए हैं। मामले के अनुसार, बीते साल एक व्यक्ति ने पत्नी से तलाक के लिए फैमिली कोर्ट में अर्जी दी थी। प्रार्थना पत्र में उसने लिखा था कि पत्नी 22 फरवरी 2026 को मायके चली गई है। लेकिन पति से अलग रहने का दो साल का प्रमाण न होने पर कोर्ट ने 17 मार्च 2024 को वाद खारिज कर दिया। हमारे प्रतिनिधि गहरी पड़ताल के अनुसार वाद खारिज होने के अगले ही दिन उसी अधिवक्ता के जरिए नया वाद दाखिल किया गया। इसमें पत्नी के मायके जाने की तारीख बदलकर 22 फरवरी 2024 कर दी गई, ताकि दो साल का अंतर पूरा दिखाया जा सके। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आने पर कोर्ट ने इसे गंभीरता से लिया। प्रभारी प्रधान न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने वाद खारिज करते हुए कहा कि वादी और अधिवक्ता ने जानबूझकर गलत तथ्य पेश किए हैं। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। इससे पहले दोनों को अगले माह तलब किया गया है।

## पत्रकार सम्मान समारोह में नेताओं के बड़े बोल, पत्रकारों ने भी महसूस की हल्की चुभन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर नगर के एक होटल में हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अगले दिन आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में मंच पर नेताओं और पदाधिकारियों ने पत्रकारों की भूमिका की जमकर सराहना की कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता एवं भाजपा नेता रजनीश पाण्डेय द्वारा किया गया, जिसमें पत्रकारों को सम्मानित कर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मजबूत होने की बातें कही गईं हालांकि, मंच से पत्रकारिता की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर बड़े-बड़े भाषण जरूर हुए, लेकिन पत्रकारों से जुड़े जमीनी सवालों पर चर्चा सीमित ही दिखाई दी कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, विधायक बाबूराम पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया इसके बाद अतिथियों ने पत्रकारों को सम्मानित करते हुए उन्हें समाज का आईना बताया मंच संचालन ब्राह्मण सभा के नगर महामंत्री नवनीत मिश्रा ने किया समारोह में क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पाण्डेय, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, सुल्तानपुर मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा, बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष एडवोकेट संजय पाण्डेय, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष आनंद मिश्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित,प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. अमिताभ मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता शिवराम सनाढ्य, पूर्व प्रधान वेद तिवारी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे समारोह में नेताओं ने पत्रकारों को लोकतंत्र की आवाज बताया, वहीं कुछ पत्रकारों के बीच यह चर्चा भी रही कि सम्मान समारोहों से आगे बढ़कर पत्रकार सुरक्षा, निष्पक्ष खबरों पर दबाव और स्थानीय पत्रकारों की समस्याओं पर भी गंभीर पहल होनी चाहिए फिलहाल मंच पर सम्मान, माल्यार्पण और फोटो सेशन का दौर देर तक चलता रहा हैं।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का सम्मान, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को किया गया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर(ब्यूरो)। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय उन्नति सेवा संघ द्वारा एनआईसी गेस्ट हाउस में भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ एवं सक्रिय पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उन्नति सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं, जो दिन-रात और हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज तक सही और निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार अक्सर जोखिम भरे हालात में भी जनहित के मुद्दों को सामने लाते हैं, इसलिए समाज के प्रत्येक वर्ग का दायित्व है कि वह पत्रकारों के योगदान का सम्मान करे। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, ताकि समाज और पत्रकारिता के बीच विश्वास और सम्मान का संबंध और मजबूत हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुप खेतान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष आचिन मल्होत्रा उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारों को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताया।समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन पत्रकारों के सम्मान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# रेलमेध यज्ञ सबका साथ सबका विकास का मूर्त रूप सब का साथ सबका विकास का मूर्त रूप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।धर्मजागरण रेलमेध यज्ञ के माध्यम से सबको जल सहित मिष्ठान वितरित करने का अभियान चला रहा है, इस जल वितरण कार्यक्रम में न कोई छुआछूत की भावना है न ऊँच नीच की और ना ही निर्धन और धनवान होने से मतलब है। सभी धर्मसेवक इस प्रकार अपरिचित रेलयात्रियों को जल मिष्ठान वितरित कर रहे हैं जैसे कोई अपने घनिष्ठ सगे संबंधी को जल पिला रहा हो। इस प्रकार आप धर्मसेवक बंधु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास की भावना को मूर्त रूप दे रहे हैं। यह विचार वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वर्मा कक्का ने बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर अमित अवस्थी अधिवक्ता संयोजक, धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ.प्र. द्वारा चलाए जा रहे जल वितरण कार्यक्रम में धर्मसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

समाजसेवी पवन जैन ने धर्मसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रेलों में आप लोग जिस प्रकार से जल सहित मिष्ठान वितरण कर रहे हैं उससे क्षेत्रवाद,भाषावाद, जातिवाद,उत्तर दक्षिण, पूरब पश्चिम, जैसी कुत्सित मानसिकता का दमन हो रहा है यही राष्ट्रवाद है।

इस अवसर पर आलोक सिंह, वेद तिवारी, इंद्रजीत सिंह, डॉ. मयंक दीक्षित, रितेश मिश्रा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, पवन मिश्रा, आशीष शरण गुप्ता, वरुण मिश्रा, योगेंद्र सिंह, प्रदीप नायर, राजेंद्र यादव, युगल किशोर दीक्षित, यतींद्र सिंह, विजय श्रीवास्तव, अभिषेक गौतम, मुनीश श्रीवास्तव, शिव शंकर वर्मा, तेजस, बलजीतअरोड़ा, नरेंद्र त्रिपाठी, शंकर शरण अवस्थी, सूर्यकांत दीक्षित, पुष्कर सिंह, सुरेंद्र चतुर्वेदी, अखंड प्रताप सिंह आदि धर्म सेवक कार्यक्रम में उपस्थित रहे

# स्वच्छता अभियान की खुली पोल: नगर पंचायत खुद जला रही कूड़ा, धुएं में घुट रही सांसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। केंद्र और प्रदेश सरकार जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने पर जोर दे रही हैं, वहीं आदर्श नगर पंचायत रामसनेहीघाट की कार्यशैली इन प्रयासों पर सवाल खड़े कर रही है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर-3, बनीकोडर के गांव ठठरहा में सड़क किनारे खुले में कूड़ा डंप कर उसे जलाए जाने का मामला सामने आया है।

कूड़ा जलाने से उठ रहा घना धुआं और दुर्गंध आसपास के लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्वच्छता अभियान अब केवल कागजों, रैलियों और फोटो सेशन तक सीमित होकर रह गया है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बिल्कुल विपरीत हैं। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत स्वयं पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार खुले में कूड़ा जलाने से निकलने वाला धुआं वातावरण में जहरीले कण और गैसें छोड़ता है, जो श्वसन संबंधी बीमारियों, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसके साथ ही यह वायु प्रदूषण को बढ़ावा देकर पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों को नगर पंचायत क्षेत्र में शामिल किए जाने के बाद भी बुनियादी व्यवस्थाओं में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। कूड़ा निस्तारण की वैज्ञानिक व्यवस्था के अभाव में लोगों को प्रदूषण और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। अब सवाल यह है कि जब स्वच्छता का जिम्मा संभालने वाली संस्था ही खुले में कूड़ा जलाकर नियमों की धज्जियां उड़ा रही है, तो आम लोगों से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की उम्मीद कैसे की जा सकती है? स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग से मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ''स्वच्छता के नारों के बीच कूड़े की आग से उठता धुआं यह बता रहा है कि अभियान की असली तस्वीर सरकारी दावों से कितनी अलग है।

## बाराबंकी के चर्चित हत्याकांड में नया मोड, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जीडी में विरोधाभास

**मृतका ड्यूटी पर थी, फिर किसका मिला शव' हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद आरोपी को जमानत**

**मृतका सिपाही की ड्यूटी एंट्री बनी जमानत का आधार, हाईकोर्ट ने आरोपी इंद्रेश मौर्य को किया रिहा**

बाराबंकी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बाराबंकी के मसौली थाना क्षेत्र में दर्ज चर्चित हत्या मामले में आरोपी इंद्रेश मौर्य को जमानत दे दी है। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान उपलब्ध अभिलेखों और पुलिस की जनरल डायरी (जीडी) का अवलोकन करते हुए प्रथम दृष्टया मामले में कई गंभीर विसंगतियां पाई हैं। मामला मसौली थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 319/2025 से जुड़ा है, जिसमें इंद्रेश मौर्य पर एक महिला की हत्या करने का आरोप लगाया गया था। एफआईआर के अनुसार महिला और आरोपी के बीच विवाह का संबंध था तथा 30 जुलाई 2025 को महिला का शव मिलने के बाद उसके भाई ने इंद्रेश मौर्य पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष ने अदालत को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का समय पोस्टमार्टम से 3-4 दिन पहले बताया गया है। पोस्टमार्टम 30 जुलाई 2025 को हुआ था, जिससे मृत्यु 26 या 27 जुलाई के आसपास होना दर्शाया गया। वहीं अदालत के निर्देश पर प्रस्तुत की गई जनरल डायरी में यह दर्ज मिला कि मृतका 27, 28 और 29 जुलाई को नियमित रूप से ड्यूटी पर मौजूद थी। जीडी में उसके आने-जाने और ड्यूटी संबंधी प्रविष्टियां तथा हस्ताक्षर भी दर्ज पाए गए। आरोपी के सीनियर अधिवक्ता फारूक अय्यूब ने तर्क दिया कि जब मृतका उक्त तिथियों में ड्यूटी कर रही थी तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दर्शाए गए मृत्यु समय और अभियोजन के कथन में स्पष्ट विरोधाभास है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है और केवल संदेह के आधार पर आरोपी को फंसाया गया है। वहीं वादी पक्ष ने 27 जुलाई की सीसीटीवी फुटेज का हवाला दिया, लेकिन अदालत ने पाया कि उसी अवधि में मृतका के ड्यूटी पर होने का रिकॉर्ड मौजूद है। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि शव पर कीड़े (द्रथद्दद्दधप्प) पाए गए थे और शव सड़ने की अवस्था में था, जो एक दिन पुराने शव की स्थिति नहीं मानी जा सकती। न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने अपने आदेश में कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड और जीडी प्रविष्टियों से प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि मृतका 27, 28 और 29 जुलाई को ड्यूटी पर थी, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मृत्यु 3-4 दिन पहले होने की ओर संकेत करती है। ऐसी परिस्थितियों में यह संभावना नजर आती है कि बरामद शव की पहचान और मामले के तथ्यों को लेकर गंभीर प्रश्न मौजूद हैं। इन्हीं तथ्यों को देखते हुए हाईकोर्ट ने इंद्रेश मौर्य की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए उसे व्यक्तिगत मुचलका और दो जमानतदारों पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि जमानत आदेश में की गई टिप्पणियां केवल जमानत के उद्देश्य से हैं और ट्रायल कोर्ट मामले के गुण-दोष का स्वतंत्र रूप से निर्णय करेगा।

# महादेवा कॉरिडोर, करोड़ों की परियोजना पर भ्रष्टाचार की आंच! अधिग्रहण क्षेत्र में लाखों का वाटर कूलर लगाने पर उठे सवाल

## डीएम को सौंपा शिकायती पत्र, अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी महादेवा कॉरिडोर परियोजना एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गई है। इस बार मामला श्रद्धालुओं की सुविधा के नाम पर लगाए गए लाखों रुपये के वाटर कूलर से जुड़ा है, जिसको लेकर सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एक स्थानीय नागरिक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

ग्राम लोधौरा निवासी दिनेश बाजपेयी ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में क्षेत्र पंचायत सूरतगंज द्वारा 15वें वित्त आयोग की निधि से स्थापित कराया गया वाटर कूलर उस भूमि पर लगाया गया है, जो प्रस्तावित महादेवा कॉरिडोर के अधिग्रहण क्षेत्र में आती है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब कॉरिडोर निर्माण के लिए आसपास की अधिकांश भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है और कई भवनों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी हो चुकी है, तब ऐसी भूमि पर सरकारी धन खर्च करना गंभीर वित्तीय अनियमितता की ओर संकेत करता है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित भूमि को अधिग्रहण सूची से जानबूझकर बाहर रखा गया, जबकि वह कॉरिडोर के प्रस्तावित मुख्य मार्ग में स्थित है। यदि भविष्य में उक्त भूमि का अधिग्रहण किया जाता है तो लाखों रुपये की लागत से लगाया गया वाटर कूलर या तो हटाना पड़ेगा अथवा ध्वस्त हो जाएगा, जिससे सरकारी धन की सीधी बर्बादी होगी। यही कारण है कि पूरे मामले में अधिकारियों और कर्मचारियों की संभावित मिलीभगत की आशंका भी जताई गई है। शिकायतकर्ता ने विशेष रूप से संबंधित लेखपाल की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि अधिग्रहण सूची तैयार करते समय तथ्यों को नजरअंदाज किया गया। उनका कहना है कि यदि कॉरिडोर के मूल नक्शे और अधिग्रहण अभिलेखों का मिलान कराया जाए तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

प्रार्थना पत्र में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि महादेवा कॉरिडोर के मूल मास्टर प्लान, अधिग्रहण सूची और वाटर कूलर स्थापना से संबंधित अभिलेखों की संयुक्त जांच कराई जाए। साथ ही यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही अथवा मिलीभगत सामने आती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा सरकारी धन की क्षति की वसूली भी सुनिश्चित की जाए। शिकायतकर्ता ने जांच पूरी होने तक संबंधित भूमि पर किसी भी नए निर्माण कार्य पर रोक लगाने की भी मांग की है। महादेवा कॉरिडोर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन परियोजना मानी जा रही है। ऐसे में परियोजना क्षेत्र में विकास कार्यों के नाम पर खर्च किए जा रहे सरकारी धन को लेकर उठे ये सवाल प्रशासन के लिए चुनौती बन सकते हैं। मामला सार्वजनिक होने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोगों की निगाहें अब जिलाधिकारी की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप जांच में सही पाए जाते हैं तो यह केवल एक वाटर कूलर का मामला नहीं होगा, बल्कि महादेवा कॉरिडोर परियोजना में योजना निर्माण, भूमि अधिग्रहण और सरकारी धन के उपयोग की पूरी प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर सकता है।

# नौकरी छोड़ शिवभक्ति में रमा बंगाल का युवक: 18 माह की पदयात्रा पर निकले प्रणेश, 89 दिन में पहुंचे लोधेश्वर धाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार से 3 मार्च को शुरू हुई एक अनूठी धार्मिक पदयात्रा सोमवार को श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम पहुंची। बेंगलुरु एयरपोर्ट की नौकरी छोड़कर शिवभक्ति में लीन हुए प्रणेश कुमार घोष अपने साथी श्यामल दास के साथ 89 दिन की यात्रा कर लोधेश्वर धाम पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान लोधेश्वर का जलाभिषेक व विधि-विधान से पूजन कर आशीर्वाद लिया। 18 माह में देश के प्रमुख शिवधामों के दर्शन का संकल्पः प्रणेश कुमार घोष ने बताया कि उन्होंने 3 मार्च 2026 को कूचबिहार जिले के गीतलदहा बाजार से पदयात्रा शुरू की थी। इस 18 माह लंबी यात्रा का उद्देश्य देश के प्रमुख शिवधामों के दर्शन कर जन-जन तक शिवभक्ति का संदेश पहुंचाना है। यात्रा के दौरान वे झारखंड के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम सहित कई शिवस्थलों के दर्शन कर चुके हैं। नौकरी छोड़ थामा शिव का दामनः प्रणेश ने बताया कि वे पहले बेंगलुरु एयरपोर्ट पर कार्यरत थे। लेकिन सांसारिक मोह त्याग कर उन्होंने पूरी तरह भगवान शिव की भक्ति में जीवन समर्पित करने का निश्चय किया। नौकरी छोड़ने के बाद वे पदयात्रा पर निकल पड़े। आगे का कठिन मार्गः लोधेश्वर महादेव के दर्शन के बाद प्रणेश का तीर्थयात्रा दल हरिद्वार के लिए रवाना हो गया। वहां से ऋषिकेश, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ होते हुए बद्रीनाथ धाम तक की दुर्गम पैदल यात्रा जारी रहेगी। उनके साथ कूचबिहार के ही श्यामल दास भी पूरी यात्रा में शामिल हैं। क्या कहते हैं प्रणेशः ड्डशिव ही सत्य हैं, शिव ही सुंदर हैं। आज युवा वर्ग को भौतिकवाद से निकलकर अध्यात्म से जुड़ना चाहिए। यही संदेश लेकर हम भारत भ्रमण पर निकले हैं। रास्ते में मिलने वाले हर शिवभक्त का आशीर्वाद हमारी ऊर्जा है प्रणेश ने कहा।

**यात्रा एक नजर में**

> यात्रीः प्रणेश कुमार घोष, श्यामल दास

> शुरुआतः 3 मार्च 2026, गीतलदहा बाजार, कूचबिहार, पश्चिम बंगाल

> उद्देश्यः 18 माह में प्रमुख शिवधामों की पदयात्रा कर शिवभक्ति का प्रचार

> पूर्णः 89 दिन, बाबा बैद्यनाथ धाम दर्शन आगामी पड़ावः हरिद्वार, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ

लोधेश्वर महादेवा धाम में तीर्थयात्रियों का मंदिर समिति ने स्वागत किया। क्षेत्र के शिवभक्तों ने भी प्रणेश के संकल्प की सराहना की।

खबर को और प्रभावी बनाने के टिप्सः

1. फोटो जरूरीः प्रणेश और श्यामल दास की लोधेश्वर मंदिर परिसर में जलाभिषेक करते हुए फोटो सबसे ऊपर लगाएं। भगवा वस्त्र, रुद्राक्ष माला, हाथ में त्रिशूल वाला फोटो हो तो सोने पर सुहागा।

2. बाइट लेंः मंदिर के पुजारी या प्रबंधक की 1 लाइनः ''ऐसे शिवभक्त विरले ही होते हैं, लोधेश्वर इनकी यात्रा सफल करें।''

3. मानवीय कोणः ''89 दिन में छाले पड़े पैर, फिर भी चेहरे पर शिव के नाम की मुस्कान'' जैसी पंक्ति डालें।

4. लोकल कनेक्टः ''बाराबंकी पहुंचकर प्रणेश ने कहा- अवध की धरती पर आकर धन्य हुआ'' यह लोकल पाठकों को जोड़ेगा।

यह खबर धर्म पेज के साथ-साथ पहले पन्ने की एंकर भी बन सकती है। 'जॉब छोड़ शिव के हुए' जैसा कोण युवाओं को बहुत आकर्षित करेगा।

## आरसीबी ने लगातार दूसरी बार जीता आईपीएल का खिताब, फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराया

एजेंसी




अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली की अर्धशतकीय पारी की बदौलत फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब अपने नाम कर लिया है। आरसीबी लगातार दो आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बन गई है। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने 2010-11 और मुंबई इंडियंस ने 2019-20 में लगातार दो बार आईपीएल का खिताब जीता है। आईपीएल 2026 फाइनल में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइंटस ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वाशिंगटन सुंदर की अर्धशतकीय पारी (50) की बदौलत 8 विकेट के नुकसान पर आरसीबी को 156 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में आरसीबी ने कोहली की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 18 ओवर में 5 विकेट से जीत दर्ज की। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की लाल और काली मिट्टी के मिश्रण वाली पिच पर शॉट खेलना बिलकुल भी आसान नहीं था जो गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी में साफ झलक रही थी जिससे आरसीबी के लिए रसिख सलाम ने तीन जबकि भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने दो दो विकेट चटकाए। कृणाल पंड्या ने 23 रन देकर एक विकेट झटका। गुजरात टाइटन्स के लिए एकमात्र वॉशिंगटन सुंदर ही इस मुश्किल का सामना करते हुए 37 गेंद में पांच चौके से नाबाद 50 रन बना पाए। शुक्रवार को 'दूसरा क्वालीफायर' खेलने की थकान और मुल्लांपुर में खराब मौसम के कारण देरी से हुई रवानगी ने भी शायद उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया था। लेकिन आरसीबी के गेंदबाजों ने इस पिच पर ज्यादातर समय सही लाइन एवं लेंथ पर गेंदबाजी की। आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसके गेंदबाजों ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पावरप्ले में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (10) और साई सुदर्शन (12) के विकेट झटक लिए। गुजरात टाइटन्स को अपनी सलामी जोड़ी से अच्छी शुरूआत की उम्मीद थी जिससे टीम इन झटकों से उबर नहीं सकी। हालांकि टीम शुरू से ही धीमी शुरूआत करती रही है जो कोई नयी बात नहीं थी। लेकिन हेजलवुड (37 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर गिल ने जोरदार शॉट खेला और गेंद उनके बल्ले का किनारा चूमते हुए टएउ के कप्तान रजत पाटीदार के हाथों में चली गई। सुदर्शन एक बार डीआरएस की मदद से जैकब डफी की गेंद पर कैच आउट होने से बच गए थे लेकिन वह भी ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए। भुवनेश्वर (29 रन देकर दो विट) की एक सटीक, ऊंची और वाइड बाउंसर पर इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने खराब पुल शॉट खेला और विकेटकीपर जितेश शर्मा ने दौड़कर आसान कैच लपक लिया। इस तरह 'पर्पल कैप' की दौड़ में भुवनेश्वर अब कागिसो रबाडा (28 विकेट) के साथ बराबरी पर आ गए हैं।

## श्री चरणी को भरोसा, इंग्लैंड के विरुद्ध निर्णायक टी-20 मुकाबले में मजबूत वापसी करेगा भारत

एजेंसी



ब्रिस्टल। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने भरोसा जताया है कि इंग्लैंड के विरुद्ध तीन मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी एवं निर्णायक मुकाबले में हम मजबूत वापसी करेंगे। टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। मेजबान इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को भारतीय टीम को दूसरे टी-20 मैच में 26 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। भारत ने पहला मैच 38 रनों से जीता था। सीरीज का आखिरी मैच दो जून को खेला जाएगा। यह सीरीज 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम की तैयारी को मजबूत कर रही है। चरणी ने दूसरे मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि हमारे लिए हर मैच जीतना महत्वपूर्ण है, ताकि हमें आत्मविश्वास मिले या मैच से कुछ हासिल हो सके। अगर हम यहां जीत जाते, तो मुझे लगता है कि हमारी दो जीत हो जातीं, जिससे हमें और अधिक आत्मविश्वास मिलता। उन्होंने आगे कहा कि अब हमारे सामने एक अच्छी चुनौती है। मुझे लगता है कि हम इस चुनौती को स्वीकार करेंगे और उसके लिए तैयार हैं। दूसरे मैच में भारतीय टीम की हार के बावजूद युवा बाएं हाथ की स्पिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए थे। चरानी ने अपनी गेंदबाजी पर कहा कि मैं बस अपनी ताकत के हिसाब से गेंदबाजी करने की कोशिश कर रही हूं, बस इतना ही। मैं कुछ और नया करने की कोशिश नहीं कर रही हूं। मुझे लगता है कि गेंद को टर्न कराना मेरी सबसे बड़ी ताकत है। इस सीरीज के बाद भारतीय महिला टीम 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

## एक ट्रायल का नतीजा उनके योगदान को कम नहीं कर सकता, विनेश पर बजरंग ने कहा

एजेंसी




नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने शनिवार को विनेश फोगाट से हिम्मत नहीं हारकर अधिकारियों के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखने की बात कही। यह बात उन्होंने तब कही जब विनेश की प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी की कोशिशें यहां हुए एशियाई खेलों के चयन ट्रायल के दौरान निराशाजनक रूप से खत्म हो गईं। विनेश 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में मीनाक्षी गोयत से 4-6 से हार गईं जिससे एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं। पूनिया ने 'एक्स' पर लिखा, ''विनेश फोगाट ने वर्षों तक देश के लिए लड़कर तिरंगे का मान बढ़ाया है। एक ट्रायल का नतीजा उनके योगदान को कम नहीं कर सकता। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया ने कहा, ''विनेश, अपना संघर्ष जारी रखो। एक चैंपियन हार से नहीं हारता, बल्कि हार मान लेने से हारता है। उन्होंने तत्कालीन डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था जिन पर कुछ महिला पहलवानों के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप था। पूनिया ने लिखा, ''विनेश, अपना संघर्ष जारी रखो। एक चैंपियन हार से नहीं, बल्कि हार मान लेने से हारता है। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना अधिकारियों की परोक्ष रूप से आलोचना भी की।

## इम्पैक्ट प्लेयर नियम को खत्म कर देना चाहिए : सचिन

एजेंसी



नई दिल्ली। पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इम्पैक्ट प्लेयर नियम को खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने तर्क देते हुए कहा है कि यह टी20 क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच असंतुलन पैदा करता है। इससे टीमों को पहले से ही मजबूत लाइन-अप में एक अतिरिक्त बल्लेबाज को जोड़ने की अनुमति मिलती है। तेंदुलकर का मानना है कि इस प्रारूप में गेंदबाज पहले से ही काफी दबाव में रहता है, ऊपर से यह नियम खेल को बल्लेबाजों के पक्ष में और अधिक झुका देता है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो अवॉर्ड्स समारोह में तेंदुलकर ने कहा कि त्र्व्यक्तिगत तौर पर मैं कह सकता हूं कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' की अवधारणा को खत्म कर देना चाहिए।' उन्होंने कहा कि त्रमुझे लगता है कि जब टी20 फॉर्मेट में आपको सिर्फ 20 ओवर ही खेलने होते हैं और फिर आप उस लाइन-अप में एक और बल्लेबाज जोड़ देते हैं। जहां गेंदबाजों को पहले से ही चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहां मुझे असंतुलन नजर आता है। आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर का नियम 2023 में लागू किया गया था। इस नियम के तहत टीमें प्लेइंग इलेवन में शामिल किसी खिलाड़ी को पहले से घोषित किए गए पांच खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं। इस नियम की मुख्य आलोचना यह है कि इससे बल्लेबाजों को अधिक स्वतंत्रता से बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है। पिछले दो-तीन संस्करणों में स्कोरिंग रेट और टीम के कुल स्कोर में यह बात साफ झलकती भी है। इस नियम की आलोचना कई अन्य खिलाड़ी भी कर चुके हैं। इनमें रोहित शर्मा, अक्षर पटेल, शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। तेंदुलकर ने आईपीएल में बल्ले और गेंद के बीच दिखने वाले असंतुलन को बदलने के लिए दो और सुझाव दिए। पहला, पावरप्ले को बल्लेबाजों के पावरप्ले और गेंदबाजों के पावरप्ले में विभाजित करना और दूसरा प्रत्येक पारी में एक गेंदबाज को पांच ओवर देना। पूर्व दिग्गज ने कहा कि त्रफील्डिंग प्रतिबंधों के साथ छह ओवर के पावरप्ले में रिंग के बाहर केवल दो फील्डर ही तैनात किए जा सकते हैं। पहले चार ओवर बल्लेबाजों के लिए हों और उनमें भी यही फील्डिंग प्रतिबंध लागू हों। इसके बाद शेष दो पावरप्ले ओवर फील्डिंग कप्तान अपनी इच्छानुसार ले सकते हैं। इन दो लगातार ओवरों में खेल के किसी भी चरण में रिंग के बाहर एक अतिरिक्त फील्डर तैनात किया जा सकेगा। तेंदुलकर ने कहा कि इससे आप (फील्डिंग करने वाली टीम) खेल को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर पाएंगे। उन्होंने अंतिम सुझाव में कहा कि एक गेंदबाज को पांच ओवर फेंकने की अनुमति दी जानी चाहिए क्योंकि हमेशा टीम का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज ही पांचवां ओवर फेंकता है।

## एस्टोनियाई स्टार्टअप भारत के साथ साझेदारी उसके बड़े बाजार में प्रवेश को लेकर उत्सुक

तााल्लिन्न। आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा, रक्षा और चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों के एस्टोनिया के कई प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने भारत के साथ सहयोग करने और उसके विशाल बाजार का लाभ उठाने में गहरी रुचि दिखाई है। स्टार्टअप और प्रौद्योगिकी से जुड़े प्रभावशाली सम्मेलन 'लैटिट्यूड59' ने भी अगले वर्ष भारत में अपने तत्वावधान में एक नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई है। 'लैटिट्यूड59' की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लिसी ओर्ग ने कहा, मुझे भारत से प्यार है, मैं कई बार वहां जा चुकी हूं और मुझे वहां 'लैटिट्यूड59' की मेजबानी करना बेहद पसंद आएगा। अभी यह तय नहीं है कि यह कहां होगा। विभिन्न प्रौद्योगिकी केंद्रों के साथ बातचीत चल रही है, लेकिन यदि हम इसे अभी नहीं करते हैं तो हम पीछे रह जाएंगे। भारत दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक है, यदि हम भारत के साथ सहयोग नहीं करते हैं तो यह समझदारी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बाजार के विशाल आकार के कारण भारत में दिलचस्पी है और भारतीय प्रतिनिधिमंडल लगातार पांच वर्षों से 'लैटिट्यूड59' में हिस्सा ले रहा है। बीते 20-22 मई तक यहां आयोजित 'लैटिट्यूड59' सम्मेलन के इतर ओर्ग ने कहा, 'संबंध पहले से बने हुए हैं और हमें अभी कुछ करना चाहिए। मैं अगले साल भारत में लैटिट्यूड59 आयोजित करना चाहती हूं। मेरा मानना है कि हमें छोटी शुरुआत करनी चाहिए, शायद किसी विशेष क्षेत्र को चुनना चाहिए। हम अपने स्टार्टअप को निवेशकों के सामने और निवेशकों को स्टार्टअप के सामने ला सकते हैं, जैसा कि हम सिंगापुर और केपटाउन में नेटवर्किंग कार्यक्रम के दौरान करते हैं। इस साल 'लैटिट्यूड59' में 70 देशों के 3,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 140 वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इसमें दुनिया भर के 800 से अधिक स्टार्टअप प्रतिनिधियों और 600 से अधिक निवेशकों के साथ-साथ 20 राष्ट्रीय और स्टार्टअप प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत किया गया। एस्टोनिया में अगला मुख्य 'लैटिट्यूड59' कार्यक्रम 19-21 मई, 2027 को कुल्तुउरिकाटेल में होगा।

## कपास आयात शुल्क में कटौती से उपलब्धता बढ़ेगी, लागत घटेगी: कपड़ा मंत्रालय

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के कपास के आयात पर सीमा शुल्क से छूट देने के फैसले से कपड़ा उद्योग के लिए कपास की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी, लागत कम होगी और भारतीय कपड़ा क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। कपड़ा मंत्रालय ने यह बात कही। उद्योग संगठनों ने भी इस फैसले को परिधान क्षेत्र के लिए बड़ी राहत बताया है। सरकार ने शनिवार को कपास के आयात पर सीमा शुल्क से पांच महीने यानी 30 अक्टूबर, 2026 तक छूट देने की घोषणा की। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि आयात शुल्क में यह छूट एक जून, 2026 से प्रभावी होगी। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने कहा, ल्इस उपाय से भारतीय वस्त्र और परिधान क्षेत्र के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ने और पूरी मूल्य श्रृंखला को बहुत जरूरी राहत मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर कहा कि कपास आयात पर सीमा शुल्क में छूट एक जून, 2026 से प्रभावी होगी। कपड़ा मंत्रालय ने कहा, ''कपास की कम आवक की अवधि में लागू किया गया यह कदम कपड़ा उद्योग के लिए पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को मजबूती देगा, उत्पादन लागत को नियंत्रित करेगा और किसानों के हितों की रक्षा करते हुए तथा बाजार स्थिरता बनाए रखते हुए भारतीय कपड़ा क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता को मजबूत करेगा। एईपीसी के चेयरमैन ए. शक्तिवेल ने कहा कि इस निर्णय से विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों को लाभ होगा, जो कपास और सूत की कीमतों में तेज वृद्धि से प्रभावित रहे हैं। उन्होंने कहा कि कपास आयात पर सीमा शुल्क हटाना समय की मांग थी और इससे घरेलू बाजार में कपास की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। शक्तिवेल ने कताई मिलों से कपास की लागत में कमी का लाभ सूत की कीमतों में समुचित कटौती के रूप में आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे पूरी कपड़ा मूल्य श्रृंखला को स्थिरता मिलेगी और परिधान निर्यातक आने वाले महीनों में अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर निर्यात ऑर्डर हासिल कर सकेंगे तथा उन्हें पूरा कर पाएंगे। भारतीय कपड़ा उद्योग परिसंघ (सिटी) के चेयरमैन अश्विन चंद्रन ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कपास पर 11 प्रतिशत आयात शुल्क भारतीय कपड़ा एवं परिधान उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने में बड़ी बाधा बन गया था, क्योंकि एशिया के प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों को कपास शुल्क-मुक्त उपलब्ध है।

## भारत, अमेरिका के मुख्य वार्ताकार एक जून से अंतरिम व्यापार समझौते पर करेंगे वार्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका और भारत के मुख्य व्यापार वार्ताकार अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने के मकसद से सोमवार से यहां चार दिवसीय बैठक करेंगे। अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा फरवरी में तय की गई थी। अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे और भारत के मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन होंगे। जैन वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्षों ने अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन और आर्थिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। भारत और अमेरिका ने सात फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की थी। अब दोनों पक्षों को इस समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देना होगा। इस रूपरेखा ने व्यापक भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रूपरेखा के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी। उसने रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया था और समझौते के तहत शेष 25 प्रतिशत को घटाकर 18 प्रतिशत करना था। लेकिन, इस साल 20 फरवरी को अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक जवाबी शुल्क के खिलाफ फैसला सुनाया। यह शुल्क 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत लगाए गए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की।

## आरबीआई, जीडीपी और वैश्विक आंकड़े तय करेंगे घरेलू शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**



मुंबई। भारतीय शेयर बाजार ने बीता हफ्ता उतार-चढ़ाव के बीच गिरावट के साथ समाप्त किया, लेकिन निवेशकों की असली परीक्षा अब आने वाले सप्ताह में होगी। 1 जून से 5 जून के बीच कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक आंकड़े और नीतिगत फैसले बाजार की चाल को निर्धारित करेंगे। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक, देश की जीडीपी रिपोर्ट, पीएमआई आंकड़े और अमेरिका से आने वाले रोजगार संबंधी डेटा निवेशकों के लिए अहम साबित होंगे। बीता हफ्ता भारतीय शेयर बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां प्रमुख सूचकांकों ने गिरावट दर्ज की। बीएसई का सेंसेक्स 0.85 फीसदी टूटकर 74,775.74 पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी 0.72 फीसदी गिरकर 23,547.75 के स्तर पर आ गया। अब बाजार की नजर अगले हफ्ते (1 जून से 5 जून) आने वाले कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों और नीतिगत फैसलों पर रहेगी, जो बाजार की अगली दिशा तय करेंगे। सप्ताह की शुरुआत में 1 जून को मई महीने के मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आंकड़े जारी होंगे, जो देश की औद्योगिक गतिविधि का संकेत देंगे। इसी दिन ऑटो कंपनियों की बिक्री के आंकड़े भी आएंगे, जो उपभोक्ता मांग की तस्वीर स्पष्ट करेंगे। इसके बाद, 5 जून को भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी किए जाएंगे। यह आंकड़ा देश की आर्थिक वृद्धि दर क । मूल्यांकन करेगा और निवेशकों को अर्थव्यवस्था की समग्र सेहत समझने में मदद करेगा। इस दौरान निवेशकों की सबसे बड़ी नजर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर होगी, जो 3 से 5 जून तक चलेगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा 5 जून की सुबह फैसलों का एलान करेंगे। बाजार बेसब्री से यह देखना चाहेगा कि क्या ब्याज दरों में कोई बदलाव होगा या दरों को स्थिर रखा जाएगा। यह फैसला बैंकिंग शेयरों और ऋण बाजार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर, 3 जून को अमेरिका से रोजगार और सर्विस सेक्टर से जुड़े अहम आंकड़े आएंगे, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत देंगे और फ़ेडरल रिजर्व की ब्याज दर कटौती की संभावनाओं पर असर डालेंगे। 5 जून को अमेरिका में बेरोजगारी दर के आंकड़े भी जारी होंगे। इसके अलावा, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, विशेषकर अमेरिका-ईरान संबंधों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी निवेशकों की पैनी नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें भारतीय महंगाई दर को सीधे प्रभावित करती हैं। आने वाला सप्ताह भारतीय और वैश्विक बाजारों के लिए बेहद अहम साबित होने वाला है।

## टॉप-10 कंपनियों में से 7 का मार्केट कैप एक हफ्ते में 1.54 लाख करोड़ रुपए घटा

एजेंसी

मुंबई। छुट्टियों के कारण छोटे रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान भारत की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 7 के संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1.54 लाख करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। इस सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 639.61 अंक यानी 0.84 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत फिसला, क्योंकि बाजार में उतार-चढ़ाव और निवेशकों की सतर्कता के कारण दबाव बना रहा। निफ्टी के तकनीकी विश्लेषण पर टिप्पणी करते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि ऊपर की ओर इमीडिएट रेजिस्टेंस स्तर 23,900 और 24,100 पर हैं। वहीं नीचे की ओर 23,400 और 23,200 के स्तर महत्वपूर्ण सपोर्ट के रूप में देखे जा रहे हैं। एक विश्लेषक ने कहा, ''यदि निफ्टी 23,200 के स्तर से नीचे निर्णायक रूप से टूटता है तो बाजार में नई बिकवाली देखने को मिल सकती है। वहीं 24,100 के ऊपर लगातार कारोबार होने पर निवेशकों का भरोसा बढ़ सकता है और बाजार में रिकवरी देखने को मिल सकती है।'' सूचीबद्ध कंपनियों में सबसे बड़ी गिरावट एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में दर्ज की गई, और बैंक का बाजार मूल्य 33,333.06 करोड़ रुपए घटकर 11.46 लाख करोड़ रुपए रह गया। टेलीकॉम क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारती एयरटेल का मार्केट कैप 25,408.96 करोड़ रुपए घटकर 11.14 लाख करोड़ रुपए पर आ गया। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्य 22,920.58 करोड़ रुपए कम होकर 8.15 लाख करोड़ रुपए रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 13,169.46 करोड़ रुपए घटकर 5.04 लाख करोड़ रुपए पर आ गया। बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्य में भी 7,253.24 करोड़ रुपए की कमी आई, जिससे इसका मार्केट कैप 5.63 लाख करोड़ रुपए रह गया। वहीं आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैपिटलाइजेशन 6,311.41 करोड़ रुपए घटकर 9 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। हालांकि, व्यापक बाजार में कमजोरी के बावजूद तीन कंपनियां अपने बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैपिटलाइजेशन) में बढ़ोतरी दर्ज कराने में सफल रहीं। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) टॉप-10 कंपनियों में सबसे बड़ी बढ़त हासिल करने वाली कंपनी रही, जिसके मार्केट कैप में 20,608.43 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 5.61 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी मजबूत प्रदर्शन किया और इसका मार्केट कैप 13,753.62 करोड़ रुपए बढ़कर 8.90 लाख करोड़ रुपए हो गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्य में 6,040.37 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई, जिससे इसका बाजार पूंजीकरण 5.20 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

# सेनाओं को सशक्त बनाना पहली प्राथमिकता : सीडीएस

## देश के तीसरे सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कार्यभार संभाला

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के तीसरे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के तौर पर जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नए सीडीएस ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संगठनात्मक सुधार पर मुख्य फोकस होगा। आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा केंद्रीय स्तंभ है। हम अपने सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी हथियारों का विकास करके उन्हें सेवा में तेजी से शामिल करेंगे।



सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा, ''''चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का चार्ज संभालकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आर्म्ड फोर्सेज पर दिखाए गए भरोसे के लिए हम देश के आभारी हैं। सोच और काम में इनोवेशन हमारी काबिलियत को बढ़ाएगा। मिलिट्री, इंडस्ट्री, एकेडेमिया, स्टार्टअप्स और रिसर्च इकोसिस्टम के बीच ज्यादा सहयोग मॉडर्नाइजेशन के लिए मुख्य वजह होगा। हमारे सशस्त्र बलों ने हमारे देश के हितों की रक्षा करने में लगातार व्यावसायिकता और परिचालन फैसले लेने की क्षमता दिखाई है। हम अपने देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

उन्होंने पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत और जनरल अनिल चौहान का इस सफर में उनके शानदार नेतृत्व और योगदान के लिए दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा, ''हम अपने सैनिकों, नाविकों और एयर वॉरियर्स के साहस और व्यावसायिकता को मानते हैं। उनकी ट्रेनिंग और भलाई हमारी सबसे पहली प्राथमिकता होगी। हम उम्मीद करते हैं कि हम अपने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि देंगे, जिनकी बहादुरी, बलिदान और देश के प्रति समर्पण हमें प्रेरणा देता रहता है। हम अपने वेटरन्स और वीर नारियों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारत के नागरिकों को भरोसा दिलाया कि सशस्त्र बल समर्पण, साहस, सम्मान और व्यावसायिकता के साथ देश की सेवा करते रहेंगे। केंद्र सरकार ने 1 जनवरी, 2020 को तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिए चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीडीएस) का पद सृजित किया था। इसके बाद जनरल बिपिन रावत भारत के पहले सीडीएस बने। उनका कार्यकाल 1 जनवरी, 2020 से 8 दिसंबर, 2021 तक रहा था। केरल के कन्नूर में 8 दिसंबर को एक दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में जनरल बिपिन रावत का निधन हो गया । इसके बाद 9 दिसंबर, 2021 से 29 सितंबर 2022 तक यह पद रिक्त रहा। फिर जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) को दूसरे सीडीएस के रूप में 30 सितंबर, 2022 को नियुक्त किया गया।

# एडमिरल स्वामीनाथन ने नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

एजेंसी


नई दिल्ली। एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने रविवार को यहां 27वें नौसेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लिया जो 41 वर्षों की विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए।

एडमिरल स्वामीनाथन को एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने लगभग चार दशकों के विशिष्ट सैन्य जीवन में अनेक परिचालन, स्टाफ तथा प्रशिक्षण संबंधी नियुक्तियों पर कार्य किया है। एडमिरल स्वामीनाथन की समुद्री कमानों में निर्देशित प्रक्षेपास्त्र पोत आईएनएस विद्युत और आईएनएस विनाश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र कार्वेट ,आईएनएस कुलिश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक आईएनएस मैसूर तथा विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य शामिल हैं। रियर एडमिरल पद पर पदोन्नति के बाद उन्होंने कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसैनिक कमान मुख्यालय में मुख्य स्टाफ अधिकारी (प्रशिक्षण) के रूप में सेवा दी। इसके पश्चात उन्हें फ्लैग ऑफिसर समुद्री प्रशिक्षण नियुक्त किया गया तथा बाद में उन्होंने नौसेना की प्रहारक शक्ति माने जाने वाले पश्चिमी बेड़े की कमान संभाली। इसके बाद उन्हें फ्लैग ऑफिसर अपतटीय रक्षा सलाहकार समूह तथा भारत सरकार के अपतटीय सुरक्षा एवं रक्षा सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया।

# इजरायली सेना ने लेबनान के बोफोर्ट किले पर कब्जा किया

एजेंसी

तेल अवीव/बेरुत। इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में अपनी सैन्य कार्रवाई तेज करते हुए लितानी नदी पार कर सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 'बोफोर्ट किले' पर कब्जा कर लिया है।



इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सोशल मीडिया पर इस कामयाबी को एक बड़ी 'रणनीतिक' जीत बताया और कहा, ''यह गालिली (उत्तरी इजरायल) के समुदायों की रक्षा और हमारे बलों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक बिंदुओं में से एक है।'' उन्होंने यह भी बताया कि पहले इस ऑपरेशन की रिपोर्टों पर रोक लगी हुई थी। श्री काट्ज ने हिजबुल्ला के साथ जारी संघर्ष के विषय में कहा कि लड़ाई अभी जारी है और हिजबुल्लाह को कमजोर करने तथा इजरायल की उत्तरी सीमा को सुरक्षित करने के प्रयास जारी रहेंगे। इस बीच, इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने भी बोफोर्ट किले पर कब्जे की सराहना की है और इसे 20 साल पहले लेबनान से इजरायल के पीछे हटने की पुरानी 'गलती' को सुधारने वाला कदम बताया है। उन्होंने कहा, ''हमने उत्तर के वीर निवासियों से स्थायी सुरक्षा का वादा किया था, और हम इसे हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। बोफोर्ट में वापसी पुरानी राष्ट्रीय गलतियों को सुधारने की एक अभिव्यक्ति है।''

लेबनान सरकार ने इजरायल के इस दावे पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बता दें कि बोफोर्ट किला नबातिएह प्रांत में लितानी नदी के पास स्थित एक ऐतिहासिक क्रूसेडर किला है। दूसरी ओर, इस जमीनी कार्रवाई के बीच इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के नागरिकों के लिए एक नई चेतावनी जारी करते हुए जाहरानी नदी के दक्षिण में रहने वाले सभी लेबनानी नागरिकों को तुरंत अपने घर खाली करने का आदेश दिया है। सेना ने चेतावनी देते हुए कहा कि वह इस इलाके में हिजबुल्ला के खिलाफ पूरी ताकत से कार्रवाई कर रही है, इसलिए 'दक्षिण की ओर कोई भी आवाजाही आपकी जान को खतरे में डाल सकती है।'

# पेज एक का शेष

## राजीव कृष्ण...

था। एक फरवरी 2024 को वे पुलिस महानिदेशक के सर्वोच्च रैंक पर पदोन्नत हुए। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी के रूप में यूपी पुलिस की अगुवाई कर रहे हैं। अब वह इसी पद पर पूर्णकालिक नियुक्ति पाकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

## गाजियाबाद में ....

चाहती हूं। फोटो देखने के बाद ही मुझे तसल्ली मिलेगी। अन्य आरोपितों का भी हश्र इसी तरह होना चाहिए। सात लोगों ने मेरे बेटे के साथ ऐसा किया, सभी के घरों पर बुलडोजर चलना चाहिए। सूर्या चौहान के पड़ोसी अंकित ने कहा कि यह अच्छी बात है कि मुठभेड़ में असद मारा गया है, लेकिन अब आगे की मांगें भी पूरी होनी चाहिए और उन छह लोगों का भी एनकाउंटर होना चाहिए। हमारी मांग है कि सभी छह लोगों के घरों पर बुलडोज़र चलाया जाए, उनके घरों को ढहा दिया जाए और उनकी सारी संपत्ति जब्त कर ली जाए। उल्लेखनीय है कि 28 मई को खोड़ा कॉलोनी के नवनीत विहार कॉलोनी में रहने वाले सूर्य चौहान की उसके दोस्त असद ने मामूली बात पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। सूर्य चौहान के परिवार ने आरोप लगाया कि 28 मई की दोपहर उसे किसी ने फोन किया था और उसे एक तय जगह पर मिलने के लिए बुलाया था। परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि जब वह अपने दोस्तों के साथ वहां गया तो उनके बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद उसके पेट में चाकू से कई वार किए गए। परिवार के लोगों ने दावा किया कि सूर्य अपनी जान बचाने के लिए करीब 200 मीटर तक भागा, लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा किया और फिर से चाकू से उस पर वार किए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। उसके बाद इस मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने आवाज उठाई। शनिवार को सूर्या चौहान के परिजनो ने उसके शव को रखकर जाम लगाया। जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के काफी समझाने -बुझाने के बाद उन्होंने शनिवार शाम को सूर्या का अंतिम संस्कार किया।

## बाल यौन तस्करी...

प्रयोग, अपहरण, धोखाधड़ी, शक्ति का दुरुपयोग, कमजोर स्थिति का फायदा उठाना या किसी व्यक्ति की सहमति प्राप्त करने के लिए भुगतान अथवा लाभ देने-लेने जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया गया हो, तो पीड़ित की सहमति का कोई महत्व नहीं रह जाता। शीर्ष अदालत ने कहा कि मानव तस्करी के शिकार बच्चे की सहमति अप्रासंगिक है, चाहे ऐसे साधनों का उपयोग किया गया हो या नहीं। मानव तस्करी का अपराध साबित करने के लिए यह साबित करना जरूरी नहीं है कि पीड़ित ने सहमति नहीं दी थी। पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में ध्यान पूरी तरह अपराधियों की गतिविधियों और मंशा पर होना चाहिए। यदि तस्करी का अपराध और उसमें दबाव, धोखे या अन्य अवैध साधनों के प्रयोग को साबित कर दिया जाता है, तो पीड़ित की कथित सहमति को कोई कानूनी महत्व नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि कोई व्यक्ति यह जानते हुए भी कि उसे देह व्यापार या वेश्यावृत्ति में धकेला जा रहा है वह तस्करी का शिकार हो सकता है, क्योंकि हो सकता है कि उसे काम की वास्तविक परिस्थितियों के बारे में धोखा दिया गया हो और बाद में वे परिस्थितियां शोषणकारी साबित हुई हों। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और जबरन श्रम के सभी समान रूपों पर प्रतिबंध लगाता है। इसका दायरा व्यापक है और यह केवल राज्य के विरुद्ध ही नहीं, बल्कि ऐसे कार्यों में शामिल निजी व्यक्तियों पर भी लागू होता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि भारतीय कानून में यह निर्विवाद है कि किसी भी बच्चे से जुड़ा यौन शोषण कानून की नजर में असहमति पर आधारित माना जाता है। पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न, गंभीर यौन हमले तथा बाल यौन शोषण सहित सभी प्रकार के यौन अपराध आते हैं। पीठ ने यह आदेश मानव तस्करी पर रोक लगाने और व्यावसायिक उद्देश्य से यौन शोषण के पीड़ितों के अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग करने वाली प्रज्वला नामक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया.

## लोगों के प्रेरणादायी...

वापस लौटाई गईं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री भी मौजूद थे। इनमें 21 बड़ी और तीन छोटी ताम्र पट्टिकाएं शामिल हैं, जो मुख्य रूप से राजा राजेंद्र चोल प्रथम द्वारा अपने पिता राजराजा चोल के एक वचन को पूरा करने से संबंधित हैं। इन पट्टिकाओं में आनइमंगलम गांव को बौद्ध विहार को दिए गए दान का उल्लेख है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन ताम्र पट्टिकाओं से चोल वंश की विशाल समुद्री शक्ति, दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न देशों के साथ उनके मजबूत व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंध तथा साम्राज्य की समृद्ध विरासत की जानकारी मिलती है। इस घटना से देशभर में गर्व की लहर दौड़ गई है और खासकर तमिल समुदाय में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। देश-विदेश से लगातार संदेश आ रहे हैं, जो भारत की सांस्कृतिक धरोहर के प्रति लोगों की गहरी लगाव को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने आम को हर भारतीय घर की पहचान बताते हुए विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध आम किस्मों का विस्तृत जिक्र किया। उन्होंने महाराष्ट्र और कोंकण के हापुस व अलफांसो, गुजरात के केसर, उत्तर प्रदेश के दशहरी और काशी के लंगड़ा, बिहार के जर्दालू, चौसा और मालदा, दक्षिण भारत के बंगनपल्ली, तोतापुरी, नीलम, मलगोवा, बंगाल के हिमसागर तथा ओडिशा-आंध्र प्रदेश के सुवर्णरेखा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जगह-जगह आम का स्वाद, रंग और खुशबू बदल जाती है, लेकिन यह हमेशा गर्मियों की खुशियां लेकर आता है। आम उत्पादक किसान भाई-बहनें न केवल देश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रहे हैं बल्कि वैश्विक बाजार तक भारतीय आम की पहुंच बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को प्रोत्साहित किया कि वे इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री ने गर्मी की बढ़ती तीव्रता में देशवासियों से सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि तेज धूप और लू में लोग ज्यादा पानी पिएं, धूप से बचाव करें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करें। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर भारत में आम पन्ना, पंजाब-हरियाणा में ठंडी लस्सी, राजस्थान-गुजरात में छाछ, बिहार-झारखंड में सत्तू का शरबत, कोंकण-गोवा में कोकम शरबत और सोल कढ़ी तथा दक्षिण भारत में पानकम, नीर मोर, सम्बारम और ओडिशा में बेल पना जैसे पेयों का भी जिक्र करते हुए इन पेयों को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि ये पीढ़ियों के अनुभव पर आधारित हैं तथा स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हैं। प्रधानमंत्री कहा कि आजकल बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक एस्ट्रोनॉमी क्लब सक्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खगोल विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के प्रयासों और 'खगोल मण्डल' टीम द्वारा शुरू किए गए 30 घंटे के इनोवेटिव कोर्स की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु की शिक्षिका गिरिजा अम्मा जी की देशभक्ति की मिसाल देते हुए कहा कि वह 15 स्कूल चलाती हैं।'मन की बात' से प्रेरित होकर उन्होंने अपने छात्रों को प्रोत्साहित किया और हर छात्र से प्रतिदिन एक रुपये का योगदान लेकर सैनिक कल्याण के लिए करीब 40 लाख रुपये जुटाए। गिरिजा अम्मा जी ने इस राशि का चेक उन्हें सौंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने गिरिजा अम्मा जी और उनके छात्रों की इस पहल की खूब सराहना की। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के युवा आकाश गुप्ता की प्रेरक कहानी बताते हुए कहा कि आकाश ने अपने गांव की मनोरमा नदी को प्लास्टिक और कचरे से मुक्त करने का अभियान शुरू किया। आकाश ने दोस्तों के साथ मिलकर जलकुंभी निकाली और प्रतिदिन 50-60 किलो कचरा हटाया, जिससे नदी फिर से साफ होने लगी।

# ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2026

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए इस ग्रीष्म ऋतु में उत्तर रेलवे द्वारा विभिन्न ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियां संचालित की जा रही हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01492 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | 11.07.2026 तक |
| 01706 | अयोध्या धाम | 13:30 | जबलपुर | 06:45 | 15.07.2026 तक |
| 02398 | आनंद विहार (टर्मि.) | 13:30 | शेखपुरा | 14:45 | 13.07.2026 तक |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 15.07.2026 तक |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा जं. | 10:00 | 15.07.2026 तक |
| 02878 | आनंद विहार (टर्मि.) | 19:30 | राँची | 19:10 | 28.06.2026 तक |
| 03010 | आनंद विहार (टर्मि.) | 15:00 | डानकुनि | 23:30 | 28.06.2026 तक |
| 03258 | आनंद विहार (टर्मि.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 13.07.2026 तक |
| 03294 | नई दिल्ली | 14:15 | पटना जं. | 12:25 | 16.07.2026 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | 12.07.2026 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 05:40 | धनबाद जं. | 11:00 | 14.07.2026 तक |
| 03436 | आनंद विहार (टर्मि.) | 14:50 | मालदा टाउन | 22:30 | 30.06.2026 तक |
| 03640 | शकूरबस्ती | 21:10 | धनबाद जं. | 23:45 | 14.07.2026 तक |
| 03698 | आनंद विहार (टर्मि.) | 13:30 | शेखपुरा | 14:45 | 15.07.2026 तक |
| 04002 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:45 | दादर | 22:40 | 14.07.2026 तक |
| 04008 | आनंद विहार (टर्मि.) | 08:30 | जोगबनी | 15:00 | 11.07.2026 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 23:30 | 09.07.2026 तक |
| 04014 | आनंद विहार (टर्मि.) | 15:40 | लौकहा बाजार | 20:15 | 15.07.2026 तक |
| 04028 | आनंद विहार (टर्मि.) | 09:15 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | 12.06.2026 तक |
| 04030 | आनंद विहार (टर्मि.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | 15.07.2026 तक |
| 04052 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:40 | 10.07.2026 तक |
| 04062 | दिल्ली जं. | 11:45 | भागलपुर | 13:30 | 14.07.2026 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 11:00 | गया जं. | 07:15 | 13.07.2026 तक |
| 04066 | आनंद विहार (टर्मि.) | 00:30 | खोरधा रोड जं. | 11:30 | 08.06.2026 तक |
| 04070 | आनंद विहार (टर्मि.) | 00:20 | शेखपुरा | 23:30 | 14.07.2026 तक |
| 04072 | नई दिल्ली | 21:35 | सुपौल | 06:35 | 15.07.2026 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 12:00 | 15.07.2026 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:00 | नई दिल्ली | 10:00 | 16.07.2026 तक |
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | दानापुर | 12:45 | 15.07.2026 तक |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | 29.06.2026 तक |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | 13.07.2026 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | 13.07.2026 तक |
| 04209 | वाराणसी | 22:15 | दिल्ली जं. | 13:30 | 15.07.2026 तक |
| 04210 | दिल्ली जं. | 19:25 | वाराणसी | 09:50 | 16.07.2026 तक |
| 04212 | सुलतानपुर | 04:00 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:20 | 15.07.2026 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (टर्मि.) | 06:00 | 12.07.2026 तक |
| 04214 | आनंद विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | 13.07.2026 तक |
| 04216 | सुलतानपुर | 04:00 | साबरमती बी.जी | 07:20 | 12.07.2026 तक |
| 04226 | वाराणसी | 01:35 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:20 | 09.07.2026 तक |
| 04227 | वाराणसी | 11:05 | चंडीगढ़ | 04:20 | 12.07.2026 तक |
| 04228 | चंडीगढ़ | 06:00 | वाराणसी | 00:55 | 13.07.2026 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 22:20 | कोलकाता | 08:00 | 10.07.2026 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जं. | 11:20 | 12.07.2026 तक |
| 04316 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | 14.07.2026 तक |
| 04512 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जं. | 21:15 | 09.07.2026 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | 16.07.2026 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | 15.07.2026 तक |
| 04610 | अमृतसर | 20:10 | बरौनी जं. | 02:10 | 12.07.2026 तक |
| 04616 | फिरोजपुर कैंट | 12:00 | पटना जं. | 18:35 | 14.07.2026 तक |
| 04624 | अमृतसर | 20:10 | कोलकाता | 15:00 | 29.06.2026 तक |
| 04652 | अमृतसर | 10:55 | जयनगर | 20:00 | 15.07.2026 तक |
| 04812 | हरिद्वार जं. | 05:15 | बाड़मेर | 07:30 | 17.07.2026 तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर | 06:25 | 15.07.2026 तक |
| 05102 | नई दिल्ली | 09:45 | गोरखपुर | 01:00 | 12.07.2026 तक |
| 05194 | पठानकोट | 00:30 | छपरा | 09:15 | 15.07.2026 तक |
| 05220 | आनंद विहार (टर्मि.) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | 11.07.2026 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जं. | 23:00 | 17.07.2026 तक |
| 05576 | आनंद विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 09:05 | 16.07.2026 तक |
| 05580 | आनंद विहार (टर्मि.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 11:30 | 14.07.2026 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवन्तपुर जं. | 19:45 | 11.07.2026 तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 06:30 | 02.07.2026 तक |
| 08744 | हरिद्वार जं. | 18:55 | दुर्ग | 03:00 | 29.06.2026 तक |
| 09094 | अयोध्या कैंट. | 14:45 | उधना जं. | 17:15 | 01.08.2026 तक |
| 09098 | अयोध्या कैंट. | 13:30 | उधना जं. | 17:30 | 29.07.2026 तक |
| 09258 | शकूरबस्ती | 13:15 | भावनगर (टर्मि.) | 08:50 | 27.06.2026 तक |
| 09272 | हरिद्वार जं. | 16:25 | भावनगर (टर्मि.) | 04:35 | 01.06.2026 को |
| 09310 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | 29.06.2026 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:30 | साबरमती बी.जी. | 22:30 | 30.06.2026 तक |
| 09524 | शकूरबस्ती | 13:15 | ओखा | 13:00 | 01.07.2026 तक |
| 09610 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | उदयपुर सिटी | 15:30 | 01.07.2026 तक |

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाईट दखें:
www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# साकेत के सैदुल्लाजाब में चार मंजिला इमारत ढही, कैंटीन और कोचिंग सेंटर पर गिरा मलबा, 11 लोगों को निकाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के समीप स्थित सैदुल्लाजाब इलाके में शनिवार शाम एक चार मंजिला व्यावसायिक इमारत अचानक भरभराकर ढह गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और चारों ओर धूल का घना गुबार छा गया। इमारत का मलबा बगल में टीन शेड के नीचे संचालित एक कैंटीन और आसपास की संरचनाओं पर जा गिरा। उस समय कैंटीन में कुछ छात्र खाना खा रहे थे, जिससे उनके मलबे में दबने की आशंका जताई गई। घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, दिल्ली फायर सर्विस, एनडीआरएफ और अन्य राहत एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। खबर लिखे जाने तक चले राहत एवं बचाव अभियान में 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जबकि मलबे में अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका के मद्देनजर तलाशी अभियान जारी रहा। दमकल अधिकारियों के अनुसार शाम 7:44 बजे इमारत ढहने की सूचना प्राप्त हुई थी।



सूचना मिलते ही सात दमकल वाहनों को मौके पर रवाना किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सैदुल्लाजाब की पांच नंबर लेन स्थित इस इमारत की चौथी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था। जब राहत टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं तो पूरी इमारत कंक्रीट के मलबे, मुड़े हुए सरियों और टूटे खंभों के विशाल ढेर में तब्दील हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना अचानक हुआ कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हादसे के समय इमारत से सटी एक कैंटीन में छात्र भोजन कर रहे थे। इमारत गिरने के साथ ही उसका भारी मलबा कैंटीन पर आ गिरा। स्थानीय लोगों और बचावकर्मियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और कई छात्रों को मलबे से बाहर निकाला। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एम्स ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। अस्पताल में देर रात तक परिजनों की भीड़ लगी रही। कई परिवार अपने बच्चों की जानकारी के लिए अस्पताल और घटनास्थल के बीच भटकते रहे। वहीं घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए पुलिस ने ग्रीन कोरिडोर बनवाया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इमारत के भूतल के एक हिस्से में कोचिंग संस्थान संचालित हो रहा था। आशंका है कि मलबे में कोचिंग सेंटर से जुड़े छात्र भी फंसे हो सकते हैं। हालांकि हादसे के समय इमारत में कुल कितने लोग मौजूद थे, इसकी स्पष्ट जानकारी देर रात तक नहीं मिल सकी थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शनिवार होने के कारण इमारत में सामान्य दिनों की तुलना में कम लोग मौजूद थे, अन्यथा नुकसान कहीं अधिक बड़ा हो सकता था। इस इमारत में कई प्राइवेट दफ्तर भी है। इधर हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मोबाइल फोन और टॉर्च लेकर मौके पर पहुंच गए। कई लोगों ने दमकल और पुलिस के पहुंचने से पहले ही राहत कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने मलबा हटाकर तीन लोगों को बाहर निकाला और पीसीआर की मदद से अस्पताल पहुंचाया। बाद में पुलिस, दमकल और एनडीआरएफ की टीमों ने संयुक्त अभियान चलाकर कई घायलों को मलबे से निकाला। घटनास्थल पर मौजूद लोग लगातार बचाव दल की सहायता करते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इमारत गिरते ही पूरे इलाके में धूल का गुबार छा गया। कुछ मिनटों तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। लोगों ने बताया कि उस दौरान केवल मलबे के नीचे से आ रही चीख-पुकार की आवाजें सुनाई दे रही थीं। धूल का गुबार छंटने के बाद लोगों को पता चला कि मुख्य इमारत के साथ-साथ उससे सटी एक अन्य संरचना का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और अपने स्तर पर राहत कार्य शुरू कर दिया।

### मुख्यमंत्री ने साकेत भवन दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के पास उस हादसा स्थल का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया जहां एक पांच मंजिला इमारत गिर गई थी। उन्होंने मौके पर घटना की पूरी जानकारी ली और वहां जारी बचाव कार्य की समीक्षा की। उन्होंने हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, जिला प्रशासन, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), सिविल डिफेंस और अन्य एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचाव अभियान में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और संभावित रूप से फंसे हर व्यक्ति की तलाश पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ की जाए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न अस्पतालों में भर्ती घायलों के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। उन्होंने प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ितों को हरसंभव आर्थिक तथा प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मेहरौली थाने में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही हादसे के वास्तविक कारणों और जवाबदेही तय करने के लिए दक्षिण जिला के जिलाधिकारी के नेतृत्व में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि भवन ध्वस्त होने के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाए और अगर निर्माण संबंधी अनियमितता, सुरक्षा मानकों की अनदेखी या किसी प्रकार की प्रशासनिक लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सैदुलाजाब और आसपास के इलाकों में जर्जर, खतरनाक और अवैध भवनों का तत्काल सर्वे और निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन इमारतों से लोगों की सुरक्षा को खतरा है, उनके खिलाफ नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध निर्माणों को संरक्षण देने या अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एनडीएमसी के उपाध्यक्ष ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम ऑन संडे' अभियान के अंतर्गत आज नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने चाणक्यपुरी स्थित डिप्लोमैटिक एन्क्लेव ओनर्स एंड रेजिडेंट्स एसोसिएशन (डीईओआरए), मलचा मार्ग में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर स्थानीय निवासी, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, एनडीएमसी के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में डीईओआरए के पदाधिकारी अशोक बहल, आदित्य टंडन, अंशु देवान एवं अवधेश सहित अनेक नागरिकों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह अभियान मां के प्रति सम्मान और प्रकृति संरक्षण को एक साथ जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। पौधारोपण से पूर्व कुलजीत सिंह चहल ने क्षेत्र के निवासियों एवं आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी जनहित के कार्यों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का एक जनआंदोलन है। एक पौधा लगाकर हम अपनी माँ को सम्मान देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य की नींव भी रखते हैं। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी द्वारा पूरे वर्ष हर रविवार को विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लगाए गए पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण के लिए बागवानी, स्वास्थ्य, सिविल, सड़क, जलापूर्ति, जल निकासी एवं विद्युत विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। चहल ने यह भी जानकारी दी कि आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनडीएमसी द्वारा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने द्वारा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से और मजबूत बनाएं। इस अवसर पर कुलजीत सिंह चहल ने आरडब्ल्यूए को पक्षियों के लिए मिट्टी के पानी के बर्तन (परिंडे) भी भेंट किए। उन्होंने अपील की कि भीषण गर्मी के दौरान सभी नागरिक अपने घरों, पार्कों और आसपास के खुले स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें। चहल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं की देखभाल भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी के बर्तन रखें और उन्हें नियमित रूप से भरते रहें, ताकि अधिक से अधिक पक्षियों को राहत मिल सके।उन्होंने कहा कि स्वच्छ, हरित और विकसित भारत के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा ऐसे अभियान 'विकसित भारत अ2047' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## सीएम ने बेली ब्रिज का किया निरीक्षण, करोड़ों रुपये की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। निर्धारित कार्यक्रम के तहत बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को भागलपुर पहुंचे। हवाई अड्डे पर सांसदों, जनप्रतिनिधियों और एनडीए कार्यकर्ताओं ने उनका फूलों के गुलदस्ते और नारों के साथ स्वागत किया।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। हवाई अड्डे से निकलने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री का काफिला सीधे विक्रमशिला सेतु पहुंचा। वहां उन्होंने हाल ही में निर्मित बेली ब्रिज का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पुल की संरचना, निर्माण कार्य की प्रगति और इस पर होने वाली यातायात व्यवस्था की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पुल पर



आवागमन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर पूरे शहर में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे और सभी प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहे। विक्रमशिला सेतु निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री सीधे समाहरणालय पहुंचे। यहाँ उन्होंने जिले के लिए करोड़ों रुपये की विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके साथ ही, आगामी विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर वे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री के इस भागलपुर दौरे को क्षेत्र के समग्र विकास, आधारभूत संरचना और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूती देने की दिशा में एक बेहद अहम कदम माना जा रहा है। बेली ब्रिज के शुरू होने और नई योजनाओं के शिलान्यास से स्थानीय जनता को आने वाले समय में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## बाढ़-रोधी कार्यों और आपदा प्रबंधन के लिए अग्रिम 146 करोड़ रुपये जारीः मुंडियाँ

**चंडीगढ़।** पंजाब के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने रविवार को बताया कि राज्य सरकार ने बाढ़-रोधी कार्यों तथा राज्यभर में किसी भी प्राकृतिक आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अग्रिम रूप से 146 करोड़ रुपये जारी किये हैं। श्री मुंडियॉ ने कहा कि आगामी मानसून सीज़न को ध्यान में रखते हुए तथा बाढ़ जैसी किसी भी संभावित आपदा की स्थिति से तुरंत निपटने के लिए ज़िला प्रशासनों को आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं, ताकि वे आपदा प्रबंधन के साथ-साथ संभावित बाढ़ से होने वाले नुकसान को समय रहते कम कर सकें। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पंजाब के सभी ज़िलों को 100 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है, ताकि ज़िला प्रशासन किसी भी संभावित प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न परिस्थितियों का बिना किसी देरी के प्रभावी ढंग से सामना कर सके।

## 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का शानदार आगाज, देशभर से पहुंचे 933 प्रतिभागी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ज्योतिर्मठ। चमोली जनपद की सुरम्य व सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नीति घाटी में रविवार को 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का शुभारंभ हुआ। पर्यटन विभाग ने भारतीय सेना व आईटीबीपी के सहयोग से आयोजित हुए इस अनूठे आयोजन में देश के 28 राज्यों के 933 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी ने फ्लैग ऑफ करके किया। इस अवसर पर मंत्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार सीमांत क्षेत्रों के समग्र विकास और पर्यटन संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'फिट इंडिया' मुहिम को सीमांत क्षेत्रों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना है। उन्होंने कहा कि सीमांत गांवों में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और द्वितीय रक्षा पंक्ति के गांव और अधिक मजबूत होंगे। जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का आयोजन 31 मई से 2 जून तक किया जाएगा। पहले दिन रिमखिम-नीति-मलारी 75 किलोमीटर अल्ट्रा रन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 117 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वहीं मलारी-नीति-मलारी 42 किलोमीटर अल्ट्रा रन में 118 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में 5, 10 एवं 21 किलोमीटर की हॉफ मैराथन स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समापन अवसर पर गमसाली से मलारी के मध्य 30 किलोमीटर एमटीबी चैलेंज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। आयोजन से पूर्व शनिवार रात्रि मलारी गांव में पर्यटन विभाग ने सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। लोकगायक किशन महिपाल ने लोकप्रिय लोकगीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागियों व स्थानीय लोगों ने देर रात तक उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री हरक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, भारतीय सेना एवं आईटीबीपी के अधिकारी-जवान, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## बाढ़ 2026 की तैयारी को लेकर प्रशासन अलर्ट, कोशी तटबंध के भीतर दुबियाही व मौजहा पंचायत का निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। आगामी बाढ़ 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को किशनपुर प्रखंड अंतर्गत कोशी तटबंध के भीतर स्थित दुबियाही एवं मौजहा पंचायत का एसडीएम मनोहर कुमार साहु और एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाढ़ और कटाव से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाढ़ के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएंगी। निरीक्षण दल में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) मनोहर साहु, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुपौल, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) किशनपुर, संबंधित तटबंध के पदाधिकारी, अभियंता, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। अधिकारियों ने तटबंध के भीतर बसे गांवों की भौगोलिक स्थिति, संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और कटाव की गंभीरता का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुबियाही और मौजहा पंचायत के उन इलाकों का विशेष रूप से दौरा किया जहां कोशी नदी के कटाव का खतरा बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि हर वर्ष बाढ़ और कटाव के कारण उनकी कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्र प्रभावित होते हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कटाव निरोधी कार्यों को शीघ्र शुरू करने और प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि सरकार की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कटाव प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही जिन परिवारों के विस्थापन की संभावना है, उनके पुनर्स्थापन की प्रक्रिया भी प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएगी। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने कटाव प्रभावित स्थलों पर मौजूद अभियंताओं को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जहां कटाव की आशंका अधिक है, वहां तत्काल प्रभाव से सुरक्षा एवं बचाव कार्य शुरू किए जाएं। कटाव रोकने के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने, संवेदनशील स्थलों की नियमित निगरानी करने तथा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कार्ययोजना तैयार रखने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने कहा कि बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा लगातार की जा रही है और सरकार की मंशा है कि तटबंध के भीतर रहने वाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं बरसी पर पांच जून को 'होलोकॉस्ट रिमेंबरेंस मार्च'

अमृतसर। दल खालसा ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं बरसी के अवसर पर पांच जून को 'होलोकॉस्ट रिमेंबरेंस मार्च' तथा छह जून को अमृतसर बंद का आह्वान किया है। संगठन के नेताओं ने शनिवार को कहा कि जून 1984 में श्री दरबार साहिब और अन्य गुरुद्वारों पर हुई सैन्य कार्रवाई के घाव आज भी दुनिया भर के सिख समुदाय के मन में ताजा हैं। यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दल खालसा के कार्यकारी अध्यक्ष परमजीत सिंह मंड ने कहा कि छह जून का बंद सेना कार्रवाई के दौरान मारे गए श्रद्धालुओं की स्मृति, सिख रेफरेंस लाइब्रेरी से जुड़े कथित नुकसान तथा उस दौर की पीड़ा को याद करने के लिए रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंद केवल व्यापारिक, वाणिज्यिक और शैक्षणिक संस्थानों तक सीमित रहेगा तथा यातायात और चिकित्सा सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। उन्होंने अमृतसर के हिंदू समुदाय से भी अपील की कि वे सिख समुदाय की भावनाओं को समझते हुए बंद में सहयोग करें और एकजुटता का संदेश दें।

## 'मन की बात' से प्रेरित होकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे लोगः मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 134 वें संस्करण को सुना।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'मन की बात' देशवासियों को प्रेरित करने वाला एक सशक्त मंच बन चुका है। प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरक कहानियों को साझा कर लोगों को जनहित और समाजहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नवाचार, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर प्रधानमंत्री के संदेश समाज में




सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तराखंड में भी अनेक लोग अपने कार्यों के माध्यम से समाज में उल्लेखनीय बदलाव ला रहे हैं। राज्य सरकार ऐसे प्रेरणादायी व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने, गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने और देशी एवं पारंपरिक पेयों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। साथ ही आम सहित भारतीय फलों की विशेषताओं का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने छात्रावास की छात्राओं से संवाद कर 'मन की बात' पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य रुचिकर गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास बड़े बदलावों की नींव रखते हैं। अच्छे कार्यों से अन्य लोग भी प्रेरित होकर जुड़ते हैं और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि निष्ठा और समर्पण के साथ किया गया कार्य दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। इस अवसर पर महंत दलीप सिंह रावत भी उपस्थित रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063